RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 277
नई दिल्ली, रविवार, 13 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



भारत को नई हरित क्रांति की जरूरत

राष्ट्रीय-11

# मोदी ने मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष को घेरा

## ● अविश्वास प्रस्ताव को लेकर साधा निशाना

**भाषा।** कोलाघाट

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव के दौरान संसद से बहिर्गमन करने पर विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए चर्चा से भागने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी सरकार ने विपक्ष द्वारा देश भर में फैलाई जा रही नकारात्मकता को पराजित कर दिया है। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर मणिपुर पर चर्चा के बारे में गंभीर नहीं होने का भी आरोप लगाया क्योंकि इससे उन्हें सबसे अधिक नुकसान होता।

मोदी ने कहा कि संसद में चर्चा के माध्यम से समाधान खोजने के अवसर का उपयोग नहीं किया जा सका क्योंकि विपक्षी दलों ने लोगों के कल्याण की जगह अपनी राजनीति को प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री के आरोप का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि केंद्र ने मणिपुर में अत्याचार करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल में पंचायती राज परिषद को डिजिटल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मोदी ने पिछले महीने बंगाल में हुए ग्रामीण चुनाव के दौरान विपक्ष को डराने के लिए आतंक और धमकियों का इस्तेमाल करने को लेकर राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की आलोचना भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, दो दिन पहले ही, हमने संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को हरा दिया। हमने उनके द्वारा फैलाई जा रही नकारात्मकता को पराजित किया है। विपक्ष को सदन से भागते हुए पूरे देश ने देखा है। दुर्भाग्य से, उन्होंने मणिपुर के लोगों को धोखा दिया। मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा से विपक्षी सांसदों (शेष पेज 9)



पश्चिम बंगाल में पंचायती राज परिषद को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## मणिपुर पीड़िताओं के लिए नगा महिलाओं ने की न्याय की मांग

### ● महिला आदिवासी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया, दुष्कर्म के आरोपियों को कठोर सजा देने की मांग की

**एजेंसी।** कोहिमा

**नगालैंड** में महिला आदिवासी संगठनों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया और मणिपुर में जारी जातीय संघर्ष के दौरान महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने व दुष्कर्म के आरोपियों के लिए कठोर सजा की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने मणिपुर में लोगों की हत्याएं, घरों और धार्मिक स्थलों को जलाने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र से तत्काल हस्तक्षेप करने एवं राज्य में शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने की मांग की। प्रदर्शनकारी महिलाएं बैनर और तख्तियां लिए हुई थीं जिनमें से कुछ पर लिखा था, हम महिलाओं को (निर्वस्त्र) घुमाने और सामूहिक दुष्कर्म की निंदा करते हैं, महिलाओं के अधिकारों के लिए खड़े हों, हिंसा रोकें और मरहम लगाएं, हम मणिपुर में शांति चाहते हैं, दुष्कर्म दंडात्मक अपराध है, और, दया नहीं, बलात्कारियों को सूली पर चढ़ाओ।

पीएचक्यू चौराहे पर आयोजित प्रदर्शन में नगालैंड की अंगामी, ओ, चाखेसांग, लोथ, पोचुरी, रेंगमा, सीमा और जेलियांग आदिवासी संगठनों की महिलाओं ने हिस्सा लिया और सेंट्रल नगालैंड वुमेन एसोसिएशन (सीएनडब्ल्यूए) ने इसका समर्थन किया। सीएनडब्ल्यूए अध्यक्ष अतोली सीमा (शेष पेज 9)

## राहुल ने पीएम पर हमला और तेज किया

**एजेंसी।** वायनाड

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन पर मणिपुर में हिंसा को लेकर संसद में हाल में हुई चर्चा के दौरान इस पूर्वोत्तर राज्य की समस्या का समाधान नहीं करने का आरोप लगाया। गांधी अपनी लोकसभा सदस्यता बहाल होने के बाद वायनाड की अपनी पहली यात्रा के दौरान उनके स्वागत के लिए कलपेट्टा में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) द्वारा आयोजित एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

गांधी ने कहा, वह (मोदी) दो घंटे 13 मिनट तक बोले। वह हंसे ... उन्होंने मजाक किया.. वह मुस्कुराए– –उनके मंत्रिमंडल ने ठहाके लगाए, मजाक किया और हंसे... उन्होंने खूब मस्ती की। प्रधानमंत्री ने दो घंटे में हर चीज के बारे में बात की... कांग्रेस के, मेरे, विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के बारे में बात की– लेकिन मणिपुर के बारे में केवल दो मिनट बोले। मोदी पर निशाना साधते हुए



वायनाड के कलपेट्टा में शनिवार को एक जनसभा को संबोधित करते राहुल गांधी।

गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके नेतृत्व वाली सरकार ने मणिपुर में भारत की अवधारणा (आइडिया ऑफ इंडिया) की हत्या कर दी। उन्होंने पूछा, आपने हजारों परिवारों को तबाह कर दिया है। और देश के प्रधानमंत्री के रूप में, आप हंस रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जो कोई भी भारत की अवधारणा की हत्या करता है, वह राष्ट्रवादी नहीं हो सकता। मोदी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए गांधी ने कहा, आपने भारत माता की हत्या के बारे में केवल दो मिनट बात की। आपकी ऐसा करने की हिम्मत कैसे हुई? आप भारत की (शेष पेज 9)

# सभी डॉक्टर जेनेरिक दवाएं ही लिखें: एनएनसी

## ● ऐसा न करने पर उनके खिलाफ हो सकती है दंडात्मक कार्रवाई, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने नए नियम जारी किए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने नए नियम जारी कर कहा है कि सभी चिकित्सक जेनेरिक दवाएं ही लिखें और अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। आयोग के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई के तहत एक तय समय तक लाइसेंस भी निलंबित किया जा सकता है।

एनएमसी ने अपने पंजीकृत चिकित्सकों के लिए पेशेवर आचार संबंधी नियमन में चिकित्सकों से कहा है कि वे ब्रांडेड जेनेरिक दवाएं भी लिखने से बचें। भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा 2002 में जारी किए गए नियमों के अनुरूप मौजूदा समय में भी चिकित्सकों के लिए जेनेरिक दवाएं लिखना आवश्यक है, हालांकि इसमें दंडात्मक कार्रवाई का उल्लेख नहीं था। एनएमसी द्वारा दो अगस्त को अधिसूचित नियमों में कहा गया कि भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा पर होने वाले व्यय का बड़ा हिस्सा दवाओं पर खर्च कर रहा है। इसमें में कहा, जेनेरिक दवांए ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले 30 (शेष पेज 9)



### डॉक्टर के पर्चे के बिना बेची जाने वाली उपचारात्मक श्रेणियों वाली दवाओं की सूची तैयार

**नई दिल्ली( भाषा)।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने अपने नए अधिसूचित नियमों में पहली बार दवाओं की उपचारात्मक श्रेणियों की एक सूची प्रदान की है जिन्हें डॉक्टर के पर्चे बिना बेचा जा सकता है। हालांकि, सूची विशिष्ट दवाओं के नाम प्रदान नहीं करती है। एनएमसी ने दो अगस्त को जारी अपने पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर्स के व्यावसायिक आचरण से संबंधित विनियम में कहा कि ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) दवाओं को कानूनी रूप से डॉक्टर के पर्चे के बिना बेचने की अनुमति है। एनएमसी विनियमन में उल्लिखित ओटीसी चिकित्सीय श्रेणियों की सूची में बवासीर रोधी दवाएं, (शेष पेज 9)

# निलंबन के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जा सकता हूं: अधीर

## ● कहा- संसद में उपमा के रूप में कुछ शब्दों का इस्तेमाल किया था, किसी का अपमान करना मकसद नहीं था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को कहा कि जरूरत हुई तो वह लोकसभा से अपने निलंबन के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख कर सकते हैं और इस संदर्भ में विचार-विमर्श चल रहा है।

उन्होंने संवाददाताओं से यह भी कहा कि लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने उपमा के रूप में कुछ शब्दों का इस्तेमाल किया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या किसी भी व्यक्ति का अपमान करना उनका मकसद नहीं था। लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी ने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि उन्हें पहले फांसी पर चढ़ा दिया गया और फिर कहा जा रहा है कि मुकदमा चलाएंगे। संसद के निचले सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर की गई कुछ टिप्पणियों और उनके आचरण को लेकर बृहस्पतिवार को उन्हें सदन से निलंबित कर दिया गया था तथा उनके खिलाफ इस मामले को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया गया। चौधरी ने एक सवाल के जवाब में शनिवार को कहा, जरूरत पड़ी तो उच्चतम न्यायालय जा सकते हैं...विचार विमर्श कर रहे हैं। उनका यह भी कहना था, मुझे जब भी संसद की विशेषाधिकार समिति के पास बुलाया जाएगा, तो मैं जरूर जाऊंगा।

हम लोग सभी नियमों और परंपराओं को मानकर चलते हैं। चौधरी ने कहा, पहले फांसी दे दी गई और फिर मुकदमे का सामना करना है। अजीबोगरीब स्थिति है। उनके मुताबिक, उन्होंने उपमा के तौर पर कुछ शब्दों का इस्तेमाल किया जिनका मकसद किसी (शेष पेज 9)

# सात नए कानूनों को राष्ट्रपति की मंजूरी

## ● दिल्ली सेवा विधेयक समेत सातों कानूनों से संबंधित गजट अधिसूचना जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** द्वारा इस सप्ताह पारित दिल्ली में सेवाओं के मामले के नियंत्रण से संबंधित विधेयक सहित सात नए कानून राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के बाद शनिवार को लागू हो गए। इन अधिनियमों से संबंधित गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है।

जो कानून लागू हो गए हैं, उनमें जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम, 2023, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम, 2023, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023, जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 शामिल हैं। इनके अलावा, भारतीय प्रबंधन



संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2023, राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2023 और अपतटीय क्षेत्र खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023 भी लागू हो चुके हैं। पिछले सप्ताह भी, संसद द्वारा पारित होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी दिए जाने के बाद सात नए कानून प्रभावी हो गए।

ये कानून थे- खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023, सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) अधिनियम, 2023, वन (संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2023। इसके अलावा, इनमें संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 2023, संविधान (शेष पेज 9)

# अनवार-उल-हक पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त

**भाषा।** इस्लामाबाद

**सीनेट** सदस्य अनवार-उल-हक काकड़ को पाकिस्तान में आगामी आम चुनाव होने तक, शनिवार को देश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के मुताबिक, निवर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और भंग की जा चुकी नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता राजा रियाज अहमद के बीच विचार-विमर्श के अंतिम दिन काकड़ के नाम पर सहमति बनी।

बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता ने संयुक्त रूप से (काकड़ को नियुक्त करने की) सलाह पर हस्ताक्षर किए और उसे राष्ट्रपति को भेज दिया। काकड़ (52 वर्षीय) बलूचिस्तान प्रांत के एक पश्तून हैं और बलूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी) के सदस्य हैं। यह पार्टी देश के शक्तिशाली प्रतिष्ठान (सेना) के करीब मानी जाती है। अपनी प्रथम प्रतिक्रिया में, काकड़ ने ट्वीट किया, अल्लाह का शुक्रगुजार



हूं, जिन्होंने पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र की सेवा करने का मुझे अवसर दिया। इंशाअल्ला अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा, जो पाकिस्तान के हित में होगा।

मीडिया से बात करते हुए विपक्ष के नेता रियाज ने कहा, हमने फैसला किया कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री एक छोटे प्रांत से होंगे। उन्होंने कहा, काकड़ के नाम का सुझाव उन्होंने ही दिया, जिसे मंजूर कर लिया गया। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने संविधान के अनुच्छेद 224(1ए) के तहत कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर काकड़ की नियुक्ति की मंजूरी दी। शहबाज ने परामर्श प्रक्रिया के दौरान सहयोग और पिछले 16 महीने के दौरान विपक्ष के शानदार नेतृत्व को लेकर रियाज का शुक्रिया अदा किया। पूर्व सूचना मंत्री मरयम औरंगजेब ने भी पुष्टि की कि प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता के बीच चर्चा के दौरान काकड़ का नाम आम सहमति वाले उम्मीदवार के रूप में उभरा।

नेशनल असेंबली नौ अगस्त को भंग किए जाने के बाद, कार्यवाहक प्रधानमंत्री चुनने के लिए शहबाज शरीफ और विपक्षी दलों के बीच बैठकों का दौर शुरू हुआ था। काकड़ 2018 में सीनेट (पाकिस्तानी संसद के उच्च सदन) के लिए चुने गए थे और वह एक बहुत सक्रिय राजनेता रहे हैं। वह उच्च सदन में आने से पहले बलूचिस्तान प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता भी रह चुके हैं। काकड़ ने राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है और वह बलूचिस्तान विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं। देश (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर प्रियंका वाद्रा पर एफआईआर

**भोपाल, इंदौर।** मध्य प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप वाले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर भाजपा ने इंदौर में प्रियंका और कमलनाथ समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। इस मामले में ग्वालियर में भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इससे पहले दिन में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस महासचिव के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर इंदौर में प्रियंका, कमलनाथ और अरुण यादव सरीखे कांग्रेस नेताओ पर प्राथमिकी दर्ज की गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रामसनेही मिश्रा ने बताया कि थाने में ज्ञानेंद्र अवस्थी और अन्य के साथ ही संबंधित ट्विटर हैंडल पर दर्ज नाम के आधार पर प्रियंका, कमलनाथ और अरुण यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह प्राथमिकी भाजपा के विधि प्रकोष्ठ की इंदौर इकाई के संयोजक नीमेष पाठक की शिकायत पर भारतीय दंड विधान की धारा 420 (धोखाधड़ी) और धारा 469 (ख्याति को नुकसान पहुंचाने के इरादे से जालसाजी) के तहत दर्ज की गई है।

# घरेलू हिंसा व पड़ोसियों से झगड़े की शिकायतें सबसे अधिक

## ● दिल्ली महिला आयोग की 181 हेल्पलाइन पर एक साल में आई विभिन्न मामलों की 6.3 लाख कॉल: मालीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** की राजधानी दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति क्या है, इसका खुलासा एक ताजा रिपोर्ट में हुआ है। आंकड़े बहुत चौंकाने और चिंतित करने वाले हैं।

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के हेल्पलाइन नंबर 181 पर पिछले एक साल में (जुलाई 2022 से जून 2023 के बीच) 6.30 लाख से ज्यादा बार फोन किया गया। यानी इतनी बड़ी संख्या में महिला



आयोग से मदद मांगी गई। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में स्वयं यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन के माध्यम से इस अवधि के दौरान घरेलू हिंसा, पड़ोसियों के साथ संघर्ष, दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न, यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉस्को), अपहरण तथा साइबर अपराध जैसे 92,004 विशेष मामले दर्ज किए गए। रिपोर्ट इस बात की ओर सीधा संकेत है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए राजधानी में यौन हमले, पड़ोसियों के साथ झगड़े, घरेलू हिंसा व साइबर अपराध रोकने की जरूरत है। क्योंकि, रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि महिला आयोग की हेल्पलाइन पर गई शिकायतों में सबसे ज्यादा 38,342 घरेलू हिंसा से संबंधित थीं।

इसके बाद पड़ोसियों से झगड़े की शिकायतें 9,516 रहीं जबकि दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न की शिकायतें 5,895 आईं। इनके अलवा अपहरण की 4229, पॉक्सो की 3,647 एवं साइबर क्राइम से संबंधित 3558 शिकायतें महिला आयोग की हेल्पलाइन पर की गईं। रिपोर्ट यह भी कहती है कि सबसे ज्यादा 38,140 शिकायतें 21 से 31 साल उम्र वाली महिलाओं से मिलीं और 16,939 शिकायतें 11 से 20 साल की उम्र की लड़कियों की आईं। इसी प्रकार 31 से 40 साल उम्र की महिलाओं से 20,000 शिकायतें (शेष पेज 9)

# भारत रिकॉर्ड चौथी बार बना एशियाई हॉकी का बादशाह

## ● फाइनल में मलेशिया को 4-3 से हराया

**भाषा।** चेन्नई

**भारत** ने दो गोल से पिछड़ने के बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में शानदार वापसी करके शनिवार को यहां मलेशिया को 4-3 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी प्रतियोगिता का खिताब जीता और हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया। भारत तीसरे क्वार्टर के अंतिम मिनट तक 1-3 से पीछे चल रहा था लेकिन इसके बाद उसने आखिरी 16 मिनट में मैच का पासा पलटने में देर नहीं लगाई।

भारत ने पहले 30 सेकंड के अंदर दो गोल किए और फिर आखिरी क्वार्टर में निर्णायक बढ़त हासिल की। भारत का यह चौथा खिताब है और उसने पाकिस्तान (तीन खिताब) को पीछे छोड़ा। भारत के लिए जुगराज सिंह (नौवें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह



(45वें), गुरजंत सिंह (45वें) और आकाशदीप सिंह (56वें) ने जबकि मलेशिया की तरफ से अबू कमाल अजराई (14वें), रहीम राजी (18वें) और मोहम्मद अमीनुदीन (28वें) ने गोल किए। मलेशिया ने खेल शुरू होते हैं दबाव बनाने की रणनीति अपनाई तथा उसके स्टार खिलाड़ी अजराई ने पहले मिनट में ही भारतीय गोल में सेंध लगाने की नाकाम कोशिश की। भारतीय टीम ने हालांकि जल्द ही अपनी लय पकड़ी और आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे जुगराज ने ताकतवर ड्रैग फ्लिक से गोल में बदला। कप्तान हरमनप्रीत सिंह उस समय मैदान में नहीं थे लेकिन जुगराज ने उनकी कमी नहीं खलने दी।

मलेशिया ने हालांकि भारत की बढ़त ज्यादा देर तक नहीं रहने दी। अजुआन हसन ने सर्किल के बाहर गेंद पर नियंत्रण बनाया और उसे गोलमुख के पास खड़े अजराई तक पहुंचाया जिन्होंने गोल करने में कोई देरी नहीं लगाई। भारत ने पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन हार्दिक सिंह के खराब प्रयास से वह उनका फायदा नहीं उठा पाया। मलेशिया ने दूसरे क्वार्टर में अच्छी शुरुआत की तथा उसके जवाबी हमले के सामने भारत अपनी लय खो बैठा। मलेशिया ने जल्द ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। भारत ने रेफरी के इस फैसले पर अपना एक रेफरल भी गंवाया। रहीम (शेष पेज 9)

# रैपिडएक्स की सुरक्षा संभालेगी यूपीएसएसएफ

## मेरठ और गाजियाबाद में दो थाने और हर स्टेशन पर पुलिस चौकी, सीआईएसएफ जैसे ट्रेंड हैं ये जवान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बेहद जल्द प्रारंभ होने जा रही देश की पहली रीजनल रैपिड रेल (रैपिडएक्स) के स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल संभालेगा। इसके जवान यूपी पुलिस से ही लिए गए हैं, लेकिन इन्हें सीआईएसएफ जवानों की तरह ट्रेंड किया गया है। दिल्ली से मेरठ के बीच इसके दो पुलिस स्टेशन खुलेंगे और 10 से ज्यादा पुलिस चौकियां स्थापित होंगी। हर स्टेशन पर एक चौकी बनाने का प्लान है।

दिल्ली के सराय काले खां से प्रारंभ होकर मेरठ के मोदीपुरम तक जाने वाली रैपिडएक्स के 82 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर कुल 24 स्टेशन हैं। दो डिपो बनाए गए हैं। जिनमें एक दुहाई और दूसरा मोदीपुरम है। मेरठ की मेट्रो ट्रेन मोदीपुरम डिपो में खड़ी होंगी तो



फाइल फोटो

बाकी रैपिडएक्स ट्रेनों को दुहाई डिपो पर खड़े करने की व्यवस्था है। फ र्स्ट फेज में रैपिडएक्स का संचालन गाजियाबाद के दुहाई डिपो से साहिबाबाद स्टेशन तक होना है, जिसकी दूरी करीब 17 ज्ञड है। कहा जा रहा है कि फ र्स्ट फेज की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, सिर्फ उदघाटन के लिए पीएमओ से कार्यक्रम मिलने का इंतजार हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया, रैपिड एक्स के सभी स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के हाथों में होगी। यूपीएसएसएफ के जवान भी यूपी पुलिस से ही लिए गए हैं। इनकी ट्रेनिंग विभिन्न जनपदों में पहले ही कराई जा चुकी है।

इन जवानों को एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ की तरह तैयार किया गया है। ये जवान डोर फ्रे म मेटल डिटेक्टर से हर यात्री को गुजारने के बाद ही स्टेशन के अंदर एंट्री देंगे। इन जवानों को हर उस चीज में परिपक्व किया गया है, जो सीआईएसएफ के जवान जानते हैं। इसके लिए इनकी ट्रेनिंग मेरठ.सहारनपुर में हुई थी। गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पर इन्हीं यूपीएसएसएफ जवानों की तैनाती हुई है। नोएडा के 21 मेट्रो स्टेशनों पर भी करीब ढाई सौ से ज्यादा यही जवान तैनात किए जा चुके हैं। यूपी सरकार चाहती है कि अपने राज्य के सभी एयरपोर्ट और मेट्रो स्टेशनों की सुरक्षा यूपीएसएसएफ के हाथों में हो। रैपिडएक्स के लिए फि लहाल दो स्टेशन स्वीकृत हुए हैं। इसमें एक मेरठ और दूसरा गाजियाबाद में खुलेगा। जबकि प्रत्येक स्टेशन पर एक पुलिस चौकी का प्रावधान किया गया है। माना जा रहा है कि गाजियाबाद-मेरठ में करीब 10 से ज्यादा पुलिस चौकियां खुलेंगी। दरअसल, मेरठ जोन के एडीजी राजीव सभरवाल ने भी पूर्व में एक प्रस्ताव शासन को भेजा था कि रैपिडएक्स स्टेशनों की सुरक्षा में यूपीएसएसएफ के जवान तैनात किए जाएं। जिसके बाद इस दिशा में तेजी से काम शुरू हुआ।

# संक्षिप्त समाचार



टावर से बैट्री चोरी करने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### टावर से बैट्री चोरी करने वाले 8 गिरफ्तार

**नोएडा।** मोबाइल टावरों से बैट्रियां और सेल चोरी करने वाले गिरोह के आठ लोगों को थाना सेक्टर.24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से मोबाइल टावरों की चोरी की हुई 30 बैट्रियां चोरी करने के औजार, 39 हजार 190 रुपए व दो अदद नाजायज चाकू व घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी बरामद किया गया है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि 7 अगस्त को एक सूचना मिली थी कि सेक्टर 25ए की ग्रीन बेल्ट मे लगे इण्डस मोबाइल टॉवर से अज्ञात चोरो ने 24 बैट्रियां चोरी की है। इसकी एक एफ्आईआर भी कोतवाली सेक्टर.24 में दर्ज किया गया। जिसके बाद पुलिस ने इलेक्ट्रानिक इंटेलिजेंस और मुखबिर की जानकारी पर आठ लोगों को सेक्टर.11 से गिरफ्तार किया। इनकी पहचान मौहम्मद जकी उर्फ कलुआ, नदीम पुत्र मुकर्रम, निर्दोष पुत्र देवपाल, गोविंदा, मुरारी पुत्र उदयवीर, रामवीर पुत्र धर्मपाल, विकास उर्फ विक्की और मौहम्मद कासिम पुत्र मौहम्मद इनामी के रूप में हुई है। डीसीपी ने बताया कि इनका क्रिमिनल रिकार्ड 2008 से है। इसके पहले भी ये लोग घटनाएं कर रहे है। इन लोगों ने मिलकर दिल्ली के सराय काले खां, आईपी स्टेट, नांगलोई, मंडावली आदि क्षेत्र में कई घटनाएं की है। चार महीने से नोएडा में ये सक्रिय हुए थे। सर्विस प्रोवाइडर की शिकायत के बाद पुलिस ने इनको गिरफ्तार किया।

### मुरादनगर में आसपा की बैठक संपन्न

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में आजाद समाज पार्टी कांशीराम की पश्चिमांचल के 6 मंडलों की एक मीटिंग अग्रसेन मार्केट स्थित एक फा र्म हाउस में संपन्न हुई। जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी मंडल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष संगठन के पदाधिकारी उपस्थित हुए। मीटिंग में प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ ने सभी पदाधिकारी से संगठन को जमीनी स्तर तक ले जाने का कहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की 9 अक्टूबर को कांशीराम के महापरिनिर्वाण दिवस पर नगीना धामपुर बिजनौर में एक भव्य रैली के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। मीटिंग में पश्चिम प्रभारी निजाम चौधरी ने कहा कि अब बहुजनों, पिछड़ों एवं मुसलमानों की पार्टी आसपा है। आने वाला वक्त आसपा का होगा। बसपा से आब लोगों का मोहभंग हो चुका है। बसपा सिर्फ धन एकत्रित कर कांशीराम साहब के मिशन को बर्बाद करने में बहुजनों को गड्ढे में डालने वाली पार्टी बीजेपी की बी टीम बनकर रह गई है। निजाम चौधरी ने कहा कि सभी लोग अब केवल मिशन के लिए कम करें। मीटिंग का संचालन संजय जाटव प्रदेश कोर कमेटी ने किया।

### महिलाओं ने शराब के ठेके पर लगाई थी आग

गाजियाबाद। मोदीनगर के गांव खिदौड़ा में झलावा मार्ग स्थित शराब के ठेके को महिलाओं ने आग के हवाले कर दिया था। इस मामले में चार नामजद सहित 15 अज्ञात के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की पांच टीमों का गठन किया गया है। आबकारी विभाग द्वारा गांव खिदौड़ा में देसी शराब का ठेका खोला गया है। ठेका गाजियाबाद की डूडाहेड़ा निवासी मंजू त्यागी के नाम पर पंजीकृत है। ठेके पर पकंज त्यागी सैल्समेन तैनात है। शराब का ठेका गांव खिदौड़ा में छलावा मार्ग पर एक खेत में मेड बनाकर खोखा में खोला गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले यह शराब का ठेका गांव छलावा में खोला गया था। वहां पर सिर्फ 15 दिन ही ठेके का संचालन हुआ। 22 जून को ठेका गांव खिदोड़ा में खोला गया। गांव खिदौड़ा की महिलाओं का आरोप है कि पहली बार गांव में शराब का ठेका खोला गया है।

# जालसाजों ने जमीन के सौदे के नाम पर कारोबारी से हड़पे 71.80 लाख रुपये

- सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जमीन बेचने के नाम पर जलसाजों ने व्यवसाई से 71 लाख 80 हजार रुपये हड़प लिए और बैनामा नहीं किया।

पीड़ित ने जब पैसे वापस लौटाने अथवा बैनामा करने के लिए कहा तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने थाना बीटा.2 में 5 नामजद सहित सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट, षड्यंत्र रचने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम ददसिया जनपद फ रीदाबाद निवासी दिनेश त्यागी ने बताया कि वह मैसेज डी क्रिश हनु इंफ्र ास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का डायरेक्टर है। उसने ग्राम नंगली वाजिदपुर निवासी महेंद्र सिंह अजीत सिंह मनोज कमला देवी राजवीर से जमीन खरीदने के लिए सौदा किया था। जमीन खरीदने की एवज में उसने 71 लाख 80 हजार रूपये आरोपियों के खातों में ट्रांसफर कर दिए थे।

रजिस्ट्री के लिए भी उसने कई लाख रुपये के स्टांप पेपर खरीद लिए थे। रजिस्ट्री के लिए जब रजिस्टर ऑफि स पहुंचा तो आरोपियों ने कहा कि वह बैनामा के पेपरों को अपने वकील से पढ़वाना चाहते हैं और इसके बाद पेपर लेकर चले गए। कुछ समय बाद उसने जब फोन पर संपर्क किया तो पांचों आरोपियों ने कहा कि उनके वकील ने कार्यों में कमी बताई है। पहले वह संतुष्ट हो जाए उसके बाद आकर बैनामा कर देंगे। व्यवसाई के मुताबिक आरोपी उसे बैनामा के लिए टालते रहे। 24 अप्रैल 2023 को वह नोएडा के गामा 2 सेक्टर स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय पर नकल निकलवाने के लिए गया तो पता चला कि पांचों आरोपी अपनी जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेचने के लिए आए हुए हैं। कारोबारी ने बताया कि उसने जब उनसे बैनामा करने अथवा पैसे वापस दिए जाने की मांग की तो सभी लोग आग बबूला हो गए। इन लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। पीड़ित के मुताबिक उसने थाना में आरोपियों के खिलाफशिकायत की लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो न्यायालय में वाद दायर कर आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई।

# वीडियो कॉल पर पिता से की बात फिर बेटे ने फांसी लगाकर दी जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

वीडियो कॉल पर बेटे ने अपने पिता से बात की और बाद में फ ांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक का शव सेक्टर-37 के अरूण विहार गेट नंबर-1 की ग्रीन बेल्ट के पेड़ से लटका मिला।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। युवक की पहचान ओम प्रकाश प्रजापति 25 पुत्र नंदराम प्रजापति निवासी छतरपुर के रूप में हुई है। ओम प्रकाश परिवार के साथ सेक्टर-37 में रहता था। युवक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि ओम प्रकाश शराब पीने का आदी था। वो बहुत ज्यादा शराब पीता था। इसी वजह से आए दिन घर में झगड़ा होता था। शुक्रवार को भी उसने पहले शराब पी। इसके बाद वीडियो कॉल पर पिता और घर के अन्य लोगों से बातचीत की। पिता नंद राम उसे घर बुलाते रहे लेकिन वो नहीं माना। सुबह उसकी मौत की सूचना परिजनों को मिली। ओम प्रकाश नोएडा में ही लेबर का काम करता था। उसकी शादी हो चुकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है। हालांकि प्राथमिक जांच में फ ांसी लगाकर आत्महत्या करने की पुष्टि हुई है।

### पति से विवाद के बाद महिला ने की आत्महत्या

**गाजियाबाद।** मोदीनगर की आयुध निर्माणी फैक्ट्री परिसर स्थित न्यू टाईप कॉलोनी में सुबह एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बच्चे को दूध पिलाने के विवाद को लेकर पति पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आयुध निर्माणी फैक्ट्री कर्मचारी पारितोष 23 साल की पत्नी पूजा व डेढ़ साल के बच्चे के साथ न्यू टाईप कॉलोनी में रहते हैं। बताया जा रहा है कि पारितोष सुबह अपने बच्चे को बाहर खिला रहा था। जब वह अंदर गया तो दरवाजा बंद था। दरवाजा तोड़कर जब अंदर गए तो देखा कि उनकी पत्नी पूजा का शव पंखे से लटक हुआ था। शव को नीचे उतारकर तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### युवक की हत्या करने के आरोप में दो नाबालिग समेत सात पकड़े गए

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के थाना सूरजपुर क्षेत्र से एक युवक को अगवा कर उसकी हत्या करने के आरोप में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) राजीव दीक्षित ने बताया कि आठ अगस्त को सूरजपुर कस्बे के दीपक (25) को कुछ लोगों ने अगवा कर लिया था।

घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस को मथुरा पुलिस से एक फोटो मिली जिसके आधार पर उसे यह पता चला कि अगवा किए गए युवक दीपक की हत्या कर दी गई है और शव को नहर में फेंका गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने परिजन के साथ मथुरा जाकर शव की शिनाख्त की और परिजन की शिकायत पर अनिल, सनी, पपाया उर्फ गौरव, गोल्डी, रॉकी तथा दो नाबालिगों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि पूछताछ से पता चला कि अनिल के पिता के खिलाफ दीपक ने कुछ समय पूर्व पुलिस में मामला दर्ज कराया था और इससे अनिल उससे रंजिश मानता था। उन्होंने बताया कि उसने अपने दोस्तों के साथ मिल कर दीपक को आठ अगस्त को अगवा किया और उसकी हत्या करके शव को नहर में फेंक दिया।

**यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 66, सेक्टर-34, ईएचटीपी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
सीआईएन : एल17100एचआर1983पीएलसी033460, ई-मेल : investorrelations@ulilltd.com,
वेबसाइट : www.ulilltd.com, फोन : 011-26253522

30-06-2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(रू. लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | वित्तीय वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-06-2023 (अलेखापरीक्षित) | 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) | 30-06-2022 (अलेखापरीक्षित) | 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 124.41 | 111.47 | 200.44 | 1,044.46 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर, अपवादात्मक मदों से पहले | 38.56 | (7.75) | 15.72 | 55.59 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले, अपवादात्मक मदों के बाद | 13.79 | (7.75) | 15.72 | 55.59 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | 13.79 | (4.51) | 15.72 | 43.00 |
| 5. | कुल समावेशी आय | - | - | - | - |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| 7. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (वार्षिककृत नहीं) | | | | |
| | क) मूल | 0.46 | (0.15) | 0.52 | 1.43 |
| | ख) तनुकृत | 0.46 | (0.15) | 0.52 | 1.43 |

नोट्स :-
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.rlfltd.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त पूर्व अवधियों के आंकड़े पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत/पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं, जहां कहीं आवश्यक समझा गया है।

वास्ते यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
हरीश रावत
(निदेशक एवं सीएफसी)
डीआईएन : 0691865

स्थान : गुरूग्राम, हरियाणा
तिथि : 12-08-2023

**RATHI STEEL AND POWER LIMITED**
Regd. Office: 24/1-A, Mohan Cooperative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi-110044
CIN: L27109DL1971PLC005905
web: www.rathisteelandpower.com e-mail:investors@rathisteelandpower.com Tel: 011- 40512426

Extract of Unaudited Statement of Financial Results for the quarter ended 30th June 2023

(in Lacs)

| SL. No. | PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2023 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) | 30.06.2022 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) | 31.03.2022 (Audited) |
| 1 | Total income from operations (net) | 14,894.90 | 16,688.71 | 19,192.90 | 72,756.98 | 54,577.56 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional and / or extraordinary item. | 179.35 | 511.93 | 227.72 | 1,225.35 | 462.49 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (before Extraordinary items) | 179.35 | 511.93 | 227.72 | 1,225.35 | 462.49 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 179.35 | 8,033.75 | 227.72 | 8,747.17 | (3,648.86) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 227.55 | 8,050.18 | 264.65 | 8,764.54 | (3,607.54) |
| 6 | Equity Share Capital | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | -- | -- | -- | -- | -- |
| 8 | Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs.10/- each) | | | | | |
| | a) Basic : | 0.57 | 25.58 | 0.73 | 27.86 | (11.65) |
| | b) Diluted: | 0.57 | 25.58 | 0.73 | 27.86 | (11.65) |

The above is an extract of the detailed format of Statement of Audited Financial Results for the quarter ended on 30th June 2023 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Statement Financial Results are available on the websites of the BSE Limited (www.bseindia.com).
The above financial results were reviewed by the audit committee and approved by Board of Directors of the Company at their meeting held on 12-08-2023

For and on behalf of Board
Sd/-
(PREM NARAIN VARSHNEY)
MANAGING DIRECTOR
DIN: 00012709

Date: 12-08-2023,
Place: New Delhi

**सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड**
सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी061995
पंजी. कार्यालय : एनएस-92, खसरा नंबर 33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़, निकट अर्जुन पार्क बस स्टैंड, नई दिल्ली-110043
ई-मेल आईडी : superiorfinlease@gmail.com; वेबसाइट : www.superiorfinlease.com
30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-06-23 अलेखापरीक्षित | 31-03-23 लेखापरीक्षित | 30-06-22 अलेखापरीक्षित | 31-03-23 लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 34.38 | 85.59 | 50.17 | 223.81 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | -6.21 | 7.42 | 12.29 | 45.08 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | -6.21 | 7.42 | 12.29 | 45.08 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | -6.21 | 7.42 | 12.29 | 33.36 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | -6.21 | 7.42 | 12.29 | 33.36 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | ₹ 3.31 | ₹ 3.31 | ₹ 3.31 | ₹ 3.31 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) | | | | |
| | (क) मूल (रू. में) | -0.02 | 0.02 | 0.04 | 0.11 |
| | (ख) तनुकृत (रू. में) | -0.02 | 0.02 | 0.04 | 0.11 |

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.msei.in तथा www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट www.superiorfinlease.com पर उपलब्ध है।

वास्ते सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता./-
(रजनीश कुमार)
निदेशक
डीआईएन : 02463693

तिथि : 11-08-2023
स्थान : नई दिल्ली

**जिंदल लीजफिन लिमिटेड**
सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी059252
पंजी. कार्यालय : 110, बाबर रोड, नई दिल्ली-110001

30-06-2023 को समाप्त तिमाही हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2023 अलेखापरीक्षित | 31.03.2023 लेखापरीक्षित | 30.06.2022 अलेखापरीक्षित | 31.03.2023 लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | - | 0.76 | - | 0.76 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व#) | -5.36 | -1.48 | -5.22 | -11.92 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद#) | -5.36 | -1.48 | -5.22 | -11.92 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद#) | -7.03 | -1.13 | 3.39 | -10.1 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 5.29 | 8.83 | 4.22 | 5.36 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | 500.66 | 495.37 | 494.24 | 495.37 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक) (वार्षिककृत नहीं) | | | | |
| | 1. मूल | -0.23 | -0.04 | -0.21 | -0.34 |
| | 2. तनुकृत | -0.23 | -0.04 | -0.21 | -0.34 |

नोट :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है। उक्त विवरण कम्पनी की वेबसाइट www.jlltd.co.in पर भी उपलब्ध है।
2. लेखापरीक्षा समिति द्वारा सम्यक् पुनरीक्षित उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा 12-08-2023 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए थे।

वास्ते जिंदल लीजफिन लिमिटेड
हस्ता./-
सुरेन्द्र कुमार जिंदल
प्रबंध निदेशक

तिथि : 12-08-2023
स्थान : नई दिल्ली

# स्वतंत्रता दिवस पर नोएडा के बहादुरों को मिलेगा बड़ा इनाम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

वर्ष 2023 के स्वतंत्रता दिवस को मनाने के लिए यूपी पुलिस की ओर से जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। इन्हीं तैयारियों के बीच राज्य शासन की ओर से एक सूची जारी की गई है, जिसमें शौर्य की गाथा लिखने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष रुप से सम्मानित किया जाएगा।

पूरे यूपी में 32 पुलिस कर्मियों को राज्य के पुलिस महानिदेशक डीपीपी सम्मानित करेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित होने वाले पुलिस कर्मियों में 3 पुलिस कर्मी नोएडा के भी शामिल हैं। उन्हें यह सम्मान कार्य के प्रति लगन, परिश्रम और निष्ठा के साथ साथ अपने ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर पर प्रदान किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 को जिन पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें नोएडा गौतमबुद्धनगर के तीन पुलिस कर्मी शामिल हैं। जिनमें से दो को गोल्ड मैडल तथा एक को सिल्वर मेडल प्रदान किया जाएगा।

निरीक्षक यतेंद्र कुमार और मुख्य आरक्षी संजीव कुमार को गोल्ड मैडल प्रदान किया जाएगा, जबकि आरक्षी पुनीत कुमार को सिल्वर मेडल मिलेगा।

### सम्मानित होने वालों की सूची

1. यतेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर, गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट, गोल्ड
2. संजीव कुमार, हेड कॉन्सटेबल, गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट, गोल्ड
3. पुनीत कुमार, कॉन्स्टेबल, गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट, सिल्वर

# फर्जी कंपनियां बनाकर बैंकों से 15 करोड़ का लोन हड़पा

- नोएडा एसटीएफ ने मामले में पांच धरे



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नोएडा एसटीएफ ने गाजियाबाद से ऐसा गैंग पकड़ा है जो फर्जी कंपनियां बनाकर बैंकों से होम लोन लेता था। एक महिला सहित छह लोग शनिवार को गिरफ्तार हुए हैं। इस धंधे में कुछ बिल्डर भी शामिल थे।

एसटीएफ अभी तक ऐसे 15 करोड़ रुपए के लोन को ट्रेस कर पाई है, जो फर्जी कंपनियां बनाकर हासिल किया गया। अएसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया, पकड़े गए आरोपी हरीकिशन, विष्णु, प्रीति चौबे, ऋषभ चौबे, सूर्या करदोंग और संजीव कुमार हैं। वर्तमान में ये सभी गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रह रहे थे। हरीकिशन और विष्णु मूल रूप से केरल के रहने वाले हैं। आरोपियों से 58 चेकबुक, 6 फर्जी आधार कार्ड, 8 बैंक पासबुक, 8 फर्जी पेनकार्ड, 31 डेबिट.क्रेडिट कार्ड, फाइनेंस कराई हुई चार गाड़ियां रिकवर की हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी इंदिरापुरम क्षेत्र से हुई है। जिसके बाद इनके विरुद्ध थाना कविनगर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी ऋषभ चौबे, संजीव और हरी ने टेक महिंद्रा के कॉल सेंटर नोएडा में एकसाथ जॉब की है। ऋषभ की मां प्रीति चौबे के दोस्त अजय कुमार ने ही इस पूरे गैंग को फर्जी प्रोफ इल फंडिंग का काम सिखाया गया था। इस गैंग ने फर्जी कंपनी बनाई। प्रीति चौबे को इसका डायरेक्टर बनाया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड की ओर से मुद्रित एवं प्रकाशित, 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 13 अगस्त , 2023






# सेवा विधेयक बना कानून, बढ़ा दिल्ली पर केंद्र सरकार का नियंत्रण

- दिल्ली सेवा विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में ग्रुप-ए अधिकारियों की तैनाती एवं तबादले के लिए एक प्राधिकरण के गठन और ऐसी नियुक्तियों पर केंद्र सरकार को प्रधानता देने संबंधी प्रावधानों वाले दिल्ली सेवा विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है।

विधि एवं न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम 2023 को अपनी स्वीकृति दे दी है। एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ ही यह विधेयक कानून में तब्दील हो गया, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश, 2023 का स्थान लेगा।संबंधित विधेयक तीन अगस्त को लोकसभा से और सात अगस्त को राज्यसभा से पारित हुआ था। यह अधिनियम दिल्ली के उपराज्यपाल को राष्ट्रीय राजधानी के अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती को लेकर अंतिम अधिकार देता है और सेवाओं पर केंद्र सरकार के नियंत्रण को मजबूत करता है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने 11 मई को फैसला सुनाया था कि राष्ट्रीय राजधानी में सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस और भूमि से संबंधित मामलों पर केंद्र सरकार का, जबकि सेवाओं पर दिल्ली की निर्वाचित सरकार का नियंत्रण होगा। इसके बाद केंद्र सरकार 19 मई को दिल्ली में ग्रुप-ए के अधिकारियों की तैनाती और तबादले को लेकर एक प्राधिकरण बनाने के वास्ते अध्यादेश लेकर आई थी। यह अधिनियम अखिल भारतीय सेवाओं और दानिक्स से संबंधित अधिकारियों की नियुक्ति के मामले में केंद्र सरकार को तरजीह देता है। प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित विधेयक दिल्ली के लिए क्यों जरूरी है। इस मुद्दे पर पूर्व नौकरशाहों ने इसकी बारिकियों को समझाने की कोशिश की है। इसमें उपराज्यपाल को शहर सरकार के अधिकारियों के तबादले एवं तैनाती पर अंतिम अधिकार प्रदान करने का प्रावधान है। इससे शासन में बाधा डालने वाला हर तरह का भ्रम खत्म हो जाएगा। इस मामले में दिल्ली पूर्व मुख्य सचिव पी के त्रिपाठी से विधेयक के बारे में पूछे जाने पर कहा कि शासन के मामलों में स्पष्टता होनी चाहिए। यदि नौकरशाही के बीच आधिकारिक कमान को लेकर कोई भ्रम हुआ तो शासन को नुकसान होगा। स्पष्टता का अभाव शासन में बाधा डालता है। इसके लागू होने से यह मिथ भी टूटेगा कि मुख्यमंत्री का नौकरशाही पर नियंत्रण होना चाहिए अन्यथा वह शासन और विकास संबंधी कार्यों को लागू नहीं कर पाएंगे। तथ्य यह है कि दिल्ली के सीएम के पास कभी भी नौकरशाही पर अधिकार नहीं रहा क्योंकि दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है।

# शहर होगा कचरा मुक्त, मेगा सफाई अभियान शुरू

## सभी पार्षदों, विधायकों और सफाई कर्मचारियों ने मिलकर चलाई मुहिम

- उम्मीद है कि राजधानी साफ सुथरी बनेगी : सीएम
- 50 गलियों के ऊपर एक टीम बनाई गई है जो गलियों का निरीक्षण करेगी : शैली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


सफाई अभियान में भाग लेते मेयर शैली ओबराय।

दिल्ली जल्द कचरा मुक्त बनेगी। एमसीडी में पहली बार सभी 250 वार्डों में मेगा सफाई अभियान शुरू किया गया है।

यह मुहिम पूरे साल 365 दिन चलेगी। इसके लिए दिल्ली नगर निगम ने 3 हजार सफाई कर्मियों की टीमें बनाई गई हैं। 50 गलियों के ऊपर एक टीम बनाई गई है जो सुबह गलियों का निरीक्षण करेंगी।

अगर कहीं कूड़ा मिलता है तो वहां तत्काल सफाई करवाई जाएगी। दिल्ली नगर निगम द्वारा मेगा सफाई अभियान शुरू करने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बधाई थी। साथ ही कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह अभियान जरूर सफल होगा और दिल्ली साफ सुथरी बनेगी। महापौर शैली ओबरॉय ने कहा कि अब समय आ गया है कि आने वाले वर्षों के लिए एक मिसाल कायम करें। आप के सभी पार्षद, विधायक और सफाई कर्मचारियों ने मिलकर शनिवार को बड़ा सफाई अभियान शुरू किया है। आम आदमी पार्टी के विधायक और एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एमसीडी में भाजपा 15 साल तक रही।

लोगों ने उनको एकमात्र सफाई का काम दिया था, लेकिन भाजपा ने 15 साल में एक भी गली ठीक से साफ नहीं की। दिल्ली को कूड़े का ढेर बना कर रख दिया।

कर्मचारियों को समय पर वेतन भी मिलता था। पाठक ने कहा कि महज 5 महीने के अंदर केजरीवाल ने वह काम करके दिखा दिया जो कोई सोच भी नहीं सकता था। एमसीडी के कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक सभी को महीने की 1 तारीख को वेतन देना शुरू किया।

यह कार्य बीजेपी 15 साल में नहीं कर पाई और आम ने 5 महीने में करके दिखा दिया। अब दिल्ली को साफ करने का समय आ गया है। वहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आह्वान पर सभी पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में हैं और सफाई कर रहे हैं। यह पूरी दिल्ली को साफ करने का अभियान है इसकी पूरी योजना तैयार की गई है। ज्ञात हो कि एमसीडी की साफ सफाई को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाती रही है। वहीं आप के सत्ता में आते ही भाजपा हमलावर है।

### गलियों में कूड़ा मिलने पर टीमें करेंगी शिकायत

विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि यह अभियान एक-दो दिन नहीं बल्कि पूरे 365 दिन चलेगा। अभियान को लेकर 3 हजार टीमें बनाई गई हैं। 50 गलियों के ऊपर एक टीम बनाई गई है जो सुबह गलियों का निरीक्षण करेंगी। गलियों में कूड़ा मिलने पर शिकायत की जाएगी और तत्काल सफाई करवाई जाएगी। इसका सिर्फ एक मकसद राष्ट्रीय राजधानी को साफ करना है। मेयर, डिप्टी मेयर और नेता सदन हर दिन 2 से 3 वार्डो का निरीक्षण करेंगे।

# फेरबदल: सर्विस और विजिलेंस विभाग भी आतिशी को मिले

- उपराज्यपाल से मिली मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केजरीवाल सरकार द्वारा आतिशी को सर्विस और विजिलेंस विभाग दिए जाने पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को मुहर लगा दी है। इस तरह अब आतिशी का दिल्ली सरकार में कद और बढ़ा हो गया है।

गत मंगलवार को आतिशी को दोनों विभाग सौंपने बाद मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलजी को फाइल भेजी थी। अभी तक दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ये दोनों विभाग संभाल रहे थे। इससे पहले आतिशी लोक निर्माण विभाग और शिक्षा विभाग की कमान सौंपी गई थी। आतिशी के पास सार्वजनिक कार्य, वित्त, राजस्व, योजना, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कला, संस्कृति एवं भाषाएं, पर्यटन, बिजली, जनसंपर्क और प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग हैं। उल्लेखनीय है कि जून में उपराज्यपाल द्वारा कैबिनेट में फेरबदल के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद आतिशी को राजस्व, योजना और वित्त विभागों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

ये तीनों विभाग पहले परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के पास थे। अभी सरकार के किसी मंत्री के पास इतने मंत्रालयों की जिम्मेदारी नहीं हैं। आतिशी दिल्ली कैबिनेट में एकमात्र ऐसी महिला मंत्री हैं जो अब 14 विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगी। जिनमें शिक्षा,आर्ट कल्चर एंड लैंग्वेज, पर्यटन आदि शामिल है।

# तीर्थस्थलों के लिए लग्जरी बसों की व्यवस्था

- मुख्यमंत्री ने द्वारिकाधीश मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं से की बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


बुजुर्ग श्रद्धालु का आभार प्रकट करते मुख्यमंत्री केजरीवाल।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्गों को लग्जरी बसों में राष्ट्रीय राजधानी के निकटवर्ती तीर्थ स्थलों की यात्रा कराने पर विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि योजना के तहत दिल्ली से अब तक 72 ट्रेन से 71 हजार लोग तीर्थ यात्रा कर चुके हैं। वह चाहतो हैं कि दिल्ली का हर बुजुर्ग व्यक्ति तीर्थ यात्रा पर जाए, लेकिन कभी-कभी ट्रेन उपलब्ध नहीं होती हैं। इसलिए, लोगों को अयोध्या जैसे नजदीकी तीर्थ स्थलों पर भेजने के लिए लक्जरी बसों का इस्तेमाल किया जा सकता है। केजरीवाल ने शनिवार को त्यागराज स्टेडियम में गुजरात के द्वारिकाधीश मंदिर की तीर्थ यात्रा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के जत्थे से मुलाकात की। उन्होंने उनसे दिल्ली और देश के लिए आशीर्वाद मांगने का आग्रह किया। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज 73वीं ट्रेन श्री द्वारिकाधीश के लिए रवाना हो रही है।

## सांसद चड्ढा ने सोशल मीडिया पर बदला परिचय

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपना परिचय (बायो) शनिवार को बदलकर निलंबित संसद सदस्य कर दिया।

इससे एक दिन पहले चड्ढा को नियमों के घोर उल्लंघन, कदाचार, अपमानजनक रवैए और अवमाननापूर्ण आचरण के लिए राज्यसभा से विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिया गया। पीयूष गोयल ने चड्ढा द्वारा नियमों का उल्लंघन किए जाने तथा सदन की एक समिति के लिए चार सदस्यों का नाम उनकी सहमति लिए बिना प्रस्तावित करने का मुद्दा उठाया।

# स्कूल में बच्चों के बीमार होने की जांच के लिए बनी समिति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नारायणा में एक नगर निगम स्कूल में गैस रिसाव की संदिग्ध घटना के बाद कथित तौर पर जहरीले धुएं के कारण 28 बच्चों के बीमार होने के मामले की जांच के लिए चार-सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक बयान में कहा कि समिति में क्षेत्रीय अधीक्षण अभियंता, सहायक आयुक्त, डीडीई और डीएचओ शामिल होंगे। बयान में कहा गया है कि करोल बाग क्षेत्र के उपायुक्त ने शुक्रवार को स्कूली बच्चों के बीमार पड़ने की घटना की जांच के लिए चार-सदस्यीय समिति का गठन किया है। अधिकारियों ने बताया कि 28 छात्रों को शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जिनमें से दो को ऑक्सीजन की आवश्यकता थी। गौरतलब है कि 19 छात्रों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया था, जिनमें से 14 को शुक्रवार को और पांच को शनिवार को छुट्टी दे दी गई, जबकि नौ को आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से सभी को शुक्रवार को ही चिकित्सा सहायता के बाद छुट्टी दे दी गई।

# संक्षिप्त समाचार


अभिनंदन समारोह में सम्मानित होते सतीश गर्ग व अन्य।

### प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग सम्मानित

**नई दिल्ली।** आदर्श रामलीला कमेटी, आदर्श शिक्षा संस्थान, आदर्श धर्मार्थ संस्थान, न्यू अपराजिता सामाजिक संस्था, श्री श्याम सत्संग मंडल, श्री सनातन धर्म मंदिर आदि संस्थाओं के द्वारा भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, महामंत्री योगेंद्र चंदोलिया व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सतीश गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश की जनता का अटूट विश्वास नरेंद्र मोदी के साथ है, वे आप सब के आशीर्वाद से 2024 में पुन: प्रधानमंत्री बन नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री सदैव राष्ट्हित व जनकल्याण को सर्वोपरि मानते हैं उन्होंने इसके निहित अनेक कार्य किए हैं। रामलीला के अध्यक्षअशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने सभी का आभार प्रकट किया।

### कुरुक्षेत्र में राम की लीला का बरसेगा रंग

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन ने बताया कि राजा राम की नगरी ओरछा में भव्य रामलीला मंचन को भरपूर कामयाबी मिली। इसके साथ ही इस बार वर्ष 2023 में कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर स्थित गीता ज्ञान संस्थान में रामलीला मंचन का निर्णय लिया है। समिति के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन ने इस दौरान कुरुक्षेत्र में स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज को शॉल ओढ़ाकर व पुस्तक भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सीबीएसई गर्वनिंग कमेटी की सदस्या प्रधानाचार्या डॉ. वंदना टंडन, प्रसिद्ध साहित्कार विनोद बब्बर, समिति के डायरेक्टर सोमनाथ पवार, मीडिया प्रभारी जय सिंह कटारिया, मेबरिक पब्लिकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर दुर्गेश समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे। कुरुक्षेत्र का महत्व आज भी बेहद खास है। सूर्य ग्रहण के अवसर पर देश-विदेश के लाखों लोग यहां ग्रहण स्नान को तो पहुंचते ही हैं साथ ही ग्रंथ गीता के श्लोकों की अनुभूति करते हैं। वही गीता जिसके प्रथम अध्याय के प्रथम श्लोक में धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र का उल्लेख है। वही गीत जिसमें अर्जुन को अपना विराट स्वरूप दिखाते हुए भगवान ने स्वयं को शास्त्रधारियों में श्रीराम बताया।

### वैश्विक रैंकिंग में कार्तिकेय को मिला तीसरा स्थान


कार्तिकेय गोयल

**नई दिल्ली।** पारा कराटे के क्षेत्र में भारत का उभरता सितारा कार्तिकेय गोयल लगातार शानदार जीतों के बाद विश्व कराटे महासंघ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त कार्तिकेय के विश्वस्तर पर लगातार महाकवि जीतों से हुआ। 20 वर्षीय कार्तिकेय का सफर काफी प्रेरणादायक रहा है। वह भारत और दक्षिण एशिया के एकमात्र पारा कराटेका हैं जिन्होंने एशियाई कराटे महासंघ द्वारा आयोजित दो लगातार महासंघ जीते हैं। हाल ही में, उन्होंने मलेशिया में एशियाई पारा चैम्पियनशिप 2023 में चांदी की पदक जीता, उससे पहले उन्होंने 2022 में उज्बेकिस्तान में एशियाई कराटे चैम्पियनशिप में चांदी का पदक जीता था। विश्व कराटे महासंघ वैश्विक रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुँच चुके कार्तिकेय को उम्मीद है कि वह आगामी पारा ओलंपिक्स और विश्व कराटे चैम्पियनशिप में भारत के तरफ से भाग लेंगे ।

# यमुना में बाढ़ के बाद पाक हिंदू शरणार्थियों को मदद का इंतजार

- क्षतिग्रस्त मकानों मे रहने को मजूबर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पाकिस्तान की 18-वर्षीया हिंदू शरणार्थी अनीता ईंटों के ढेर की ओर इशारा कर रही है, जो यमुना नदी में आई बाढ़ की भेंट चढ़ चुके उसके घर का हिस्सा है।

पिछले महीने दिल्ली का एक बड़ा हिस्सा बाढ की चपेट में आ गया था। वैसे तो बाढ़ का पानी अब निकल चुका है, लेकिन मजनूं का टीला के समीप नदीतट के पास रह रहे पाकिस्तान के हिंदू शरणार्थियों पर इसने (बाढ़ ने) जो वित्तीय और स्वास्थ्य संबंधी कहर बरपाया है, अभी तक वे लोग उसका दंश झेल रहे हैं। अपने घरों की मरम्मत करने में असमर्थ ये लोग क्षतिग्रस्त मकानों में रह रहे हैं, उनमें से कुछ मकानों की दीवारें ढही हुई हैं, जबकि कुछ के दरवाजे टूटे हुए हैं। बाढ़ के दौरान अपनी जान बचाने के लिए लोग यहां से भाग गए थे, लेकिन उनमें से कइयों को इस क्रम में चोट लग गई थी और अब वे बिस्तर पर पड़े हुए हैं। अनीता ने मीडिया से बातचीत में कहा, दीवारें ढह गईं और दरवाजे टूट गए एवं हमें इसी हाल में रहना पड़ रहा है।

## विधानसभा खोती जा रही अपनी सार्थकता : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने उपराज्यपाल विनय सक्सेना को पत्र लिखकर विधानसभा में कानूनों, नियमों और परंपराओं के उल्लंघन की घटनाओं की जानकारी दी है। उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी सरकार के आचरण और निरंकुशता से विधानसभा अपनी सार्थकता खोती जा रही है। भाजपा विधायकों ने पिछले दिनों उपराज्यपाल से मिलकर इस बारे में ज्ञापन दिया था और उपराज्यपाल ने इस संबंध में और जानकारी मांगी थी। यह पत्र इसी संदर्भ में लिखा गया है।

बिधूड़ी ने पत्र में कहा है कि पिछले कुछ वर्षों से विधानसभा का अधिवेशन समाप्त होने के बावजूद उसका सत्रावसान नहीं किया जाता।

# एमसीडी ने स्कूल स्वास्थ्य सेवा की बंद : भाजपा

- चालू शैक्षणिक सत्र में लगभग 80 प्रतिशत स्कूलों में नहीं लगे स्वास्थ्य शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


पार्षद कमलजीत सहरावत

प्रदेश भाजपा ने केजरीवाल सरकार और दिल्ली नगर निगम पर बच्चों के अहित में फैसले लेने का आरोप लगया है। पार्टी के नेताओं ने निगम के तहत आने वाले विशेष स्कूल हेल्थ सर्विस विभाग को बंद करने को लेकर सवाल किया है।

इसके अलावा स्कूलों में होने वाले स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नहीं होने पर भी सवाल उठाया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि शिक्षा क्रांति का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी जब से निगम में आई है लगातार छात्र विरोधी फैसले ले रही है। प्रदेश भाजपा की महामंत्री एवं पार्षद कमलजीत सहरावत, मीडिया प्रमुख एवं प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर एवं निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने शनिवार कोा संवाददाता सम्मेलन में विशेष स्कूल हेल्थ सर्विस विभाग बंद कर उसको नगर निगम के सामन्य हेल्थ सेवाओं के साथ समन्वित करने की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल सरकार एवं महापौर शैली ओबेरॉय लगातार शिक्षा एवं छात्र सुविधाएं बढ़ाने की बड़ी-बड़ी घोषणायें करते हैं और विशेष स्कूल हेल्थ सर्विस बंद करने का गरीब छात्रों की उपेक्षा करता यह निर्णय केजरीवाल सरकार एवं एमसीडी की पोल खोल रहा है।सहरावत ने कहा है कि गत 30 जून, 2023 को बिना किसी घोषणा के स्कूल हेल्थ सर्विस विभाग को सामान्य हेल्थ सेवाओं के साथ जोड़ कर गरीब छात्रों पर कुठाराघात किया है।

# फुल ड्रेस रिहर्सल आज, कई सड़कों से बचने की सलाह

- सभी सिटी बसें 12 अगस्त की मध्यरात्रि से 13 अगस्त की सुबह 11 बजे तक रिंग रोड और आईएसबीटी से एनएच-24 के बीच नहीं चलेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



यातायात पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए 13 अगस्त को होने वाले फुल ड्रेस रिहर्सल के मद्देनजर वाहनों की सुगम आवाजाही को सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को एक परामर्श जारी किया। परामर्श के मुताबिक आठ मार्ग नेताजी सुभाष मार्ग, लोथियन मार्ग, एस.पी. मुखर्जी मार्ग, चांदनी चौक मार्ग, निशाद राज मार्ग, एस्प्लेनेड मारग और इसके लिंक मार्ग, राजघाट से आईएसबीटी तक रिंग रोड और आईएसबीटी से आईपी फ्लाईओवर तक बाहरी रिंग रोड रविवार को सुबह चार बजे से 11 बजे तक आम जनता के लिए बंद रहेगा।

परामर्श के मुताबिक, रिहर्सल के मद्देनजर जिन वाहनों पर पार्किंग लेबल नहीं है, वे सी-हेक्सागोन, इंडिया गेट, कॉपरनिकस मार्ग, मंडी हाउस, सिकंदरा रोड, डब्ल्यू प्वाइंट, ए प्वाइंट तिलक मार्ग, मथुरा रोड, बीएसजेड मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, जेएल नेहरू मार्ग, निजामुद्दीन खट्टा और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच रिंग रोड और निजामुद्दीन खट्टा से सलीमगढ़ बाईपास से होते हुए आईएसबीटी कश्मीरी गेट तक के बाहरी रिंग रोड पर जाने से बचें। उत्तरी दिल्ली से दक्षिणी दिल्ली और इसके विपरीत यात्रा करने वाले यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए अरबिंदो मार्ग, सफदरजंग रोड, कमाल अतातुर्क मार्ग, कौटिल्य मार्ग, मदर टेरेसा क्रिसेंट, पार्क स्ट्रीट, मंदिर मार्ग और रानी झांसी रोड के वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना होगा। पूर्व-पश्चिम गलियारे में आवाजाही के लिए वाहन एनएच-24, निजामुद्दीन खट्टा, बारापुला रोड- एम्स फ्लाईओवर के नीचे, रिंग रोड, मथुरा रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, राजेश पायलट मार्ग, पृथ्वीराज रोड, सफदरजंग रोड आदि वैकल्पिक मार्गों का रुख करेंगे। इसमें कहा गया है कि लोहे का पुराना पुल और गीता कॉलोनी पुल बंद रहेगा। परामर्श में कहा गया कि 12 अगस्त की मध्यरात्रि से 13 अगस्त की सुबह 11 बजे तक निजामुद्दीन और वजीराबाद पुलों के बीच माल वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इस अवधि के दौरान महाराणा प्रताप आईएसबीटी और सराय काले खां आईएसबीटी के बीच अंतरराज्र्ईय बसों के परिचालन की भी अनुमति नहीं होगी।

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) द्वारा संचालित बसों सहित सभी सिटी बसें 12 अगस्त की मध्यरात्रि से 13 अगस्त की सुबह 11 बजे तक रिंग रोड और आईएसबीटी से एनएच-24 (एनएच-9)।एनएच टी-प्वाइंट के बीच नहीं चलेंगी।

## स्वतंत्रता दिवस: जल्दी चलेगी मेट्रो, स्टेशनों पर नहीं मिलेगी पार्किंग

**नई दिल्ली ।** 77 वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। डीएमआरसी के अनुसार 15 अगस्त यानी मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी लाइनों पर मेट्रो की सेवाएं सुबह पांच बजे से शुरू हो जाएंगी।

साथ ही सभी लाइनों से मंगलवार सुबह मेट्रो पांच बजे से छह बजे तक हर 30 मिनट के अंतराल पर चलेंगी।दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अनुसार, इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा के उपायों को ध्यान में रखते हुए सोमवार यानी 14 अगस्त, सुबह छह बजे से मंगलवार यानी 15 अगस्त दोपहर दो बजे तक मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। हालांकि, मेट्रो की सेवाएं सामान्य नियम के अनुसार चलती रहेंगी।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 13 अगस्त, 2023



# बीजेपी महिला मोर्चा ने गुरुग्राम में निकाली तिरंगा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### तिरंगा यात्रा निकालने का उद्देश्य देश प्रेम की भावना जागृत करना

### महिला मोर्चा की सैंकड़ों महिलाएं तिरंगा यात्रा में हुईं शामिल

**जिला** अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के नेतृत्व में शनिवार को महिला मोर्चा के द्वारा गुरुग्राम विधानसभा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में शामिल हुई महिला मोर्चा की सदस्यों ने देश भक्ति के जयकारे लगाए। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने जिला लाइब्रेरी सिविल लाइन्स से यात्रा को रवाना किया।

गार्गी कक्कड़ ने बताया कि शहीदों की याद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में सेंकड़ों की संख्या में महिला कार्यकर्ता तिरंगा के साथ मौजूद रहीं। भारत माता की जय के नारे लगाते हुए देशभक्ति की भावना को फैलाते हुए कार्यकर्ताओं ने यह तिरंगा यात्रा निकाली। गार्गी कक्कड़ ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हर वर्ष तिरंगा यात्रा निकालने का उद्देश्य देश में हर नागरिक के मन में देश प्रेम की भावना जागृत करना है, ताकि देश की एकता अखंडता को चुनौती देने वाली ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। उन्होंने बताया कि यह तिरंगा यात्रा जिला लाइब्रेरी से शुरू हुई और डाकखाना चौक, सदर बाजार, सोहना चौक होते हुए ओल्ड रेलवे रोड से शहीद स्मारक (स्वतंत्रता सेनानी हाल) संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी देश की आन, बान और शान पर खतरा आया है तो भारत माता के लिए कुर्बानी देने वालों में हरियाणा कभी भी पीछे नहीं रहा है। यहां के वीर जवानों का हमेशा अग्रणी योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला कार्यकर्ता तिरंगा के साथ मौजूद रही। महिलाएं भारत माता की जय के नारे लगाते हुए देशभक्ति की भावना को फैलाते हुए यात्रा में शामिल हुई।



गुरुग्राम म भाजपा महिला मोर्चा की ओर से तिरंगा यात्रा निकालतीं कार्यकर्ता।

गार्गी कक्कड़ ने बताया कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में हरियाणा की 90 की विधानसभाओं में तिरंग यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में गुरुग्राम विधानसभा में महिला मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई है। महिला मोर्चा द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में जिला महामंत्री मनीष गाड़ौली, महेश यादव, मेयर मधु आजाद, नवीन गोयल, सुभाष सिंगला, हरविंद कोहली, राजेश अरोड़ा, ज्योति डेमला, सोनिया यादव, जितेंद्र चौहान, सुरेंद्र गहलोत, निधि राघव, मीडिया प्रमुख अजीत यादव, मीडिया सह-प्रमुख जयवीर यादव, यादराम जोया, मनिता गर्ग, विधु कालरा, अलका सचदेवा, सुंदरी खत्री, कुलदीप यादव पार्षद, रवींद्र यादव, सुनील कुमार, राकेश यादव, उदयवीर, अंजना, योगेन्द्र सारवान, दलीप साहनी, अनिल यादव, कपिल दुआ, सीमा पाहुजा, महेश दायमा, अन्नू जिंदल, प्रियव्रत, नितिन, श्रवण, वीरेंद्र सिंह, सर्वप्रिय त्यागी, रणजीत सिंह सहित सेंकड़ों महिलाएं कार्यकर्ता शामिल रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मील का पत्थर साबित होंगी सुविधाएं : योगी तेजपाल

**फरीदाबाद।** हेल्थ केयर अस्पताल जनता को समर्पित कर दिया गया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी तेजपाल सिंह ने रिबन काटकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर योगी तेजपाल सिंह ने कहा कि हेल्थ केयर हॉस्पिटल स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में मील का पत्थर साबित होगा। इस अस्पताल के खुलने से लोगों को अब स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शहर की ओर नहीं जाना पड़ेगा। सभी आधुनिक सुविधाएं एक ही अस्पताल में आने वाले मरीजों को मिलेगी। तेजपाल सिंह ने कहा कि हेल्थ केयर हॉस्पिटल ओपीडी से लेकर आपातकालीन सुविधाएं एक साथ होने से लोगों की परेशानियों को कम करेगा, इसका मुझे पूरा विश्वास है। यहां पहुंचने पर योगी तेजपाल सिंह का बुके देकर स्वागत किया गया और समाज के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर उनकी प्रशंसा की गई। इस मौके पर नकुल उपाध्याय, चमन सिंह, कालीचरण दरोगा, प्रदेश सचिव विपिन उपाध्याय, प्रदीप उपाध्याय, कपिल उपाध्याय मवाना, सचिन उपाध्याय मवाना व अन्य समाज के लोग मौजूद रहे।

### रांग साइड ड्राइविंग करने वाले 3323 चालकों के काटे चालान

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा एवं आईजी ट्रैफिक हरियाणा के निर्देशानुसार डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन व एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस ने रॉन्ग लेन तथा रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर गलत दिशा व लेन बदलने वाले 1822 वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। यातायात पुलिस ने हाईवे पर गलत लाइन में ड्राइविंग करने वालों को लेकर अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान नेशनल एसीपी रैंक के अधिकारियों की देख-रेख में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गलत लाइन में ड्राइव करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे गए। इसी के तहत फरीदाबाद में भी गलत लाइन में ड्राइव करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। इस दौरान उनको समझाया भी जा रहा है कि वह अपनी लाइन में ड्राइव करें। पुलिस की तरफ से रॉन्ग साइड आने जाने वाले लोगों के भी चालान किए गए। पुलिस टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 3323 वाहन चालकों में के चालान काटे काटकर 32.05 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। जिसमें से 1208 चालान रॉन्ग साइड ड्राइविंग तथा 614 चालान रॉन्ग लेन के शामिल हैं। एनआईटी जॉन की थाना पुलिस ने 1203 चालान काटे गए वहीं सेंट्रल जॉन की थाना पुलिस ने 456 तथा बल्लभगढ़ जॉन की थाना पुलिस ने 192 वाहन चालकों के चालान काटे।

### युवाओं पर हुए लाठीचार्ज की कांग्रेस नेताओं ने की निंदा

**फरीदाबाद।** कैथल में सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार की प्रतिमा पट्टिका पर गुर्जर शब्द लिखने के उपरांत उत्पन्न आक्रोश को लेकर शांतिपूर्वक विरोध कर रहे क्षत्रिय समाज के युवाओं पर लाठीचार्ज किए जाने की घटना की कांग्रेसी नेताओं ने कड़े शब्दों में निंदा की है। शनिवार को सेक्टर-8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में आयोजित बैठक में मौजूद कांग्रेसी नेताओं ने इस घटना के दोषी अधिकारियों और पदाधिकारियों के खिलाफ सरकार से सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की। बैठक में पूर्व संसदीय सचिव कुमारी शारदा राठौर, पूर्व जिला परिषद चेयरमैन डॉ मुकेश भाटी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय सोलंकी, नाहर सिंह पूर्व सरपंच शाहजहांपुर, श्रीमती वंदना सिंह, ठाकुर राजाराम, श्रीमती रेनू चौहान, जवाहर ठाकुर सहित कांग्रेस के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। कांग्रेसी नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने का सभी को अधिकार है और कैथल में क्षत्रिय समाज के लोग यही कर रहे थे, लेकिन पुलिस प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए उन पर लाठियां बरसाई, जो कि अमानवीय है और वह इसकी कड़ी भर्त्सना करते है। उन्होंने कहा कि गुर्जर और राजपूत समुदायों के बीच विवाद को लेकर मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने जो अंतरिम आदेश दिया हम उसका सम्मान करते हैं। गौरतलब है कि सम्राट मिहिर भोज पर राज्य में गुर्जर और राजपूत दोनों समुदायों के दावे का विवाद का निपटारा करने के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में दोनों समुदायों के एक.एक प्रतिनिधि के अलावा इतिहासकार शामिल होगें। यह कमेटी हाई कोर्ट में रिपोर्ट देगी। इस मामले में अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी।

### शहीदों की बदौलत ही हम ले रहे हैं आजादी की खुली हवा में सांस

**फरीदाबाद।** शहीद चांदीराम हवलदार (राजपूत रेजिमेंट) तथा स्वतंत्रता सेनानी दादा चांदीराम के सम्मान में शनिवार को बाइकों, ट्रेक्टरों और गाड़ियों के साथ विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत के संयोजन में चंदावली स्थित कार्यालय से आरंभ हुई और गांव सागरपुर तक पहुंची। इस यात्रा में हजारों युवाओं ने बाइक और गाडियों में तिरंगों हाथों में लिए बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस दौरान युवाओं ने भारत माता की जय, जय जवान-जय किसान जैसे नारे से पूरे माहौल को देश भक्तिमय कर दिया। यात्रा के दौरान विधायक नयनपाल रावत ने गांव सागरपुर में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय मास्टर नानक चंद एवं शहीद चांदीराम हवलदार (राजपूत रेजिमेंट) के नाम से पट का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि शहीद हमारी धरोहर है क्योंकि शहीदों की शहादत की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है इसलिए हम शहीदों को कभी नहीं भुला सकते। उन्होंने कहा कि शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में आज यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है, जिसमें हजारों युवाओं ने भाग लेकर अपना देशभक्ति का जज्बा दिखाया। रावत ने कहा कि आजादी के इस पर्व को सभी साथी मिल-जुलकर भाईचारे से मनाए और एक मिसाल कायम करें। इस मौके पर श्रीचंद फौजी, नंदकिशोर सरपंच, तेजपाल बघेल, निरंजन सरपंच, रोहताश, डॉ. दयाशंकर, नंदकिशेर भाटी, खेमचंद बघेल, सुभाष डागर, रामबीर लेक्चरार, राजेंद्र वत्स, अनिल सरपंच, गजेंद्र सरपंच, संजय रावत सरपंच, अजय डागर सरपंच, दानी सरपंच, अशोक तंवर, निखिल बीसला सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बच्चों को अच्छे-बुरे का ज्ञान कराना बहुत जरूरी: एसएचओ अजय कुमार



गुरुग्राम के सेक्टर-77 स्थित नारायण ई-टेक्नो स्कूल में बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि एसएचओ खेड़कीदौला थाना अजय कुमार।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### नारायण ई-टेक्नो स्कूल सेक्टर-77 मानेसर में हुआ अलंकरण समारोह

**थाना** खेड़कीदौला के एसएचओ अजय कुमार ने कहा कि छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। माता-पिता को छात्रों को जीवन सफल बनाने में स्कूल का सहयोग करना चाहिए। बच्चों को अच्छे-बुरे का ज्ञान कराना बहुत जरूरी है। यह बात उन्होंने नारायण ई-टेक्नो स्कूल सेक्टर-77 मानेसर में अलंकरण समारोह में बोलते हुए कही।

एसएचओ अजय कुमार ने कहा कि आज के बच्चे कल के राष्ट्र निर्माता हैं। उन्हें शिक्षा के साथ संस्कारों का भी ज्ञान कराएं। उन्हें अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिए कर्तव्यों का भी बोध कराएं। माता-पिता के साथ शिक्षकों पर यह निर्भर है कि एक बच्चा किस दिशा में जाए। क्या उसकी प्राथमिकताएं हों। प्राचार्या अपूर्वा खरबंदा ने कहा कि छात्रों को औपचारिक रूप से उनके संबंधित पदों पर स्थापित करने और इस अवसर की शोभा बढ़ाने के लिए हम अपने मुख्य अतिथि के प्रति आभारी हैं। उन्होंने कहा कि अलंकरण समारोह महज एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि नेतृत्व की परिवर्तनकारी शक्ति का उत्सव है। जैसे ही आप यह भूमिका ग्रहण करते हैं। याद रखें कि आपके कार्य और निर्णय जीवन को प्रभावित करेंगे और भविष्य को आकार देंगे। इसका उद्देश्य, दूरदर्शिता और अटूट दृढ़ संकृप के साथ नेतृत्व करें। सॉफ्ट स्किल विभाग द्वारा आयोजित अलंकरण समारोह सॉफ्ट स्किल ट्रेनर वाणी पंडित, अकादमिक डीन श्रीबालाजी और स्कूल गतिविधि प्रभारी के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया।

# बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास के लिए खेल भी जरूरी : नवीन गोयल

### स्कूल में स्केटिंग प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

### पर्यावरण के प्रति भी बच्चों को किया गया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करने पहुंचे नवीन गोयल।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने शनिवार को शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में स्केटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों व शिक्षकों को खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया।

इस अवसर पर नवीन गोयल ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को बेस्ट पोजिशन व बेस्ट स्कोर प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर गगन गोयल, ईशू वाल्मीकि, लोकेशव नारंग भी उपस्थित रहे। सभी ने ग्रीन गुरुग्राम, फिट गुरुग्राम मुहिम से जुड़ने, गुरुग्राम को हरा-भरा व स्वस्थ बनाने का संकृप लिया।

साथ ही उन्होंने स्कूल की डायरेक्टर मीनल अरोड़ा, स्कूल की प्रिंसिपल रीमा नारंग, अलका दलाल के साथ मिलकर पौधारोपण भी किया। इससे पूर्व अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलों में भाग लेना बहुत जरूरी है। बचपन से ही अगर खेलों के प्रति भी बच्चों की रुचि हो तो वे जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में भी मजबूत होते हैं। क्योंकि जब तक हम मानसिक रूप से मजबूत नहीं होंगे, तब तक किसी भी कार्य के लिए परिपूर्ण नहीं हो सकते। इसलिए बच्चों को उनकी रुचि के हिसाब से खेलों में आगे बढ़ाएं। नवीन गोयल ने कहा कि खेलों में भी बेहतर भविष्य है और शिक्षा के माध्यम से भी बेहतर भविष्य का निर्माण होता है। यह बच्चों की रुचि पर निर्भर है कि वे किस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं।

कहा कि पढ़ाई हर बच्चे को पूरी करनी चाहिए। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें इस बार भी अपने देश का तिरंगा घरों, शिक्षण संस्थानों पर लहराना है। हर घर तिरंगा अभियान भारत की शान है।

# युवा दिवस पर स्कूली छात्राओं के लिए मासिक धर्म, स्वच्छता विषय पर हुई कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अंतरराष्ट्रीय** युवा दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न राजकीय स्कूलों की 110 छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर जागरूक करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

डीसी निशांत कुमार यादव वे मार्गदर्शन व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत यह कार्यक्रम शहर के स्टे सिटी होटल में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुग्राम के एडीएम रविंद्र यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी नेहा दहिया ने की। कार्यशाला में गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव ने स्कूली छात्राओं को युवा दिवस की बधाई देते हुए उन्हें मासिक धर्म संबंधित किट भी भेंट की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की डॉ. सुषमा द्वारा बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाले शारीरिक बदलावों पर विस्तार से बताया और डायटिशियन चारू द्वारा मासिक धर्म के दौरान उचित खान-पान कैसा होन चाहिए बारे चर्चा की गई।



गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर स्कूली छात्राओं को शपथ दिलाते एसडीएम रविंद्र यादव व शिक्षिकाएं।

कार्यशाला में एनजीओ स्कूल लाइफ की प्रतिनिधि रचना और नीता द्वारा मासिक धर्म प्रक्रिया शरीर में किस प्रकार होती है। इसके प्रति प्रचलित गलत धारणाएं और बाजार में उपलब्ध अलग-2 उत्पाद मासिक धर्म से संबंधित हैं। उन्होंने इस बारे में प्रोजेक्टर और टीचिंग ऐड्स द्वारा समझाया कि किस प्रकार मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता ध्यान रखकर संक्रमण से बचा जा सकता है।

# स्वतंत्रता दिवस व सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने चलाया नाइट डोमिनेशन अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर व नाइट डोमिनेशन अभियान के तहत लगाए गए पुलिस नाकों की चेकिंग कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को अहम दिशा निर्देश दिए।

डीसीपी ट्रैफिक द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नाइट नॉमिनेशन अभियान के दौरान लगाए गए पुलिस नाकों को चेक किया गया और वहां पर मौजूद पुलिस कर्मियों को सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। नाइट डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे गए। पुलिस ने नाइट डोमिनेशन के दौरान 193 वाहन चालकों के चालान काटे जिसमें 50 चालान ओवर स्पीड तथा 30 चालान शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के शामिल थे।

डीसीपी ट्रैफिक ने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि वह पुलिस नाकों से गुजरने वाले सभी वाहनों को चेक करें और उनकी अच्छे से तलाशी लें तथा किसी पर शक होने पर वाहन चालक से अच्छे से पूछताछ करें।

उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा फरीदाबाद पुलिस का प्राथमिक उद्देश्य है और स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस को सख्त निगरानी रखनी होती है ताकि कोई भी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति सुरक्षा में सेंध न लगा सकें।

# अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ पैथोलॉजी एंड लेबोरेटरी साइंसेज ने भारत में अपनी दूसरी रेफरेंस लैब लॉन्च की

पायनियर समाचार सेवा। । गुड़गांव

**अमेरिकन** इंस्टीट्यूट ऑफ पैथोलॉजी एंड लेबोरेटरी साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड (एम्पथ) ने उत्तर भारत में अपनी विस्तार योजनाओं के तहत गुड़गांव में अपनी पहली संदर्भ लेबोरेटरी खोली है। यह भारत में कंपनी की दूसरी लेबोरेटरी है। 7000 वर्ग फुट की लेबोरेटरी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी प्लेटफार्मों से सुसज्जित है जो कम टर्न-अराउंड-टाइम (टीएटी) के साथ क्वालिटी रिपोर्ट देने में सक्षम है। लेबोरेटरी दिल्ली और उत्तर भारत के पड़ोसी राज्यों के लिए काफी सहायक साबित होगी।

इस नए पैथोलॉजी सेंटर में 2,500 से अधिक परीक्षणों की एक व्यापक पेशकश है, जो अत्यधिक अनुभवी पैथोलॉजिस्ट की देखरेख में किए जाएँगे। लैब क्लिनिकल बायोकैमिस्ट्री, हेमेटोलॉजी, फ्लो साइटोमेट्री, क्लिनिकल पैथोलॉजी, सीरोलॉजी, इम्यूनोलॉजी , माइक्रोबायोलॉजी , साइटोलॉजी , हिस्टोपैथोलॉजी, इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री , मॉलिक्यूलर डायग्नोसिस, एनजीएस और साइटोजेनेटिक्स सहित अन्य में डायग्नोस्टिक टेस्ट की सेवा प्रदान करती है। ये सेवाएं शरीर के विभिन्न अंगों और हिस्सों को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के पता लगाने में मदद करती हैं जो ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल पर निर्णय लेने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हो सकती हैं। सबसे दूरदराज के इलाकों में भी लोगों को गुणवत्तापूर्ण डायग्नॉस्टिक्स सेवाएं उपलब्ध कराते हुए, एम्पाथ उत्तरी क्षेत्र में कलेक्शन सेंटर मॉडल की पेशकश कर रहा है। अम्पाथ के चीफ ऑपरेटी9एनजी ऑफिसर डॉ. मनीष बगई ने कहा, हमें गुड़गांव में अपनी नवीनतम लैब के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हमें गुड़गाँव में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने पर गर्व है और अब हम अपने ऑटोमेटेड और बेस्ट टेस्ट प्रोफाइल के हाई क्वालिटी स्टैंडर्ड के साथ गुड़गांव और उसके आसपास की आबादी की सेवा करने में सक्षम होंगे। एम्पाथ दक्षिण एशिया में एविडेंस बेस्ड, फोकस्ड हेल्थकेयर सेवाएँ प्रदान करने में सबसे आगे है। हम अपने सभी प्रयासों में सबसे बेहतर सर्विस, इनोवेशन और क्वालिटी बेस्ड रिज़ल्ट्स प्रदान करने का प्रयास करते हैं। अम्पाथ के लैब ऑपरेशंस के हेड डॉ. पंकज करवा ने कहा, हम एक नई लैब खोलने और उत्तर भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने से उत्साहित हैं, जहां हम डायग्नोस्टिक टेस्ट्स की विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेंगे। हाई-टेक इक्वीपेंट्स और स्किल्ड प्रोफेशनल्स की एक टीम के साथ, हम अपने ग्राहकों को क्वालिटी और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के साथ बेहतर से सेवा देने की उम्मीद करते हैं। अम्पाथ की हैदराबाद में एक सेंट्रल रिफरेन्स लेबोरेटरी है, जिसमें विभिन्न स्थानों पर 14 सॅटॅलाइट लैब्स हैं। यह एनएबीएल (परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड) से मान्यता प्राप्त है और इसने यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग मेडिकल सेंटर (यूपीएमसी) के साथ सहयोग किया है।



# वन विभाग ने एक लाख पौधों के वितरण का लक्ष्य किया पूरा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**क्षेत्र** के 3610 किसानों ने खरीफ के मौसम में होने वाली अपनी फसलों का पंजीकरण कराया है। पंजीकरण प्रक्रिया में गांव हाजिपुर व रायसीना के 80 फीसदी किसानों ने पंजीकरण कराया। जबकि सरमथला, घंघौला, लोहसिंघानी समेत आसपास लगते अन्य गांवों के 30 फीसदी किसानों ने ही अपनी फसलों का पंजीकरण कराया है।

खरीफ के मौसम में होने वाली बाजरा, धान, कपास, दहलनी व तिलहनी फसलों का पंजीकरण कराने की प्रक्रिया 10 अगस्त को समाप्त हो चुकी है। इस बार क्षेत्र के 53 फीसदी किसानों ने अपनी फसलों का पंजीकरण कराया है। 47 फीसदी किसानों ने मेरी फसल, मेरा ब्योरा के तहत फसलों का पंजीकरण नहीं कराया। सोहना खंड में 14 हजार 447 एकड़ जमीन पर किसान फसलों की पैदावार करता है। किसानों द्वारा पंजीकरण का लगभग आकड़ा इस वर्ष 60 फीसदी के लगभग रहा है। जिसमें कम से कम 25 फीसदी सरमथला व अधिक से अधिक 80 फीसदी हाजिपुर व रायसीना गांव के किसानों ने कराया है।

पंजीकरण कम कराने वाले गांव

जानकारी के अनुसार इस वर्ष गांव सरमथला, लोहसिंघानी, घंघौला, खत्रीका, जोहलाका, आदि में रहने वाले किसानों ने मेरी फसल, मेरा ब्योरा योजना के तहत अपनी फसलों का पंजीकरण कराने में रुची कम ली है। जिसका कारण पिछले करीब एक माह पहले हुए भारी बारिश से खेतों में जलभराव तथा दूसरा इस क्षेत्र में वेयर हाउसों की बढ़ती संख्या से किसान फसल पैदावार पर कम करोबार पर अधिक ध्यान देने लगा है। जिससे क्षेत्र के किसान कृषि से अपना लगाव कम करने लगे है। यही कारण रहा है कि इन गांवों में पंजीकरण का आकंड़ा 25 से 30 फीसदी ही रहा है। यह आकड़ा पहली बार इन गांवों में कम आया है। क्षेत्र का किसान द्वारा फसलों का पंजीकरण का आकड़ा हर वर्ष बढ़ता ही जा रहा है। जिसका लाभ किसानों के साथ-साथ सरकार को भी है। ताकि किसान मन लगाकर अपनी खेतीवाड़ी कर सके।

**( अरुण सोहलंकी-कृषि विभाग के खंड अधिकारी )**

# फरूखनगर ब्लॉक में खेल प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ



गुरुग्राम के खंड फरूखनगर में खेल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### कार्यक्रम में हर वर्ग की रही सक्रिय भागेदारी

**हरियाणा** उदय अभियान के खेलों गुरुग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को फर्रूखनगर ब्लॉक में कुश्ती, रस्साकशी व दौड़ की विभिन्न वर्ग की प्रतियोगताओं का आयोजन किया गया। डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिताएं फरूखनगर ब्लॉक के गांव खंडेवला स्थित खेल स्टेडियम में आयोजित की गयी। जिला खेल अधिकारी संधू बाला ने प्रतियोगताओं का शुभारंभ कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में स्टेडियम में पौधारोपण भी किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

संधू बाला ने उपस्थित ग्रामीणों व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों गुरुग्राम कार्यक्रम आमजन से सीधा जुड़ाव का सशक्त माध्यम है। जन भागीदारी के साथ सरकार लोगों को बेहतर जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दे रही हैं, वहीं हर वर्ग की सक्रियता अभियान के उद्देश्य की सार्थकता को सिद्ध कर रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल में आमजन के बीच जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए सुरक्षित और अधिक समावेशी समाज बनाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे इन कार्यक्रमों में लोगों का निरन्तर साथ मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि खेलों गुरुग्राम के तहत पहले जिला के सभी ब्लॉक में पंचायत स्तर पर खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके उपरांत ब्लॉक स्तर के विजेताओं के बीच सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। अंत मे सेमीफाइनल में विजेता रही प्रमुख टीमों के बीच जिला स्तर पर फाइनल मैच खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के साथ साथ निगम एरिया में भी जोनवार इन खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर विजेता रहने वाली टीमों व एकल प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी जाएगा।

# स्वतंत्रता दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाई विलक्षण प्रतिभा




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित सेंट कोलंबस ग्लोबल स्कूल में उत्साहपूर्ण स्वंतत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएचओ खेड़ी पुल कृष्ण गोपाल ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराकर किया।

इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपनी कविताओं, भाषण, संगीत व नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत मेरा रंगदे बसंती चोला गाने से कार्यक्रम में प्रस्तुतियों का प्रारंभ हुआ। बच्चों ने देश के प्रति कर्तव्य को पुकारते हुए देशभक्ति के रंग में सराबोर तेरी मिट्टी में मिल जावां पर नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं को दिखाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कंधों से मिलते हैं कंधे गाने पर छात्रों की अद्‌भुत प्रस्तुति को देखकर पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अध्ययन के साथ-साथ देश के प्रति अपने दायित्वों को समझें। उन्होंने छात्रों की प्रतिभा की बहुत सराहना की। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या बबीता चौधरी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब आज उनको सलाम करते हैं, जिनकी वजह से हमें आज स्वतंत्र होने का अवसर प्रदान हुआ। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए। बच्चे इस जिम्मेदारी को शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में बढ़कर देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल का किया गया आयोजन

**देश की आजादी में अनेक वीरों ने बलिदान दिया, युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए : नेहा सिंह**



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**उपायुक्त** नेहा सिंह ने कहा कि 15 अगस्त को केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर ध्वजारोहण करेंगे। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर शनिवार फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की गई। जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह सहित जिला प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे। नेहा सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर परेड, पीटी, डंबल, लेजियम व सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि की फाइनल रिहर्सल की गई है। जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मार्च पास्ट व पीटी की। इसके साथ साथ देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उपायुक्त ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम चलाया गया है। जिला स्तर पर यह कार्यक्रम 15 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त पर देश के शहीदों को याद करें। देश की आजादी में शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों ने अहम योगदान दिया है। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। उपायुक्त ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि शहीदों के जीवन से प्रेरणा लें और अपने जीवन में आगे बढ़ें। देश व समाज को आगे ले जाने का कार्य करें। समाज में शांति और भाईचारा बनाकर रखें। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को अलर्ट कर दिया गया है। जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति की दृष्टि से अलग-अलग जगह नाके स्थापित किए गए हैं। कड़ी सुरक्षा को लेकर पुलिस के द्वारा संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है और आने जाने वाले संदिग्ध लोगों व वाहनों को चेक किया जा रहा है। सभी थाना प्रबंधकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए भीड़भाड़ इलाकों में गश्त पड़ताल करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्हें निर्देशित किया गया कि अगर कोई संदिग्ध पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही सभी थाना व क्राइम यूनिट द्वारा भी इलाके में स्थित होटल, धर्मशालाओं व बाजारों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, धर्मशाला, गेस्ट हाउस इत्यादि को बारीकी से चेक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बिना नंबर वाले वाहनों की भी लगातार चेकिंग के निर्देश दिए हुए हैं, ताकि किसी प्रकार की कोई असामाजिक गतिविधि उत्पन्न न हो। इस अवसर पर एएसपी जसलीन कौर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जितेंद्र कुमार, उपमंडल नागरिक अधिकारी शशि वंसुधरा, नगराधीश द्विजा, उप पुलिस अधीक्षक शाकिर हुसैन, डीएसपी नरेश कुमार, अंडर ट्रेनिंग एचसीएस अधिकारी प्रीति रावत व अप्रीतम सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार सैनी, जिला आयुष अधिकारी संजीव तोमर, नगर परिषद के ईओ सुनील रंगा सहित विद्यार्थी एवं अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# जीवा पब्लिक स्कूल में आजादी के पर्व पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** सेक्टर-21बी स्थित जीवा स्कूल में आजादी के 76 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्रों ने विभिन्न क्रियकलापों के माध्यम से देशभक्ति की भावना को प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में छात्रों ने अलग-अलग कार्यक्रम प्रस्तुत किए व अपने विचारों को सुंदर रंग में रंग दिया।

कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के छात्रों ने बढ़ चढ़कर इस पर्व में अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। अध्यापिकाओं ने भी स्वतंत्रता के इस अवसर पर स्वतंत्रता का महत्व बताया एवं उन शहीदों के विषय में भी बताया, जिनके कारण देश को आजादी मिली।

कार्यक्रम में छात्रों ने एक सुंदर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने देश भक्ति और कर्तव्य से संबंधित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कुछ छात्रों ने नाटक के ही एक विधा के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के सभी विशेष घटनाक्रमों पर भी प्रकाश डाला। किंडरगार्टन के नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव एवं प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा ने भी कार्यक्रम में विशेष रूप से भाग लिया।

विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का वास्तविक अर्थ है स्वयं को अनुशासित करना। अनुशासन के बिना स्वतंत्रता अराजकता में बदल जाती है। इसलिए अनुशासन में रहना सबके लिए अनिवार्य है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा ने भी इस अवसर पर सबको संबोधित किया और बताया कि हम यदि देश के लिए एक छोटा सा प्रयास करते हैं तो यह भी देश भक्ति कहलाती है। इसलिए हमें अपने देश के लिए हर तरह से योगदान करना चाहिए।

## आप का खेड़ी कॉलोनी में बिजली आंदोलन, धर्मवीर भड़ाना ने दिखाया आइना



**फरीदाबाद।** हरियाणा में आम आदमी पार्टी ने बिजली आंदोलन शुरू किया है, जिसके तहत पार्टी के नेता कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर बता रहे हैं कि पंजाब और दिल्ली में हमारी सरकार लोगों को फ्री बिजली दे रही है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने फरीदाबाद के खेड़ी कॉलोनी में बिजली आंदोलन के तहत हरियाणा सरकार द्वारा जारी बिजली के बिलों को जलाते हुए कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार प्रदेश के करोड़ों लोगों को बिजली के बिल के नाम पर दोनों हाथों से लूट रही है, जबकि दिन-रात बिजली के कई कई कट लग रहे हैं। धर्मवीर भडाना ने कहा कि आप पार्टी ही फ्री बिजली दे सकती है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब के लोगों को फ्री बिजली देकर लोगों को राहत देने का काम किया है।

# सेंट कोलंबस विद्यालय में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेंट** कोलंबस विद्यालय में 77वां स्वतंत्रता दिवस विशेष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भारत की आजादी के 76 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश की भांति सेंट कोलंबस विद्यालय में भी आजादी का अमृतकाल विशेष हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस मौके पर विद्यालय को विभिन्न रंगों के फूलों तथा तिरंगे झंडों से सजाया गया तथा अभिावकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिखा ज्वाइंट कमिश्नर एमवीएफ हरियाणा व सम्मानित अतिथि पंकज कुमार सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट बड़खल, कंवलजीत सिंह नंदा डायरेक्टर, नंदा इलेक्ट्रोनिक्स, हनीफ मलिक चेयरमैन मलिक संस ज्वैलर्स, एनटोनी फराई, एजीएम, जौहर ऑटोमोबाइल्स व लखन चौधरी डायरेक्टर न्यू विद्या मंदिर स्कूल रहे।

विद्यालय के अध्यक्ष ऋषि चौधरी व प्रधानाचार्या श्रीलेखा वीएम ने उपस्थित अतिथियों को पौधे प्रदान कर उनका स्वागत किया व उनकी अगुवाई में मुख्य तथा सम्मानित अतिथियों ने ध्वजारोहण किया व डव कबूतर उड़ाकर शांति प्रेम अथवा सद्‌भाव का संदेश प्रदान किया। शपथ ग्रहण समारोह के अंतर्गत कार्तिक बाबू यादव, हेड बॉय ने सभी सदनों के कैप्टन और वाइस कैप्टन को तिरंगे झंडे की गरिमा बनाए रखने के लिए तिरंगे को सलामी देकर शपथ ग्रहण की।

तदुपरांत राष्ट्रगान की धुन में विद्यालयी वातावरण देशभक्ति के रंगों से सराबोर हो गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक श्वेत रंग के परिधान व तिरंगा कैप पहने विद्यालय के विद्यार्थियों को साहस, सद्‌भावना, समृद्धि तथा निरंतर कर्मपथ पर आगे बढ़ते रहने को प्रेरित कर रहे थे। प्रत्येक विद्यार्थी एवं अभिभावकों को विद्यालय की ओर से तिरंगा कैप प्रदान किए गए।

# तिरंगा यात्रा के जनसैलाब से क्षेत्रवासियों की देशभक्ति झलकती है : कृष्णपाल गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**पलवल** विधानसभा में शनिवार को भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। आजादी के अमृत महोत्सव में भाजपा सारे देश में विधानसभा अनुसार तिरंगा यात्राओं का आयोजन कर रही है। इस यात्रा में केंद्रीय राज्यमंत्री व स्थानीय सांसद कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विधायक पलवल दीपक मंगला ने यात्रा का नेतृत्व किया। इस यात्रा का संयोजन भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवांशु गौड़ ने किया।

तिरंगा यात्रा मंडी धर्मशाला कमेटी चौक से आरंभ होकर शहीद उधम पार्क में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि के साथ संपन्न हुई हाथों में तिरंगा लिए हुए हजारों लोग उल्लाषपूर्वक भारत माता की जय के नारे लगाते हुए मीनार गेट, पुराना सोहना चौक, नया सोहना चौक, महर्षि दयानंद चौक होते हुए शहीद स्मारक पहुंचे जगह-जगह विभिन्न संस्थाओं ने पुष्प वर्षा की। यात्रा आरंभ होने से पहले मंडी धर्मशाला में नेताओं ने जनसमूह को संबोधित किया। कृष्णपाल गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान, शान है और आज तिरंगा की शान केवल भारत में ही नहीं हमारे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बढ़ी है। पूरे देश में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चला हुआ है और आह्वान किया कि सभी व्यक्ति आजादी के इस महापर्व के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा लगाएं। विधायक दीपक मंगला ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा हाथ में लेकर हमारे वीर सपूतों ने देश को आजाद कराया था। तिरंगा हाथ में लेकर हमारे वीर सैनिक बॉर्डर पर खड़े होकर भारत माता की सुरक्षा करते हैं और उमड़ा हुआ जनसैलाब बता रहा है कि हमारे दिलो में तिरंगे के लिए वही प्यार वही सम्मान है। तिरंगा देश के लिए कुछ कर गुजरने को प्रेरित करता है।

जिला पलवल के भाजपा अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया ने भी अपने संबोधन में आए हुए नेताओं कार्यकर्ताओं और आमजनों का अभिनंदन किया और धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हरेंद्रपाल राणा, मेहर चंद गहलोत, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव गौरव गौतम, ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन के पति भगत सिंह घुघेरा, नगर परिषद के चेयरमैन डॉक्टर यशपाल, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य मुकेश सिंगला, हरेंद्र तेवतिया, अविनाश शर्मा, जिला महामंत्री वीरपाल दीक्षित, राजीव कत्याल, राजेंद्र बैंसला, महेंद्र भडाना, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष यशपाल मावई, पार्षद जितेंद्र तेवतिया, हरकिशन तेवतिया, तेजपाल तेवतिया, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रश्मि सहरावत, रणवीर मनोज, आजाद पाठक, वीरेंद्र शर्मा, प्रवीण ग्रोवर, जिला मीडिया प्रभारी ईश्वर नवीन, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष संगीता गर्ग, क्रांति शर्मा, सुनीता सोनी, दया मूर्ति शर्मा, तीनों मंडलों के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, जोगेंद्र देशवाल, दिनेश शर्मा, ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष अमन भारद्वाज, पूर्व पार्षद केशव भारद्वाज, पंचवटी फेस टू के प्रधान डॉक्टर आरके शर्मा, महासचिव महेश बघेल और विभिन्न कार्यकर्ता व संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एसपीएस इंटरनेशनल में आजादी की 77वीं वर्षगांठ पर अलंकरण समारोह का आयोजन




**पलवल।** आजादी की 77वीं वर्षगांठ तथा अलंकरण समारोह के अवसर पर एसपीएस इंटरनेशनल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में क्षेत्र के प्रतिष्ठित गणमान्य लोगों सहित अभिभावकों ने भी बड़ी मात्रा में हिस्सा लिया।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एसपीएस इंटरनेशनल आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र के डीएसपी साकिर हुसैन तथा विद्यालय के चेयरमैन सुरेश भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। छात्रों ने अपने मनमोहक नृत्य, गायन तथा भाषण द्वारा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशभक्ति गीतों ने ऐसा समां बांधा कि सभी लोग झूमने को विवश हो गए। भारत माता के जयकारों और वंदे मातरम के नारों से पूरा प्रांगण गूंज उठा। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर संतुष्टि थापर ने अपने अनुभव सांझा करते हुए विद्यालय के विकास संबंधी अपनी योजनाएं बताईं। मेधावी छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए पुरस्कृत भी किया गया। ज्ञात हो कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर मोदी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम चलाया गया, जिसके तहत 15 अगस्त तक मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### गांव घोड़ी में गन्ने की फसल को लेकर किसान शिविर का आयोजन



**पलवल।** गांव घोड़ी में गन्ने की खेती को लेकर किसान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बीएस सहरावत पूर्व निदेशक बागवानी विभाग हरियाणा एवं सलाहकार धानुका एग्रीटेक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर द्वारा की गई। इस अवसर पर डॉ. लोकेंद्र सिंह, डॉ. धर्मवीर पाठक, डॉ. सुरेंद्र सिंह, संजय गांधी, प्रगतिशील किसान महेंद्र सिंह देशवाल सहित गणमान्य लोग मौजूद थे। सहरावत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को गन्ना उत्पादन में विश्व में दूसरा स्थान प्राप्त है। आज के समय में भी किसान गन्ने को परंपरागत तरीके से उगाते हैं, किंतु वर्तमान समय में बाजार में इसकी कई उन्नत किस्में देखने को मिल जाती है, जिन्हें उगाकर किसान अधिक पैदावार भी प्राप्त कर रहे है। गन्ने की खेती किसी भी तरह की उपजाऊ मिट्टी में की जा सकती है, किंतु गहरी दोमट मिट्टी में इसकी पैदावार अधिक मात्रा में प्राप्त हो जाती है। एक हेक्टेयर के खेत में तकरीबन 60 से 70 क्विंटल गन्ने के डंडियों की जरूरत होती है। गन्ने के डंडियों की रोपाई वर्ष में दो बार की जा सकती है। सर्दियों के मौसम में इसे अक्टूबर से नवंबर के महीने में लगाया जाता है तथा बसंत कॉलीन मौसम में रोपाई फरवरी से मार्च के महीने में की जाती है। शिविर में किसानों को गन्ने की फसल में आने वाली बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। किसानों को फसल की देखभाल करने तथा कीटनाशकों का सही प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी गई।

### छात्रों को बताया अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का महत्व



**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस गाइड्स और सेंट जॉन एंबुलेंस ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 17 दिसंबर 1999 को प्रत्येक वर्ष 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का प्रथम आयोजन वर्ष 2000 में किया गया था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1985 में अंतरराष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया था। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का विषय युवाओं के लिए हरित कौशल-एक सतत विश्व की ओर। एक अध्ययन के अनुसार 15 से 17 आयु वर्ग के बच्चे इस बारे में सबसे अधिक आशावादी हैं।

### पलवल से ड्राइवर गाड़ी व तीन लाख लेकर चंपत

**पलवल।** पलवल का एक गाड़ी ड्राइवर बल्लभगढ़ में माल खाली करने के बाद वहां से तीन लाख रुपए व गाड़ी को लेकर लापता हो गया। पुलिस ने मालिक की शिकायत पर ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। होडल थाना प्रभारी महेंद्र सिंह के अनुसार, कश्मीरी लाल एंड संस जीटी रोड़ बंचारी के पार्टनर कश्मीरी लाल ने दी शिकायत में कहा है कि उसने अपनी फर्म के लिए एक गाड़ी टाटा 909 ली हुई है। जिस पर बतौर चालक जनौली गांव निवासी मुकेश कुमार को रखा हुआ है। शिकायत में कहा है कि सात अगस्त को उसने अपनी गाड़ी में गेहूं व चावल होडल मंडी से भरकर श्याम कुटीर उद्योग बल्लभगढ़ के लिए भेजे थे। माल की कीमत तीन लाख दो हजार रुपए थी। उसने बताया कि ड्राइवर ने बल्लभगढ़ श्याम कुटीर उद्योग पर माल उतारकर खरीददार से फोन पर बात करा दी थी। जिसने माले के उसे तीन लाख रुपए नकद दे दिए। इसके बाद ड्राइवर गाड़ी व माल के तीन लाख रुपयों को लेकर बल्लभगढ़ से होडल के लिए चल दिया, लेकिन होडल नहीं पहुंचा। उसका फोन भी बंद आ रहा है। होडल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### सशस्त्र सीमा बल के जवान पर हमला

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ में रात को सशस्त्र सीमा बल के जवान के सिर बीयर की बोतल से शराबियों ने हमला कर दिया। जवान उनके बीच हो रहे झगड़े का बीच बचाव करने के लिए गया था। घायल जवान विक्रम सिंह को सिर पर गंभीर चोट आई है। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, नूंह हिंसा के चलते चावला कॉलोनी में सशस्त्र सीमा बल की तैनाती की गई है। जवान विक्रम सिंह अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद अग्रवाल धर्मशाला में आराम कर रहे थे। जब उन्हें नींद नहीं आई तो वह चावला कॉलोनी रोड स्थित एटीएम में पैसे निकलवाने के लिए चले गए। जब वह सौ फुट रोड स्थित चाय की दुकान के पास पहुंचे तो दो युवक झगड़ा कर रहे थे। विक्रम सिंह ने बीच-बचाव कराने का प्रयास किया तो दोनों ने उसके सिर पर बीयर की बोतल मारी। जिसके चलते उन्हें काफी गंभीर चोट आई। चोट लगने के बाद घटना की जानकार पुलिस को दी गई। चावला कॉलोनी पुलिस इंचार्ज ने बताया कि घायल के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और आसपास के सीसीटीवी की मदद ली जा रही है। घटनास्थल पर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### उधार दिए चार लाख मांगने पर दोस्त बना दुश्मन

**पलवल।** जिले में दोस्त बनकर पैसे उधार लिए गए। देने के समय दोस्त ही सबसे बड़ा दुश्मन बन गया। मामला चांदहट थाना क्षेत्र में सामने आया है। चांदहट थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना के अनुसार, किठवाड़ी गांव निवासी दिनेश दलाल ने बताया कि उसकी औरंगाबाद गांव निवासी अमृत से दोस्ती और आपसी भाईचारा था। अमृत को चार माह पूर्व आठ लाख रुपए की जरूरत पड़ी तो पीड़ित ने अपने दोस्त को 10 दिसंबर 2022 को चार लाख रुपए दे दिए, जिसने लेते समय चार माह में पैसे लौटाने की बात की थी। दिनेश के अनुसार, चार माह बाद उसने पैसे मांगने शुरू किए तो वह कोई न कोई बहाना बनाकर टाल देता था। दोस्ती के चलते वह ज्यादा कुछ नहीं कह पाता था, लेकिन जब समय ज्यादा हो गया तो पीड़ित ने अमृत से रुपए मांगे, लेकिन उसने दोस्ती भुलाते हुए गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू दीं। धमकी दी कि आपका मेरे पास कोई पैसा नहीं है। यदि अब तकादा किया तो वह आत्महत्या करके उसे झूठे केस में फंसा देगा। पीड़ित का कहना है कि दोस्ती में पैसे उधार लेने के बाद दोस्त ने धमकी देते हुए पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। अब उसने फोन उठाने भी बंद कर दिए हैं। वर्षों पुरानी दोस्ती मात्र चार लाख रुपए के कारण दुश्मनी में बदल गई। पीड़ित ने शिकायत में कहा कि पैसे मांगने पर आरोपी उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसके पैसे दिलाए जाएं और उसकी व उसके परिवार की सुरक्षा की जाए।

### फौजी से एटीएम कार्ड लूट खाते से उड़ाए 60 हजार

**पलवल।** जिले में एटीएम बूथ से पैसे निकालते समय फौजी के हाथ से एटीएम कार्ड लूट लिया गया। इसके बाद दो लुटेरों ने कार्ड से छह ट्रांजेक्शन करके 60 हजार रुपए निकाल लिए। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित फौजी की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार, कैराका गांव निवासी जतिन कुंडू ने शिकायत दी, जिसमें उसने बताया कि वह भारतीय सेना में कार्यरत है। छुट्टी पर आने के बाद उसे जब पैसों की जरूरत पड़ी। पीड़ित अपने एटीएम कार्ड से पैसे निकालने के लिए मीनार गेट स्थित बूथ पर गया, इस दौरान वहां दो लड़के आए। जतिन के अनुसार, वे दोनों पैसे निकालने की अफरा-तफरी करने लगे। वह जब तक कुछ समझ पाता दोनों उसका एटीएम कार्ड लूटकर भाग गए। पीड़ित जब तक अपना एटीएम कार्ड बंद करा पाता, उससे पहले ही आरोपियों ने उसके खाते से 10-10 हजार रुपए की छह ट्रांजेक्शन करके 60 हजार रुपए उड़ा लिए।


## 'माननीय' का दर्द

विधानमंडल के उच्च सदन के एक सदस्य बहुत दुखी हैं। उनके इस दर्द का कारण टोल वाले हैं, जो उन्हें विधायक समझते ही नहीं हैं। बीते दिनों सदन के दौरान उन्होंने पूरे सदन के समक्ष अपना दुख व्यक्त किया। कहा कि उच्च सदन से जो गाड़ी पर पास लगा है उसे देखकर टोल वाले जाने ही नहीं देते। कई तरह के सवाल करते हैं। इस पर सभापति ने साफ किया कि यह पास सिर्फ विधानसभा मुख्य भवन में प्रवेश के लिए है। टोल के लिए नहीं। इस पर उन्होंने कहा कि टोल पर बड़े-बड़े बोर्ड लगे हैं कि सांसदो, विधायकों और न्याय पालिका के किन-किन लोगों को टोल से छूट है मगर समस्या यह है कि जब तक हमारी गाड़ी में पुलिसकर्मी न बैठा हो तो वह हमें विधायक समझते ही नहीं और बैरियर भी नहीं उठाते। पहले तमाम सवाल करते हैं और अगर यह कह दिया कि एमएलसी हैं तब तो कहते हैं कि यह क्या होता है। सभापति ने उनके दर्द को समझा और नेता सदन में भी आश्वास्त किया कि वह इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय को पत्र लिखकर समस्या का निराकरण कराएंगे।



## उखड़ने लगे रेड कॉरपेट

नैक मूल्यांकन को लेकर आने वाली टीम के स्वागत में विश्वविद्यालय ने जो रेड कॉरपेट बिछाए थे, वो अब उखड़ने लगे हैं। रेड कॉरपेट की परत दर परत उखड़ रही है लेकिन विवि का इस तरफ कोई ध्यान नही है। जबकि स्वागत की तैयारियों व इसे बिछाने में लाखों के वारे न्यारे हो गए थे। उस दौरान विवि की सूरत व सीरत बदलने के लिए विवि ने पानी की तरह पैसा बहाया। जिसका परिणाम यह रहा कि मूल्यांकन में ए डबल प्लस की ग्रेड मिली। मिलेगी क्यों नही, पैसे में ताकत जो होती है। इस समय विवि क्यूएस रैंकिंग व एआईआरएफ रैंकिंग को लेकर जोर शोर से तैयारी कर रहा है। पिछले दिनों राजदरबार में मुखिया के कमेटी के सदस्यों ने अपना प्रजेंटेशन भी दिया था। विवि में इस समय एडमिशन का दौर चल रहा है। इस बीच परीक्षा और तैयारी भी। पर, जो रेड कॉरपेट उखड़ रहा है उसको लेकर विवि के अधिकारी अनजान है।




## अंदरखाने उथल-पुथल

भगवा पार्टी के भीतर खाने बड़ी उथल-पुथल चल रही है। जिलों में पदाधिकारी पद के इंतजार में कामकाज ठप किए बैठे हैं, वही संगठन के भीतर निजी स्वार्थ का द्वंद चल रहा है। कोई मंत्री रहते अध्यक्ष बनना चाहता है तो कोई अध्यक्ष पद छोड़कर मंत्री बनना चाह रहा है। यहां स्थित यह बन पड़ी है कि अध्यक्ष जी तो जिदिया गए हैं। कहते हैं कि हम अध्यक्ष हुए तो क्या हुआ मुझे भी मंत्री बनना है। मैं तो सरकार में मंत्री रह भी चुका हूं। अध्यक्ष पद पर आनंद नहीं आ रहा है। दिनभर बैठकों पर बैठक करते रहो, अपना तो कुछ भला होना नहीं, दूसरे को पद देने के लिए दिन रात सूची बनाते रहो। वह भी इन सूचियों का कोई मतलब ही नहीं। सूची बनके हाईकमान के पास जाती है तो पूरी बदल ही जाती है। देखा जाए तो पार्टी में अध्यक्ष हैं, संगठन मंत्री हैं लेकिन निर्णय हाईकमान से ही हो रहा है।



## जोर का झटका धीरे से लगा

नगर निगम में अवैध पार्किंग और जाम की समस्या को खत्म करने के लिए बड़े साहब ने नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियां उठाने का अभियान चलाने का टेंडर निकाला। टेंडर के माध्यम से निजी कंपनी को ठेका भी मिल गया, गाड़ियां धड़ल्ले से उठने लगीं लेकिन कई महीने बीतने के बाद जुर्माना वसूलने के बाद भी खजाने में वसूली धनराशि नहीं जमा हुई। फिर क्या था, पड़ताल करने पर बड़े साहब को हैरानी का ठिकाना न रहा। उन्हें जोर का झटका धीरे से तब लगा जब पता लगा कि लगभग 50 लाख रुपए का घपला हुआ है। इसमें इंजीनियरिंग विभाग के ही दो बड़े दिग्गजों का नाम आया। दोनों आमने-सामने आ गए। मामला जब महापौर तक पहुंचा तो उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए जांच के फरमान जारी कर दिए। इनमें से एक दिग्गज तो दूसरे मामले में निपट गए लेकिन दूसरे के बारे में फैसला आना अभी बाकी है।

# छह वर्ष पूर्व दूर की कौड़ी थी यूपी में निवेशः सीएम

## योगी ने गोरखपुर में 1200 करोड़ रुपए के निवेश वाले एथेनाल प्लांट का भूमिपूजन व शिलान्यास किया

- सपा-बसपा की सरकारों में यूपी के लोगों के सामने था पहचान का संकटः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छह वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश में निवेश दूर की कौड़ी थी। लचर कानून व्यवस्था के चलते लोग यहां उद्योग लगाने, कारोबार करने में डरते थे। जब उद्यमी और व्यापारी ही सुरक्षित नहीं थे तब उनकी पूंजी कैसे सुरक्षित रहती। बाहर से निवेशकों का यहां आना तो दूर, यहां के उद्यमी-व्यापारी भी भाग रहे थे। परए छह सालों में यूपी की कानून व्यवस्था पूरे देश में नजीर बनी है। हर निवेशक यूपी आना चाहता है, अधिकाधिक निवेश करना चाहता है। फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिला 36 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव इसका प्रमाण है। सीएम योगी शनिवार को गीडा सेक्टर 26 में मेसर्स केयान डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड के 1200 करोड़ रुपए के निवेश वाले एथेनाल व ईएनए प्लांट का भूमिपूजन व शिलान्यास करने के बाद यहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छह साल पहले सपा-बसपा की सरकारों में यूपी के लोगों के सामने पहचान का संकट था। यहां के नौजवानों को देश में कोई ठौर ठिकाना नहीं मिलता था। दूसरे राज्यों में लोग किराए पर मकान नहीं देना चाहते थे। हॉस्टल मिलने में दिक्कत होती थी। उसे पहचान छुपाने को मजबूर होना पड़ता था। आज नौजवानों के सामने पहचान का कोई संकट नहीं। वह शान से खुद को यूपी वाला बताता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फ रवरी माह में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर 10 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया था लेकिन यूपी में निवेश के प्रति बढ़े आकर्षण से 36 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इस निवेश से एक करोड़ नौजवानों को नौकरी व रोजगार की सुविधा मिलेगी। यूपी के नौजवानों को मुंबई, पंजाब, सूरत या बेंगलुरु जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उसे अपने ही जिले में रोजगार मिल जाएगा।

सीएम योगी ने कहा कि नए एथेनाल प्लांट की शुरुआत होने से सहजनवा का विकास ग्रीन एनर्जी के नए केंद्र के रूप में होगा। ग्रेन बेस्ड एथेनाल प्लांट लगने से अन्नदाता किसानों की आमदनी तो कई गुना बढ़ेगी हीए ऊर्जा व पेट्रोलियम के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। यही नहीं पेट्रो पदार्थों के लिए विदेश जाने वाला पैसा किसानों को जेब मे जाएगा। किसान समृद्ध होंगे तो देश समृद्ध होगा। किसानों को वेस्ट से भी कमाई होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज सहजनवा के जिस भीटी रावत में एथेनाल प्लांट लगने जा रहा है, वहीं 10 वर्ष पूर्व सपा सरकार बूचड़खाना लगाना चाहती थी। विरोध हुआ आंदोलन करके उसे रोका गया। अगर यहां सपा सरकार का थोपा बूचड़खाना का कलंक होता तो अन्य कोई उद्योग नहीं लग पाता। सीएम योगी ने कहा कि गीडा में सीपी मिल्क की तरफ से डेरी उद्योगए तत्वा प्लास्टिक की तरफ से पाइप निर्माण उद्योग, वरुण ब्रेवरेज की तरफ से बॉटलिंग प्लांट और केंद्रीय भंडारण निगम की तरफ से वेयरहाउस का निर्माण किया जा रहा है। अंकुर उद्योग का इस्पात प्लांट शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहजनवा और गीडा में निवेश, रोजगार व विकास कार्यों का संगम देखने को मिल रहा है। अकेले भीटी रावत में 207 एकड़ में औद्योगिक विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ी है। 25 एकड़ में गारमेंट पार्क का भी निर्माण किया जा रहा है। दुनिया में गारमेंट उत्पादों की काफी मांग है और यदि महिलाओं को प्रशिक्षित कर इस सेक्टर से जोड़ दिया जाए तो घरेलू कामकाज निपटाते हुए भी महिला 10000 से 15000 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त आय अर्जित कर सकती है। गारमेंटट पार्क के लिए 101 भूखंडों का विकास किया जा रहा है। इसके साथ ही गारमेंट सेक्टर के लिए फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स भी बनाया जा रहा है। 92 यूनिटों वाले प्लास्टिक पार्क का विकास किया जा रहा है।

# प्रदेश में निर्यात क्षमता को और बढ़ाने की जरूरतः मुख्य सचिव

- वर्ष 2024 में आम के निर्यात को 12 गुना तक बढ़ाने के लिए 15 दिन में रोडमैप प्रस्तुत करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में कृषि एवं औद्यानिक फसलों में निर्यात की संभावनाओं के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के प्रति कृत संकल्पित है। उत्तर प्रदेश में निर्यात की असीम संभावनायें हैं। उत्तर प्रदेश में निर्यात क्षमता को और बढ़ाने की जरूरत है। निर्यात बढ़ने से किसानों की आय कई गुना बढ़ने के साथ ही प्रदेश की जीडीपी में भी वृद्धि होगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने उद्यान विभाग को वर्ष 2024 में आम के निर्यात को 12 गुना तक बढ़ाने के लिये 15 दिन में रोडमैप तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस कार्य में (आईसीएआर) केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान का सहयोग लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अभी से तैयारी करेंगे, तभी आम के निर्यात को बढ़ा सकते हैं, इसलिये रोड मैप को अगले 2 महीने के भीतर प्रदेश में अमल में लाना होगा। उन्होंने कहा कि किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) व्यापारियों और निर्यातकों को गुणवत्ता वाले आम उत्पादन और विपणन में सहायता प्रदान की जाए।

# अखिलेश का पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान दरवाजे-दरवाजे दस्तक देने के लिए जुट जाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में अन्याय, अत्याचार, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। समाज का हर वर्ग इससे त्रस्त है। लोकसभा चुनाव 2024 में डबल इंजन की दोनों सरकारें जाएंगी। भाजपा सरकार प्रदेश में 80 की 80 सीटें हारेंगी। जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर है। समाजवादी पार्टी के पास जनता की ताकत है। अखिलेश यादव ने यह बात शनिवार को पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। अखिलेश ने कार्यकर्ताओं से आह्वन किया कि दरवाजे-दरवाजे दस्तक देने के लिए अभी से जुट जाएं। जमीनी स्तर पर लोकसभा चुनाव की तैयारियों में कोई कोर कसर नहीं रखें। कार्यकर्ता बिना अति उत्साह, अति आत्मविश्वास के काम करे। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलीम शेरवानी, धर्मेन्द्र यादव बदायूं के पूर्व सांसद आदि नेता उपस्थित रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बुलडोजर से उत्तर प्रदेश में अराजकता फैला रही है। भाजपा साजिश और षडयंत्र करके समाजवादी पार्टी के नेतृत्व को बदनाम करने की कोशिश करती है। भाजपा रणनीति बनाकर निर्दोष लोगों को फर्जी केसों में फंसाकर उन्हें परेशान कर रही है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार पुलिस हिरासत में सबसे ज्यादा मौतें उत्तर प्रदेश में हो रही हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सत्ता का दुरूपयोग करके संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। भाजपा अनैतिक राजनीति कर चुनाव को प्रभावित करती है। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भाजपा वोटबैंक की तरह इस्तेमाल करती है। भाजपा झगड़ा लगाकर समाज को बांटना चाहती है। भाजपा अंग्रेजों की नीति 'फूट डालो राज करो' पर चल रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जनता को बुनियादी मुद्दों से भटकाने में लगी है। भाजपा नागरिकों के अधिकारों और उनके सम्मान पर हमला कर रही है। भाजपा सरकार में छात्र, नौजवान किसान, व्यापारी सभी परेशान है। भाजपा की कुनीतियों से किसान का पशुधन अब किसान को ही बर्बाद कर रहा है। छात्र और नौजवानों का भविष्य अंधकार में है। व्यापारी लूटा जा रहा है। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के कारण संविधान खतरे में है। अभिव्यक्ति की आजादी को कुचला जा रहा है। भाजपा के षड्यंत्र से समाजवादी कार्यकर्ताओं को सावधान रहना है। भाजपा झूठा प्रचार करके सामाजिक माहौल खराब करने का काम रही है। प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला हो रहा है। भाजपा द्वारा सत्ता के दबाव से लोकतंत्र को प्रभावित किया जा रहा है।

# नई नियमावली विधानसभा सदस्यों के लिए सुविधाजनकः सतीश महाना

- महिला सदस्यों को विधानसभा में अपनी बात रखने में दी जाएगी वरीयता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि नई नियमावली में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। इसे सरल किया गया है। नई नियमावली आने से अब विधानसभा सदस्यों को सुविधा रहेगी। इसमें महिला सदस्यों को विधानसभा में अपनी बात रखने में वरीयता दी गयी है। साथ ही विशेषाधिकार के मामले में विधानसभा अध्यक्ष को भर्त्सना एवं जुर्माना देने के लिए अधिकृत किया गया है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने ये बातें शनिवार को विधानभवन स्थित राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि नियमावली बदलने का मुख्य कारण पूर्व में जिस प्रकार की आवश्यकताएं थी। उसी प्रकार की व्यवस्थाएं थी लेकिन 65 सालो के बाद देश में बहुत परिवर्तन देखने को मिला है। नई-नई तकनीक के चलते अब कई अवसरों पर समय की बचत होती है। जिसके कारण पुराने नियमों का महत्व कम हो गया है।



सतीश महाना ने कहा कि लोकतंत्र में सहमति और असहमति दोनों होती है। द्वन्द भी रहते है लेकिन उसकी मर्यादा रहनी चाहिए। लोकतंत्र में एक पक्ष की बात नहीं होनी चाहिए। प्रतिपक्ष का भी अपना महत्व होता है। सरकार का अपना रोल होता है तो दोनो मिलाकर जिस समय चलते है उस समय प्रदेश के हित की बात होती है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि संस्थानो की गरिमा एवं सम्मान बना रहना चाहिए। संवैधानिक संस्थाओं को उनकी मर्यादा और सम्मान के साथ उसकी प्रगति भी होती रहनी चाहिए।

महाना ने कहा कि जब विधायको की रूचि विधायी कार्य में होगीं तो स्वाभाविक रूप से उसका लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा। पहले यह एक विश्वास का था कि विधानसभा में बात उठाने से क्या फर्क पड़ता है लेकिन अब धारणा में बदलाव आया है। हमने पूर्व में ही इस बात की घोषणा की थी कि जो भी समस्याये विधानसभा में रखी जायेंगी। वो सिर्फरजिस्टर में अंकित होकर पुस्तकालय तक सीमित नहीं रहेंगी बल्कि वह सम्बन्धित विभाग में जायेगीं। विधानसभा में लाये गये विषयो के ऊपर सरकार के द्वारा काम किया जा रहा है। इसका लाभ यह रहा कि अब विधायक सदन की कार्यवाही में बढचढकर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस समय मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा था कि सभी विधायक यहाँ अपनी समस्या उठाये। इस पर पर मुख्यमंत्री से चर्चा की थी। इसके बाद से विधानसभा में बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। उस परिवर्तन के कारण सदन में विधायको की उपस्थिति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में डिजिटल गैलरी बनवाई गयी थी। इस बार डिजिटल कारीडोर पटल कार्यालय और भाजपा विधानमंडल कार्यालय में परिवर्तन किया। अब समाजवादी पार्टी समेत अन्य विधानमंडल कार्यालयों में परिवर्तन किया जाएगा। नई विधानसभा में कुछ और बदलाव जल्द देखने को मिलेगें। विधानसभा का यह स्वरूप पूरे देश और दुनिया में लोगों को आकर्षित कर रहा है। अब उत्तर प्रदेश विधानसभा का देश में सबसे खूबसूरत विधानसभा में नाम हो रहा है। विधानसभा के आंतरिक और वाहय स्वरूप में परिवर्तन आया है। इसकी चर्चा अब देश भर में हो रही है।

## 30 घंटे 23 मिनट चली मानसून सत्र में सदन की कार्यवाही

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की 18वीं विधान सभा के वर्ष 2023 का द्वितीय सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया है। पांच उपवेशनों मे सदन की कार्यवाही कुल 30 घंटे 23 मिनट चली। जिसमें 40 और 20 मिनट यानी दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद कुल 29 घंटे 23 मिनट चली। कार्यवाही के दौरान कुल प्राप्त प्रश्न 3348, स्वीकृत तारांकित प्रश्न 361, अतारांकित प्रश्न 2666, इनमें कुल 988 प्रश्न उत्तरित हुए। 2082 प्रश्न ;62.20 प्रतिशतद्ध आनलाइन प्राप्त हुए। इसी प्रकार सरकार से वक्तव्य मांगने वाले नियम.51 के अन्तर्गत 608 सूचनाएं प्राप्त हुई। इनमें वक्तव्य के लिए 17, केवल वक्तव्य के लिए 06 एवं ध्यानाकर्षण के लिए 311 सूचनाएं तथा 274 सूचनाएं अस्वीकार किए गए। 7 अगस्त से प्रारम्भ हुए 18वीं विधान सभा के वर्ष-2023 के द्वितीय सत्र में नियम 300 के अन्तर्गत कुल प्राप्त सूचनाओं की संख्या 13 स्वीकृत सूचनाएं 4 अस्वीकृत 9 रही। नियम-301 के तहत कुल 450 सूचनाएं प्राप्त हुई। जिनमें 279 स्वीकृत एवं 171 अस्वीकृत हुई। नियम.311 के अन्तर्गत कुल प्राप्त सूचनाओं की संख्या 5 अस्वीकृत 5, नियम-56 के अन्तर्गत कुल 85 सूचनाएं प्राप्त हुई, 12 ग्राहयता हेतु सुनी गयी तथा 11 सूचनाओं पर ध्यानाकर्षण किया गया। नियम 103 के अंतर्गत कुल प्राप्त 18 प्रस्तावों में ग्राह्य प्रस्ताव 16 व आग्राह्य 2 रहे। सदन में प्रस्तुत कुल प्रस्तावों की संख्या 7 वापस लिए गए प्रस्तावों की संख्या 3, सदन में प्रस्तुतिकरण के समय प्रस्ताव देने वाले सदस्य के उपस्थिति न रहने के कारण व्यपगत प्रस्तावों की संख्या 4, सदन में प्रस्तुतिकरण हेतु लम्बित प्रस्तावों की संख्या 2, विगत सत्रों के चर्चाधीन प्रस्तावों की संख्या 17 रही।

# प्रदेश में सस्ते उप खनिजों के लिए 790 नए खनन क्षेत्र चिन्हित

- मीरजापुर, झांसी प्रयागराज, गोरखपुर, बांदा समेत 10 प्रमुख जिले शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भूतत्व** एवं खनिकर्म विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 790 नए खनन पट्टे के लिए क्षेत्रों को चिन्हित किया है। इसमें मीरजापुर, झांसी, प्रयागराज, बांदा, हमीरपुर, महोबा, सहारनपुर, जालौन, बिजनौर और गोरखपुर जैसे दस जिले प्रमुख हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रदेश की जनता को वाजिब दामों में मौरंग, बालू, इमारती पत्थर समेत अन्य उपखनिज उपलब्ध कराने के लिए विभाग को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही उप खनिजों के परिवहन के लिए अधिक से अधिक रेल मार्ग का उपयोग करने के भी निर्देश दिए थे। इससे जहां सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी होगी, वहीं आम जनमानस को सस्ते दामों में उपखनिज मिलने के साथ पर्यावरण के लिहाज से भी काफ ी फ ायदेमंद साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जनता को वाजिब दामों में उप खनिज उपलब्ध कराने के लिए नए खनन पट्टे बढ़ाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि वर्तमान में प्रदेश में उप खनिजों की मांग के अनुरूप उपलब्धता कम है। ऐसे में मांग को पूरा करने के लिए अन्य राज्यों से उप खनिजों का परिवहन होता है। इससे उप खनिजों के दामों में काफ ी उछाल आता है। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार ने बताया कि विभागीय समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में उप खनिज के पट्टों की संख्या बढ़ाने पर काम शुरू कर दिया गया है।

प्रदेश भर में चिन्हित नए 790 खनन क्षेत्रों में प्रमुख दस जिलों का पहले ही उप खनिजों के खनन में 75 प्रतिशत योगदान रहा है। इस पर इनकी मॉनीटरिंग और सर्वे कराया गया, जिसके परिणाम स्वरूप इन दस जिलों में नये 601 क्षेत्र उप खनिज के खनन के लिहाज से उपयुक्त पाए गए।

वहीं 189 खनन के क्षेत्र प्रदेश के विभिन्न जिलों में चिन्हित किये गये हैं। इन चिन्हित क्षेत्रों में सीएम योगी के निर्देश के अनुसार इंडस्ट्रियल मिनिरल्स पर खासा फ ोकस किया गया है। मालूम हो कि वर्तमान में प्रदेश भर में कुल 1157 क्षेत्र उप खनिज के संचालित हैं। विभाग की सचिव डॉ. रौशन जैकब ने बताया कि मीरजापुर में 328, झांसी में 84, प्रयागराज में 36, बांदा में 34, हमीरपुर और महोबा में 26, सहारनपुर में 20, जालौन में 18, बिजनौर में 15 और गोरखपुर में 14 नये क्षेत्र उप खनिज के लिए उपयुक्त पाए गए हैं।


वहीं प्रदेश के विभिन्न जिलों में 189 नए क्षेत्र खनन के लिए चिन्हित किए गए हैं। इन नए क्षेत्रों में उप खनिज की मात्रा के आंकलन के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है। इन नए क्षेत्रों के सर्वेक्षण का कार्य जैसे-जैसे पूरा होता जाएगा, विभाग की ओर से टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश में बड़ी आतंकी घटना अंजाम देने की फिराक में था अहमद रजा

- एटीएस ने आतंकवादी की निशानदेही पर मुरादाबाद से बरामद की पिस्टल व कारतूस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रिमांड** के दौरान हो रही पूछताछ में मिली जानकारी के बाद आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी अहमद रजा उर्फ शाहरुख उर्फ मोहिनुद्दीन निवासी गुलडिया, थाना मूढ़ा पांडेय, मुरादाबाद की निशानदेही पर मुरादाबाद में उसके घर के करीब से .32 बोर की पिस्टल मय मैगजीन और आधा दर्जन कारतूस बरामद किए हैं। एटीएस के अनुसार बरामदगी के आधार पर पहले से दर्ज



मुकदमे में 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। अहम रजा का रिमांड अब आर्म्स एक्ट की धारा में लिया जाएगा।

अहमद रजा से पूछताछ के दौरान अहम जानकारी मिली है कि वह स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। पूछताछ में उसने बताया कि वह हिजबुल मुजाहिदीन के पोस्टर ब्यॉय बुरहान वानी व जाकिर मूसा से प्रेरित था। वह उनको अपना आदर्श मानता था। आरोपी के मोबाइल से वीडियो, फोटो व व्हाट्सएप, फेसबुक मैसेंजर चैट से एटीएस को महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई हैं। फिरदौस ने अहमद रजा को कश्मीर बुलाकर अनंतनाग की पहाड़ियों में आंतकवादी ट्रेनिंग दी थी। व्हाट्सएप, फेसबुक मैसेंजर चैट्स से यह भी पाया गया है कि आरोपी अहमद रजा पाकिस्तानी व अफगानी आतंकवादियो के सम्पर्क में था और उनसे हथियारों की ट्रेनिंग ले रहा था। आतंकी अहमद रजा तालिबानी सेना की स्पेशल फोर्स बदरी 313 कमाण्डो शाखा में शामिल होना चाहता था। उसके मोबाइल मे मुजाहिद्दीनों के लिए हथियारों की व्यवस्था करने की चैट व फोटो मिली है। आतंकी अहमद जैश-ए-मोहम्मद के पाकिस्तानी आतंकवादी वलीद के सम्पर्क में भी था जिसके कहने पर उसके द्वारा एक आटोमेटिक पिस्टल खरीदी गयी थी। आरोपी फिरदौस अहमद डार से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के मुताबिक, अहमद अपने साथी के साथ मिलकर आगामी स्वतंत्रता दिवस पर बड़ी आतंकवादी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। अहमद का सगा चाचा गुलाम अहमद डार (मुजाहिदीन) था। वर्ष 1994 में सेना की मुठभेड़ में मारा गया था। आरोपी अपने मुजाहिदीन चाचा गुलाम अहमद डार से प्रेरित था और जाकिर मूसा को अपना आदर्श मानता है। अहमद के मोबाइल से जाकिर मूसा का फोटो व अन्य जेहादी वीडियो पाए गए हैं। जिसमें मारे गए आतंकवादियों की शहादत का गुणगान किया गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 13 अगस्त, 2023



# थाना समाधान दिवस : डीएम ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजीं पुलिस व राजस्व टीमें

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जिले** के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना फरधान, थाना खीरी में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस थाना फरधान में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है।

इसके बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने थाना खीरी पहुंचे, जहां पर मौजूद फरियादियों की समस्याओं को मौके पर सुना तथा सम्बन्धित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो जाए। इसलिए माह के पहले व चौथे शनिवार को हर थाने पर समाधान दिवस का आयोजन होता है। थाना खीरी में एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीओ सदर संदीप सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाढ़ से जलजमाव वाले क्षेत्रों का डीएम ने लिया जायजा

संवाददाता। श्रावस्ती



**जिलाधिकारी** कृतिका शर्मा ने पहाड़ से आये पानी व बरसात के पानी से केन नाला उफनाने के करण हुए जल जमाव वाले क्षेत्रों गांवों का दौरा कर जायजा लिया तथा ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना।

इस दौरान जिलाधिकारी ने विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत भिनगा-लक्ष्मनपुर मार्ग पर स्थित केन नाले का पुल ग्राम पिपरहवा ग्राम दुधवनिया एवं बहादुरपुर आदि गांवों का दौरा कर जायजा लिया। जायजा लेने के दौरान यह पाया गया कि ग्राम पिपरहवा दुधवनिया के पास सड़क पर पूर्व में जो पानी बह रहा था वह बिल्कुल खत्म हो गया है और आम जनमानस के आवागमन में भी कोई दिक्कत नहीं है। फिर भी जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निरन्तर निगरानी रखने एवं ग्राम वासियों से सीधा संवाद बनाये रखने का निर्देश दिया है। पड़ोसी देश नेपाल के पहाड़ से जो केन नाला आता है, पहाड़ से एवं स्थानीय बरसात के पानी से नाले में उफान आ जाने के कारण नाले के किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर एवं गांवों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी जो धीरे-धीरे कम हो गया है अब स्थिति सामान्य है। जिलाधिकारी ने केन नाला से सम्बन्धित सभी उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में वर्षा के दौरान निरन्तर निगरानी रखकर आमजनमानस से सीधा संवाद रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होने बाढ़ कार्य खण्ड के अधिशासी अभियंता से लेकर सहायक अभियंता एवं अवर अभियंताओं को जिले के सभी तटबन्धों पर निरन्तर निगरानी रखने का निर्देश दिया है।

# बीमारियों के फैलने की आशंका से उड़ी ग्रामीणों की नींद

संवाददाता। सीतापुर

- मार्गों पर कीचड़ होने से आने जाने में हो रही दिक्कत
- मार्गों से लेकर घरों तक में फैला हुआ है कीचड़
- रामपुर मथुरा ब्लॉक क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बीमारियों के फैलने का बना अंदेशा
- बाढ़ का पानी सिमटने के बाद फैल सकती हैं संक्रामक बीमारियां
- बोले सीएचसी अधीक्षक गांवों में भेजी जाएगी डॉक्टरों की टीम

**सीतापुर** के गांजरी इलाके में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। जिले की बाढ़ प्रभावित तहसील महमूदाबाद के करीब तीन दर्जन गांव की हजारों आबादी संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका से डरी व सहमी हुई है। दरअसल क्षेत्र में उफ्नाई सरयू से आया बाढ़ का पानी धीरे-धीरे कम होने लगा है। बाढ़ का पानी सिमटने के बाद संक्रामक रोगों के तेजी से पांव पसारने के आसार बनते जा रहे है। यही नहीं घरों और मार्गों पर कीचड़ होने से रहने और आने जाने में भी दिक्कते हो रही है। बता दें कि महमूदाबाद तहसील के ब्लाक रामपुर मथुरा के अंगगरौरा, सोतीपुरवा, बाबाकुटी, बलेश्वरपुरवा, अर्जुनपुरवा, निरंजनपुरवा, धांधीरेती के आने जाने वाले मार्गों पर पानी कम होने लगा है। ग्राम अंगरौरा के ग्रामीण पुत्ती, मुन्नू, सोहन, पिंटू, रामलखन, मिश्री, सहजू, शिवराज, सोहन, गोगे, नरेश आदि ने बताया कि उनके घरों में भरा पानी सिमट गया है, लेकिन कीचड़ होने से दिक्कते बढ़ गई है। बाढ़ का पानी निकल जाने के बाद अब संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। तहसील बिसवां क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोलोक कोडर क्षेत्र में जिन मार्गों पर पानी फैल गया था वहां फ़िलहाल पानी सिमट जाने से मार्ग खुल गए है। सीएचसी रामपुर मथुरा अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार वर्मा ने बताया संक्रामक रोगों से बचाव के लिए ग्रामीणों में दवाओं का वितरण कराया जाएगा। टीमें बनाकर प्रभावित गांव में भेजी जाएंगी और संक्रामक रोगों को फैलने से रोकने संबंधी सभी उपाय किए जाएंगे। तहसीलदार महमूदाबाद सुखबीर सिंह ने बताया जलस्तर में कमी आई है जो बाढ़ पीड़ित तटंबध पर रह रहे है उन परिवारों को भोजन की व्यवस्था कराई जा रही है। बता दें कि सरयू के जलस्तर में कमी आई है लेकिन पानी अभी खतरे के निशान के बराबर बना हुआ है। कल तक सरयू में बाढ़ का पानी खतरे के निशान 119 से 40 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा था। हालाकिं बैराजों से लगातार पानी छोड़े जाने का सिलसिला भी जारी है। शनिवार को बनबसा बैराज से 56550, शारदा बैराज से 138707, गिरिजा बैराज से 141702 कुल 3 लाख 36 हजार 959 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

# शहीदों के बलिदानों को याद किया

**शाहजहाँपुर।** मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य सुरेश कुमार खन्ना ने शहीद उद्यान पार्क एवं गांधी भवन में शिलाफ्लकम का अनावरण कर हाथ में दिया लेकर पंच प्रण की शपथ ग्रहण ली इस अवसर पर माननीय मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य सुरेश कुमार खन्ना ने शहीदों के बलिदानों को याद किया, उन्होंने कहा कि यह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने बहुत ही यातनाएं सही है व बहुत बड़े-बड़े बलिदान दिए हैं, उन्होंने कहा कि उनका केवल एक ही लक्ष्य था कि आने वाली पीढ़ी को एक स्वतंत्र वातावरण में जीने का अवसर मिल सके, जिसके लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति तक दी है। उन्होंने कहा की आज पहले जैसी स्थिति नही है लेकिन अपने आप को कष्ट में डालकर यदि किसी की मदद हो सकती है तो हम करें यही प्रेरणा हमें इन शहीदों से व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से मिलती है। उन्होंने कहा की हमारे प्रधानमंत्री एवं मुख्य मंत्री जी ने प्रेरणा लेने के लिए ही इस अवसर को प्रदान किया है जिसके लिए माननीय मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।, मंत्री जी के साथ जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी एसबी सिंह,अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, सहित मौजूद गणमान्य व्यक्तियों ने भी पंच प्रण की शपथ ग्रहण की इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# कांवड़िए की पलटी ट्राली 14 लोग घायल

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के स्टेट हाईवे के गांव चौरसिया के निकट नीलकंठ ढाबा के सामने का हैं। जहां सुबह बजे पांचाल घाट फर्रुखाबाद से कांवड़िए जल लेकर ट्रैक्टर ट्राली पर सवार श्रद्धालु गोला गोकर्ण नाथ जा रहे थे। तभी ट्रैक्टर के ड्राइवर परविंदर ने ट्राली को तेज गति से चलाना शुरू किया और उसने दूसरे ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और अचानक ब्रेक लगाया। जिससे ट्राली के दो पहिए ऊपर 2 जमीन में लगे रहे। कांवड़ियों की ट्रैक्टर ट्राली पूरी तरीके से नहीं पलटी। आधी पलटी ट्राली पर सवार 14 लोग घायल हो गए। जिसमें एक को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।घायलों में रवि पुत्र रामकुमार, डब्लू पुत्र रामकुमार ,ठाकुरी पुत्र नन्हे, ओमेंद्र पुत्र बिंदा, गगेश पुत्र छुन्नू ,धर्मेंद्र ,पुत्र राजेंद्र, शिवचरण पुत्र नेमपाल, आदेश पुत्र सुरेंद्र, लज्जाराम पुत्र रक्षपाल, विश्राम पुत्र नन्हे लाल निगोही, उमेश ,आदेश,भगवान दास, अमित व सुमित शामिल है। अधिकतर कांवड़िए थाना कांट क्षेत्र के गांव महानपुर के रहने वाले हैं।एक की हालत गमभीर है।

# 16 अगस्त को सूबे के पशुपालन मंत्री करेंगे अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र का लोकार्पण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**शनिवार** को पशुपालन विभाग, उप्र के निदेशक (प्रशासन एवं विकास) डॉ इंद्रमणि, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उप्र पशुधन विकास परिषद डॉ नीरज गुप्ता के संग जनपद खीरी पहुंचे, जहां उन्होंने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से मुलाकात कर पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं मजरा में अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र के शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मुख्य रूप से सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह मौजूद रहे।

इसके बाद निदेशक डॉ इंद्रमणि और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ नीरज गुप्ता ने मजरा पहुंचे, जहा उन्होंने स्थलीय निरीक्षण करके करीब 9.50 करोड़ की लागत से बनकर तैयार 卐अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र卐 के शुभारंभ की तैयारी परखी। उन्होंने संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए उनके उत्तरदायित्व बताएं।

निदेशक इंद्रमणि ने बताया कि जनपद खीरी के मजरा में बनकर तैयार यह केंद्र अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिसका लोकार्पण प्रदेश के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह 16 अगस्त को दोपहर 12 बजे करेंगे। उन्होंने संयुक्त निदेशक डॉ जगदीश प्रसाद को निर्देश दिए की इस लोकार्पण कार्यक्रम में कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं एवं अच्छे नस्ल के पशुपालकों एवं विशेषकर मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। उन्होंने बताया कि इस लोकार्पण कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव (पशुपालन) वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ रजनीश दुबे, विशेष सचिव (पशुपालन) शिव सहाय अवस्थी, देवेंद्र पांडेय सहित पशुपालन के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# थाना समाधान दिवस का आयोजन

**अंबेडकर नगर।** जनसमस्याओं के निराकरण के संबंध में निर्गत शासनादेश के क्रम में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए थाना समाधान दिवस का आयोजन सभी थानों में किया गया। थाना बसखारी में थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। थाना बसखारी में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 25 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 10 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 15 शिकायती प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी टांडा सचिन यादव, क्षेत्राधिकारी टांडा, थाना अध्यक्ष बसखारी, कानूनगो /लेखपाल तथा थाना के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ नौनिहाल भी पहुंचेंगे स्कूल

संवाददाता। सीतापुर

- बच्चों के लिए होगी विशेष भोजन व जलपान की व्यवस्था
- बच्चों की ओर से प्रस्तुत किए जाएगें विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम
- आजादी के महत्व से रूबरू होंगे बच्चे
- चार घंटे से अधिक समय तक के लिए खुलेंगे विद्यालय

**सीतापुर** के परिषदीय विद्यालयों में इस बार रविवार को भी स्वतंत्रता दिवस की धूम दिखाई और सुनाई देगी। यानी की 13 अगस्त रविवार को भी जनपद के सभी परिषदीय विद्यालय खुले रहेगें। विद्यालय पहुंचने वाले नौनिहालों के लिए एमडीएम के तहत विशेष भोजन और जलपान की व्यवस्था की जाएगी। यानी की अन्य दिनों की तुलना में उन्हे विशेष भोजन भी परोसा जाएगा। विद्यालयों में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चो में राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई जाएगी। विद्यालय पहुंचने वाले बच्चे आजादी से जुड़ी तमाम रोचक जानकारियों से रुबरु होगें। बता दें आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष पूरे होने और यहां के लोगों, संस्कृति एंव उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने और जश्न मनाने के लिए भारत सरकार की ओर से की जाने वाली एक पहल है।

# स्वतंत्रता आंदोलन में उर्दू का योगदान अहम : रईस

संवाददाता। संडीला(हरदोई)



**स्वतंत्रता** आंदोलन में उर्दू भाषा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है और देश को आजाद कराने में उसके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह उद्गार नगर पालिका चेयरमैन हाजी मो0 रईस अंसारी ने अंजुमन तरक्की उर्दू द्वारा आयोजित एक सेमीनार में बोलते हुए व्यक्त किए।

सागरकदा, अशराफ टोला में आयोजित जंग ए आज़ादी में उर्दू ज़बान का योगदान विषय पर आयोजित सेमीनार में बोलते हुए मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के चेयरमैन मो0 रईस अंसारी ने कहा कि उर्दू ज़बान के ''इंकलाब ज़िंदाबाद'' के नारे ने न जाने कितने दिलों में जोश भरा और न जाने कितने लोगों के लिए जंग ए आज़ादी में हिस्सा लेने का प्रेरक बना। इसी तरह पं0 रामप्रसाद बस्मिल के शेर ''सरफ़रोशी की तमन्न अब हमारे दिल में है, देखना है ज़ोर कितना बाज़ू ए कातिल में है। '' के द्वारा असंख्य लोगों को स्वतंत्रता संग्राम ने अंग्रेज़ों का प्रतिरोध करने के लिए हमें प्रेरित किया।

लेखक सईद अहमद संदीलवी ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय धार्मिक एकता, भाईचारा, स्वतंत्रता और देशभंक्ति की झनकार जो उर्दू शायरी में सुनाई देती है उसमें इंकलाब की शमा जलाई और निराश लोगों में उम्मीद की शमा रोशन की। उर्दू लेखक फ़रीदउद्दीन ने कहा कि जिस वक्त हिन्दुस्तान पर अंग्रेज़ों ने कब्ज़ा किया उस वक्त हिन्दुस्तान में अधिकतर लोग उर्दू भाषा बोलते, पढ़ते और लिखते थे और उर्दू भाषा में ही शायरी और अफ़साना निगारी के द्वारा लोगों को जागरूक करने कहा कार्य किया गया। इसी अवसर पर अंजुमन तरक्की उर्दू के अध्यक्ष शमीम अहमद, शायर डॉ0 जुबैर सिद्दीकी, चौ0 नदीम, मुईज सागरी ने भी अपने विचार रखे। इसी अवसर पर सईद अहमद संदीलवी की पुस्तक 'रंग ए सुखन' का विमोचन भी किया गया।

# किसान की करंट की चपेट में आने से मौत

संवाददाता। शाहजहांपुर

**किसान** की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। किसान सुबह शौच के लिए जा रहा था। गांव के रहने वाले दूसरे किसान ने खेत के आसपास लगे आरी के तारों में करंट छोड़ दिया था। उसी करंट की चपेट में आने से किसान के हाथ और पैर जल गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना तिलहर क्षेत्र के गांव हिसमाह निवासी 45 साल का वीरपाल मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसके पास सिर छुपाने के लिए एक टूटी झोपड़ी है। जिसमें उसकी पत्नी और दो बच्चे रहते हैं। शनिवार सुबह वीरपाल गांव में शौच करने के लिए जा रहा था। गांव के रहने वाले भूरे ने अपने खेत के आसपास आरी वाले तार लगा रखे हैं। बीती रात खेत मालिक ने तारों में करंट छोड़ दिया था। सुबह होने पर भी मालिक ने करंट बंद नहीं किया।

वीरपाल शौच के लिए जाते समय खेत पर लगे तारों की चपेट में आ गए। करंट लगते ही हाथ और पैर जल गए और वीरपाल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। तारों में करंट छोड़े जाने का विरोध किया। आरोप है कि खेल मालिक और उसके साथी मारपीट पर उतर आए। उसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार की तरफ से खेत मालिक के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है।ग्रामीणों के अनुसार, वीरपाल बहुत गरीब है। उसके पास रहने के लिए टूटी झोपड़ी है। पिछले करीब तीस साल से इसी टूटी झोपड़ी में रहकर गुजर-बसर कर रहा था। आर्थिक तंगी से जूझ रहा वीरपाल एक साल पहले बीमार हो गया था। तब जैसे-तैसे उसने उधार लेकर अपना इलाज कराया था।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में श्रम बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुयी

संवाददाता। शाहजहाँपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला श्रम बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में श्रमिकों और नियोजकों के मध्य समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। बैठक में विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु कड़े निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने श्रमायुक्त को निर्देशित करते हुये कहा कि किसी भी दशा में श्रमिकों का शोषण बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्हाने निर्देश दिये कि श्रमिकों का शोषण करने वाली संस्थाओं को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाये। जिलाधिकारी ने विभागों के अधिकारियों को उनके अधीन कार्यरत कार्यदायी संस्थाओं व उनके ठेकेदारों की साइट का पंजीयन तथा नियोजित निर्माण श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन करने हेतु श्रमायुक्त को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा श्रम उपकर के विषय में समस्त विभागों को ससमय उपकर जमा करने तथा जमा राशि को श्रम विभाग द्वारा जारी आई0डी0 पर फीड करने व श्रम विभाग में अधिष्ठान पंजीयन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने जनपद को बाल श्रम से मुक्त कराने हेतु विशेष रूप से कार्यवाही किये जाने हेतु श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में श्रमिक प्रतिनिधि श्री पवन कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष, इण्टक द्वारा अवगत कराया गया है कि कारखानों ध् अधिष्ठानों में 12 घण्टे की मजदूरी तथा न्यूनतम वेतन से कम भुगतान किया जाता है, जिस हेतु जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया तथा साथ ही जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों को श्रम विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर व्यापक स्तर पर श्रमिक पंजीयन कराने व श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया।

# शिवालिक महाविद्यालय भिनगा में सेमिनार का हुआ आयोजन

संवाददाता। श्रावस्ती

**मुख्यमंत्री** अभ्युदय योजना के अंतर्गत UPSC/UPPSC/NEET/JEE/NDA/CDS एवं अन्य एकदिवसीय परीक्षाओं हेतु लव विद्यापीठ एवं शिवालिक महाविद्यालय भिनगा में जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ0 एस0एन0 सिंह द्वारा अभ्युदय योजना के उद्देश्य विशेषताएं एवं आवेदन प्रक्रिया एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई।



जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि UPSC/NEET/NDA/CDS एवं एक दिवसीय परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवेदन अभी भी हो रहे हैं विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय का भी संचालन किया जा चुका है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उच्च स्तरीय विशेषज्ञों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है जिसका लाभ उठाकर वे अपने मुकाम को हासिल कर सकते है और अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते है।

इस अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत प्राचार्य शिवालिक महाविद्यालय ज्ञानेंद्र सिंह प्रधानाचार्य लव विद्यापीठ अनुराग पाठक अभ्युदय मार्गदर्शन समिति सदस्य डॉ. सूर्य नारायण सिंह प्रमोद मौर्या आर.पी. सिंह एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में अगले पांच दिन भारी बारिश का अनुमान, मौसम विभाग ने जारी अलर्ट

- अनुमानित बारिश के क्रम में शारदा-घाघरा नदी में जलस्तर बढ़ने की अलर्ट

**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि उत्तराखंड में अगले पांच दिन भारी बारिश का अनुमान है। इसके मद्देनजर जिले की शारदा और घाघरा नदी में 14 से 18 अगस्त के बीच तेजी से जलस्तर बढ़ सकता है। इसके अलावा मोहना, करनाली और सुहेली नदी भी बढ़ेंगी। इसके दृष्टिगत जरूरी सतर्कता और सावधानी बरतें।

उन्होंने बताया कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून से जारी मौसम पूर्वानुमान/ चेतावनी के जरिए उत्तराखंड प्रदेश में अगले पांच दिन भारी बारिश का अनुमान बताया है। डीएम ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अभियंताओं को स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने का निर्देश दिया है। सभी एसडीएम/तहसीलदार अपने क्षेत्र अंतर्गत स्थापित सभी बाढ़ चौकी को अलर्ट मोड में रखे। छोटी नावों का कदापि प्रयोग ना करें। बड़ी नाव का सुरक्षित तरीके से आवश्यकता अनुसार प्रयोग करें, जिसमें क्षमता से अधिक व्यक्ति सवार न हो।

# एडीएम ने किया बाढ़ प्रभावित गांव का दौरा, देखा सूरत ए हाल

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शनिवार** को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह ने तहसील सदर, विकासखंड फूलबेहड़ अंतर्गत मिलपुरवा बंधे सहित प्रभावित गांव का स्थलीय निरीक्षण किया, संचालित कर प्रभावित गांवों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए मुस्तैद रहने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी राजस्व कर्मी प्रभावित गांव में सतर्क दृष्टि रखकर हर प्रभावित परिवार को अनुमन्य सहायता उपलब्ध कराएं। यह शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है।



संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। एडीएम ने एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह के साथ तहसील सदर के बाढ़ प्रभावित गाँव गोपालपुर, खगईपुर,छोटी कन्धी, नरहर, गूम का निरीक्षण कर प्रभावित परिवारों का दुख दर्द जाना। उन्होंने प्रभावितों से संवाद कर प्रशासन की ओर से हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। एडीएम ने न केवल बाढ़ चौकिया को अलर्ट किया बल्कि उन्हें सक्रियता से तहसील सदर के बाढ़ प्रभावित गांवों में एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह के निर्देश सन एवं मार्गदर्शन में राजस्व टीमों द्वारा खगई पुवा, बालूगज, नरहर, मंगलीपुरवा, बवशीपुरवा, इच्छारामपुरवा, जदीदपुवा, रमपुरवा, कुचलिहा, जगन्नाथपुरवा, खमरिया, सिंधिया, मेहंदी, बड़ागाव, बसंहाभूड़ में लंच पैकेट का वितरण अपनी देखरेख में कराया जा रहा है।

# हर व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाए : सुरेश कुमार खन्ना



**शाहजहाँपुर ।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत नगर निगम के तत्वावधान में खिरनीबाग रामलीला मैदान में सघन वृक्षारोपण के क्रम में पौधारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने तिकोमा के पौधे रोपित किए । इस अवसर पर मंत्री ने कहा पर्यावरण को सरंक्षित करने के उद्देश्य से हर व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाए जाने एवं उसकी देखभाल करने के लि प्रेरित करे। महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के मा0 अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, समस्त मा0 पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, महाप्रबंधक जलध् उद्यान प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, सहायक अभियंता जलध् उद्यान प्रेम चन्द्र आर्य एवं अन्य अन्य प्रशासनिक अधिकारी तथा सम्भ्रांत नागरिकों द्वारा विभिन्न प्रकार प्रजाति के पौधों जैसे-कदम, तिकोमा के पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर मंत्री ने पर्यावरण को सरंक्षित करने के उद्देश्य से हर व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाए जाने एवं उसकी देखभाल करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में लोग उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक खेती से करें मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण की रक्षा : आर के सिंह पटेल

- श्री अन्न की खेती कर किसान बदले अपनी तकदीर-अभिषेक आंनद
- एफपीओ बनाकर किसान पाएँ अपने उत्पाद का उचित मूल्य-अशोक जाटव



**संवाददाता।** चित्रकूट

**कृषि** विभाग द्वारा जिला स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेला का आयोजन राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर चित्रकूट में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने किसानों का आह्वान किया कि अपने जनपद में परंपरागत फसलों जैसे ज्वार बाजरा श्री अन्न, उर्दू मूंग अरहर, तिल आदि की बुवाई करके अधिक लाभ प्राप्त करें। खेती-बारी, दूध-दुहान एक साथ करके अपनी ज़रूरत की चीजें जैसे अनाज के साथ साथ साग सब्जी, फल फूल, डेयरी उत्पाद का उत्पादन करें। इसीलिए इस गोष्ठी में सभी विभागों को बुलाया गया है। ताकि किसान भाई एक ही जगह पर सारी जानकारी प्राप्त कर सकें।

शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेला का आयोजन का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते हुए सांसद श्री पटेल ने कहा कि श्री अन्न या मोटे अनाज जिनमें ज्यादा कृषि निवेश और अधिक देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती, कम क्षेत्रफल में अधिक लाभ देते हैं। बाज़ार में मोटे अनाज जैसे ज्वार बाजरा, सांवा, कोदो आदि की कीमत धान गेहूँ से काफी अधिक है।

उन्होंने किसानों से कहा कि प्राकृतिक खेती करके मानव स्वास्थ्य, अपनी मिट्टी और पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न, सब्जी, फलोत्पादन करके कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त करें। किसान संगठित होकर कृषक उत्पादन संगठन बनाकर निवेश का विपणन व किसानों द्वारा पैदा किए गए उत्पादों को ऊँची कीमत पर बेच सकते हैं। जिले में इस समय 19 एफपीओ बने हुए हैं। जिनसे जुड़कर किसान लाभ उठा सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने इस वर्ष खरीफ फसलों में आच्छादन बढ़ाने पर जोर देते हुए किसानों का आह्वान किया कि धान गेहूँ जैसी फसलों से हटकर दलहनी, तिलहनी फसलों व श्री अन्न की खेती से अधिकाधिक क्षेत्र में करें ताकि कम लागत में अधिक लाभ मिल सके।

## कार से काली फिल्म उतारकर, आधा सैकड़ा वाहनों के हुए चालान

**फर्रुखाबाद।** पांच विद्यालय वाहन सहित आठ वाहन सीज किए गए, गंभीर अनियमितता मिलनें पर पांच स्कूली वाहन सीज कर दिये गये। जबकि तीन प्राइवेट वाहनों पर भी सीज की कार्यवाही की गयी।

कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के विभिन्य स्थानों पर एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी रजनेश कुमार की संयुक्त टीम द्वारा सघन चेकिंग की गयी। चेकिंग में 5 स्कूली वाहनों को गंभीर अनियमितता पाने पर कोतवाली में सीज कर खड़ा कराया गया । सीज किये जाने वाले वाहनो में एमएएस सूरज एकेडमी, श्री राम सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय , एपी पब्लिक स्कूल तथा रामनारायण महिला महाविद्यालय के वाहन शामिल हैं। एपी पब्लिक स्कूल की बस का कोई भी प्रपत्र वैध नहीं पाया गया व उस पर 8 लाख का टैक्स भी बकाया था । एपी पब्लिक स्कूल कायमगंज में संचालित एक मारुति वैन को भी स्कूली छात्र ले जाने के अभियोग में सीज कर दिया गया ।

# मिनी मैराथन से उज्जवल होगा बच्चों का भविष्य : पंकज अग्रवाल

संवाददाता। चित्रकूट

**मेरी** माटी मेरा देश के अंतर्गत क्षेत्रीय खेल कार्यालय एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश मिनी मैराथन रेस का आयोजन एलआईसी तिराहे से किया गया। मिनी मैराथन रेस का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर अध्यक्ष कोऑपरेटिव बांदा-चित्रकूट पंकज अग्रवाल द्वारा किया गया। मिनी मैराथन रेस में जनपद के बालक-बालिकाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। पीआरडी के जवानों ने रेस प्रारंभ स्थल से लेकर स्पोर्ट्स स्टेडियम तक व्यवस्था संभाली। स्टेडियम में विजेता खिलाड़ियों को पंकज अग्रवाल द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान चिन्मय, दूसरा स्थान जयदीप व तीसरा स्थान आंसू ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान गंगा देवी, दूसरा स्थान सोनाली देवी और तीसरा स्थान बबली देवी ने प्राप्त किया। क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी विजय कुमार द्वारा नशा मुक्त की शपथ दिलाएगा। उन्होंने कहा है कि नशा जीवन के लिए अभिशाप है जो व्यक्ति युवा नशे की



लत में पड़ जाएगा वह अपने परिवार का अपने समाज का प्रदेश और देश का विकास नहीं कर सकता।

इसलिए व्यक्ति स्वयं नशा ना करें तथा दूसरों को नशा न करने के लिए प्रेरित करें। वहीं जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने अपने संबोधन में नशे को जीवन के लिए घातक बताया है । नशा व्यक्ति के जीवन के लिए उचित नहीं है और जो चीज उचित ना हो उसे व्यक्ति को ग्रहण नहीं करना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### जिलाधिकारी ने मिनी मैराथन का हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कानपुर देहात।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम/अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवा कल्याण विभाग, खेल विभाग, नेहरू युवा केंद्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मिनी मैराथन का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार से स्पोर्ट्स स्टेडियम माती तक किया गया। मिनी मैराथन का शुभारंभ जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया। मिनी मैराथन में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए जिलाधिकारी द्वारा स्वयं भी प्रतिभागी किया गया। युवा कल्याण अधिकारी, क्रीड़ाधिकारी, नेहरू युवा अधिकारी के नेतृत्व में मंगल दल के सदस्यों, नेहरू युवा केंद्र के युवा दल के सदस्यों व खिलाड़ियों द्वारा मिनी मैराथन में भाग लिया गया।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का 14 अगस्त को होगा आयोजन

**कानपुर देहात।** निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ के प्राप्त निर्देशों के क्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अकबरपुर, कानपुर देहात परिसर में दिनांक 14 अगस्त 2023 को प्रातः 10:30 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले (पी0एम0एन0ए0एम0) का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कानपुर देहात एवं अन्य जिलों की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यार्थी व्यवसाय-फिटर ,इलेक्ट्रीशियन ,मोटर मकैनिक ,डीजल मैकेनिक, टर्नर ,आर0ए0सी0, कोपा, प्लंबर एवं टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल व्यवसाय के अभ्यर्थी 10:30 बजे से 3:30 बजे तक अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति के साथ मेले में प्रतिभाग कर अप्रेंटिसशिप प्राप्त कर सकते हैं । यह जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अकबरपुर आलोक कुमार द्वारा दी गई है।

### शिक्षिका से अश्लील हरकते करने पर प्राइमरी हेडमास्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हमीरपुर। कुरारा क्षेत्र में प्राइमरी शिक्षिका के साथ विद्यालय के हेडमास्टर द्वारा अश्लील हरकते करने पर शनिवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है,इसके पहले हेडमास्टर को बीएसए ने निलंबित कर दिया था। पुलिस के मुताबिक कन्या प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका के साथ हेडमास्टर अमित सिंह उसे जबरन अपना दोस्त बनाने व स्कूल में अश्लील हरकते कई मर्तवा कर चुका था, पीडिता ने इस मामले की शिकायत डीएम चंद्रभूषण व पुलिस अधीक्षक से की थी।जिलाधिकारी द्वारा चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया था जांच में हेडमास्टर दोषी पाया गया था। इस पर बीएसए ने आठ अगस्त को हेडमास्टर को निलंबित कर दिया था आज पुलिस ने हेडमास्टर के खिलाफछेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### एसडीएम ने दिये रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश

मौदहा, हमीरपुर। नगर की बेशकीमती जमीन की हदबंदी के लिए लेखपाल के द्वारा पत्थर गड्डी करने के बाद आरोपियों ने उखाड़ कर फेक दिया।एसडीएम ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश कर दिये है। नगर के हुसैनगंज मोहल्ला निवासी घम्मू उर्फनिजामुद्दीन चकरोड में अवैध कब्जे को लेकर शिकायती पत्र दिया था जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंच चिन्हि करण करवा पिलर लगवा दिए थे। और उनके आने के थोड़ी देर बाद अवैध कब्जा धारकों ने उस चिन्ह ध्वस्त करा दिया। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने उपजिलाधिकारी के यहाँ पहुंच न्याय की गुहार लगाई है जिसमें नगर के लेखपाल को एसडीएम राजेश कुमार मिश्रा ने आदेशित किया इस संबंध में नगर के लेखपाल अवनीश कुमार को में बताया कि उक्त आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराने के लिए प्रारंभिक कार्यवाही की जा रही है।

### विशेष लोक अदालत में एनआई एक्ट के 55 वाद निस्तारित

फतेहपुर। शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एनआई एक्ट की धारा-138 के अन्तर्गत लम्बित वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रातः दस बजे मीटिंग हाल में किया गया। जनपद न्यायाधीश ने 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत समस्त न्यायिक अधिकारियो को अपने हाथो से तिरंगा देकर सभी को अपने-अपने घरो में फहराने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर न्यायिक अधिकारियों में अखिलेश कुमार पाण्डेय, प्रमोद कुमार गंगवार, विनोद कुमार चौरसिया, अनिल कुमार, विनय तिवारी, नित्या पाण्डेय, अविजीत भूषण, राजबाबू, रोमा गुप्ता, श्वेता उपस्थित रहीं।

### बदलाव ही समय की मांग

गोरखपुर। हिमानी बेस्ट चॉइस ने अपने रिफाइंड सोयाबीन ऑयल वैरिएंट को एक बिलकुल नए पैक डिजाइन में पेश किया है। हिमानी बेस्ट चॉइस का उत्पाडदन और बिक्री इमामी एग्रोटेक लिमिटेड द्वारा की जाती है। इस बारे में श्री देबासीस भट्टाचार्य प्रेसिडेंट. मार्केटिंग इमामी एग्रोटेक लिमिटेड का कहना है हर सफल ब्रैंड को उपयोगी और प्रासंगिक बने रहने के लिए बदलाव करते रहने की जरूरत होती है। ग्राहकों की बदलती पसंद को पूरा करने के लिएए किसी भी ब्रैंड के लिए उनसे सही कनेक्ट बनाना और उनके अनुसार खुद को बदलना महत्वपूर्ण है। इसलिएए हम अपने ब्रैंड हिमानी बेस्ट चॉइस रिफाइंड सोयाबीन ऑयल के लिए एक स्मार्ट कंटेम्परारी लुक लेकर आए हैं। इससे ग्राहकों को एक बढ़ते और प्रगतिशील ब्रांड के रूप में देखने का एक नया नजरिया मिलेगा। हमारा यह भी मानना है कि यह नया बदलाव बाजार में हमारी लीडरशिप की स्थिति को मजबूत करेगा और बड़ी संख्या में ग्राहकों को आकर्षित करेगा।

### जिला कारागार में रोपे धरती के गहने

**फतेहपुर।** जेल अधीक्षक मो. अकरम खान के मार्गदर्शन में जिला कारागार में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। बंदियों और उनके बच्चों को आई फ्लू से बचाने के लिये बीस चश्मे व तीस 30 आई ड्रॉप संगठन से दिये। जेल अधीक्षक ने कहा कि वृक्षरोपण का शाब्दिक अर्थ है वृक्षों को उगाना। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष आफताब, विकास श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट में हाई प्रोफाइल ठग शैलेन्द्र सिंह उर्फ राजू प्रकरण की सुनवाई 8 को

प्रमोद श्रीवास्तव। फतेहपुर

**हाईप्रोफाइल** ठग एवं गैंगस्टर शैलेन्द्र सिंह उर्फराजू यादव की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। मानव तस्करी से जुड़े उसके एक चर्चित मामले में आठ सितम्बर को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई की तिथि मुकर्रर हुई है। मानव तस्करी समेत विभिन्न धाराओं वाले मुकदमें में राजू को उच्च न्यायालय से मिली जमानत और उसकी अकूत संपत्ति की जॉच आदि से सम्बन्धित याचिका सम्बन्धित मुकदमें के वादी शहर के चित्रांश नगर निवासी अमित शुक्ला ने डाली है। यह याचिका सर्वोच्च न्यायालय में (डायरी नं. अट्ठाईस हजार छह सौ साठ/23) विगत बीस जुलाई को सूची बद्ध हुई, सात अगस्त को लिस्ट हुआ जिसमें दौरान जिरह आठ सितम्बर तारीख मुकर्रर हुई है।

पूर्व में शैलेंद्र सिंह ने अपने मर्चेंट नेवी इंजीनियर भाई के साथ मिलकर एक गैंग बनाया और तमाम बेरोजगारों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी की। पीड़ित अमित शुक्ला द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में डाली गई अर्जी में बताया गया है कि शैलेंद्र सिंह आदि ने उसके पिता से लाखों रूपए ऐठ कर उसे विदेश तो भेजवा दिया किन्तु उसको दिए गए वीजा में तगड़ा खेल होने से महीनो उसका जीवन खतरे में पड़ा रहा, बमुश्किल बच कर भारत लौट सका। अमित शुक्ला ने उपरोक्त गैंग पर दर्जनों बेरोजगारों को ठगने और इसी पैसे से अकूत सम्पत्ति जुटाने का भी आरोप लगाया है। वादी द्वारा उच्चतम न्यायालय में डाली गई याचिका में शैलेन्द्र सिंह को उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत को रद्द करने। निश्चित समय सीमा में केश की सुनवाई पूरी कराने, उसकी एवं उसके गैंग के सदस्यों द्वारा जुटाई गई अकूत सम्पत्ति को आर्थिक अपराध की श्रेणी में रखते हुए किसी बड़ी एजेंसी से जांच कराने और स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षा व्यवस्था मुहैय्या करवाने समेत नौ बिंदुओं पर सर्वोच्च न्यायालय का ध्यान खींचते हुए न्याय की गुहार लगाई है। इस अति चर्चित प्रकरण की मौजूदा समय में स्थानीय जिला कोर्ट में सुनवाई चल रही है। पुलिस ने चार्ज शीट भी दाखिल कर दी है जिस पर उच्चतम न्यायालय एक निश्चित समय सीमा में सुनवाई पूर्ण करने का आदेश भी दे सकता है।

क्योंकि शैलेंद्र सिंह यादव आदि पर गैंगेस्टर ऐक्ट के तहत् की कार्यवाही भी हो चुकी है, ऐसे में यह संभावना बलवती है कि सुप्रीम कोर्ट वादी के अनुरोध पर आरोपी द्वारा पिछले कुछ वर्षों में अर्जित की गई अकूत संपत्ति की जांच किसी बड़ी एजेंसी से करवाने का आदेश भी दे सकता है! इस पूरे प्रकरण में लगभग तीन वर्षों के दरमियान सत्ता के कुछ उच्च पदस्थ नेताओं और पुलिस के उच्चाधिकारियों की भूमिका न सिर्फ संदिग्ध रहीं बल्कि वादी व उसके परिजनों को मानसिक रूप से घेराबंदी करते हुए सुलह का दबाव व आर्थिक प्रलोभन, न मानने पर अपराधिक फर्जी मुकदमा दर्ज कराया जाना बड़े खेल का हिस्सा रहा हैं!

# गिधौसा में अतिक्रमण हटाने गयी टीम बैरंग लौटी

**संवाददाता।** जालौन (उरई)



**गिधौसा** में चार दशक से मकान बनाकर रह रही वृद्धा पर ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगा। जिलाधिकारी के न्यायालय से अतिक्रमण हटाने के आदेश के बाद शनिवार को पुलिस व राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंची थी लेकिन अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम बिना अतिक्रमण हटाए ही वापस लौटी। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गिधौसा में वृद्ध विधवा महिला रामश्री बेवा रामसेवक लगभग चार दशक से मकान बनाकर रह रही हैं। उस पर आरोप है कि ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना रखा है। ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा करने का मामला जिलाधिकारी के न्यायालय में पहुंचा। जिसका निस्तारण करते हुए जिलाधिकारी ने 31 जुलाई के आदेश में अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। जिलाधिकारी के आदेश के खिलाफ पीड़िता ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उच्च न्यायालय से आदेश होने से पूर्व ही शनिवार को नायब तहसीलदार कुठौंद मुकेश कुमार, लेखपाल विश्वजीत सिंह के साथ पुलिस की टीम विधवा वृद्ध महिला का मकान गिरवाने पहुंच गई। टीम के पहुंचते ही महिला मकान का दरवाजा बंद कर मकान में बंद हो गई। टीम ने दरवाजा खुलवाकर उसे निकालने का हरसंभव प्रयास किया लेकिन जब वह महिला को निकालने में असफल रही तो टीम को अतिक्रमण हटाए बिना ही वापस लौटना पड़ा। वृद्ध महिला रामश्री का आरोप है कि जिलाधिकारी के न्यायालय से हारने के बाद उसे उच्च न्यायालय में अपील करने का प्रशासन ने समय नहीं दिया और जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश के 11 दिन बाद ही जेसीबी लेकर अतिक्रमण हटाने टीम आ गई। उसने उच्च न्यायालय में अपना वाद दायर कर दिया है और मामला विचाराधीन है।

## लघुशंका के दौरान युवक को पत्थर मारने की पुलिस कर रही जांच

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**लगभग** तीन माह पूर्व लघुशंका के दौरान गांव के ही दो लोगों ने युवक पर पत्थर से हमला कर उसे घायल कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी रमेशचंद्र ने पुलिस को बताया कि बीती सात मई को उनका पुत्र बृजमोहन गांव में ही आयोजन शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। घर के ऊपर शादी समारोह के कार्यक्रम संपन्न हो रहे थे। रात करीब साढ़े 10 बजे उनका पुत्र लघुशंका के लिए नीचे आया और गली में लघुशंका करने लगा। तभी वहां गांव के ही हरिओम व सुनीत आए और पुत्र के साथ गाली, गलौज करने लगे। पुत्र ने जब उन्हें गाली देने से मना किया तो दोनों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी।

# अब होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक दवा का सैंपल भर कर करायी जायेगी जांच

**संवाददाता।** हमीरपुर

- मनमानी पर शासन ने लगाया अंकुश

**हमीरपुर** जिले में पहली मर्तवा एलोपैथिक की तर्ज पर अब होम्योपैथिक व आयुर्विदिक मेडिकल स्टोरों से दवा का सैम्पिल लेकर जांच करायी जायेगी। अब मेडिकल स्टोर खोलने के पहले विभाग से रजिस्ट्रेशन भी कराना होगा।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा.बलभद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि जिले में अभी तक होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोरों के संचालक निंकुश थे विभाग से वगैर रजिस्ट्रेशन कराये ही मेडिकल स्टोर संचालित करते थे। दवाओं की विक्री मनमानी तौर पर करते थे। मगर अब शासन ने साफ कर दिया है कि अब एलोपैथिक मेडिकल स्टोरो की तरह हरेक मेडिकल स्टोर की समय समय पर जांच कर उनके दवाओं का सैम्पल भर कर जांच के लिये लखनऊ भेजा जायेगा विभाग का हरेक चिकित्साधिकारी अपने क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों के दवाओं का सैम्पल लेकर जांच के लिये भिजवायेगा। डा.सिंह का कहना है कि यह व्यवस्था पहले लागू थी मगर कही प्रदेश में कही पर जांच नही होती थी। शासन ने अब सैम्पल भरने व अन्य प्रकार की पालिसी निर्धारित कर सख्त आदेश कर दिये है। उनका कहना है कि जिले में कितने होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक अस्पताल है इसकी गणना की जायेगी। इसके पहले लोग अपने स्तर पर मेडिकल स्टोर खोल लेते थे अब इसके लिये लाइसेंस लेना होगा उसके कुछ मानक शासन ने निर्धारित कर दिये है। उनका हरहाल में पालन करना होगा।

उनका कहना है कि दवा के चार सैम्पल लिये जायेगे एक सैम्पल दवा विक्रेता व दो सैम्पल जांच के लिये एक सैम्पल विभाग के पास रहेगा। शासन ने अब आयुर्वेदिक अस्पतालों की ओर विशेष ध्यान देना शुरु कर दिया है। स्टाफकी कमी धीरे धीरे पूरी की जा रही है।

# पेज एक का शेष

## मोदी ने...

के बहिर्गमन के बाद ध्वनि मत से बृहस्पतिवार को गिर गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने विपक्षी दलों को पत्र लिखकर कहा था कि केंद्र मणिपुर मुद्दे पर चर्चा करना चाहता है। मोदी ने कहा, लेकिन क्या हुआ, आप सबने देखा है? विपक्ष ने ऐसा नहीं होने दिया। ऐसे संवेदनशील विषय पर चर्चा होती तो मणिपुर के लोगों को राहत महसूस होती। उस समस्या के समाधान के लिए कुछ समाधान सामने आए होते। प्रधानमंत्री ने भाजपा के कार्यक्रम में कहा, लेकिन विपक्षी दल इस पर चर्चा नहीं करना चाहते थे क्योंकि वे जानते थे कि मणिपुर की सच्चाई उन्हें सबसे ज्यादा चुभेगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी दल किसी भी चर्चा को लेकर गंभीर नहीं थे और वे मणिपुर मुद्दे पर सिर्फ राजनीति करना चाहते थे। मोदी ने कहा, उन्हें (विपक्षी दल) लोगों के दर्द और पीड़ा की परवाह नहीं है। उन्हें केवल राजनीति की परवाह है। यही कारण है कि उन्होंने चर्चा से बचने का फैसला किया और अविश्वास प्रस्ताव लाकर राजनीतिक बहस को प्राथमिकता दी। हालांकि, बनर्जी ने दावा किया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने पूर्वोत्तर राज्य में अत्याचारों में शामिल लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद हुई जातीय झड़पों के बाद से 160 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद से संसद में विपक्षी दलों के अविश्वास प्रस्ताव को हरा दिया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से देश के लोगों के सामने विपक्षी दलों को बेनकाब करने का भी आग्रह किया। मोदी ने कहा, विपक्ष सदन की कार्यवाही को बाधित कर सकता है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रतिनिधियों को जनता के सामने उनका पर्दाफाश करना होगा। संसद में अविश्वास प्रस्ताव के गिरने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, लोगों का विश्वास मुझे प्रेरित करता है और मेरे आत्मविश्वास और उत्साह को बढ़ाता है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी पर पंचायत चुनाव के दौरान आतंक का माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि ऐसे खतरों के बावजूद भाजपा के उम्मीदवारों को लोगों ने अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने आरोप लगाया, हाल में बंगाल में पंचायत चुनाव हुए थे। पूरे देश ने देखा कि कैसे टीएमसी ने खूनी खेल खेला। हिंसा का इस्तेमाल विपक्ष को धमकाने के साधन के रूप में किया गया। टीएमसी की तोलाबाज सेना ने वोट लूटे। ए टीएमसी की राजनीति है। लेकिन इसके बावजूद बंगाल की जनता के प्यार ने भाजपा उम्मीदवारों को जीत दिलाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी दावा किया कि जो लोग लोकतंत्र के हिमायती के रूप में कार्य करते हैं और इलेक्टॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल उठाते हैं उन्होंने बंगाल में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर कर दिया है। हालांकि, ममता बनर्जी ने कहा, पश्चिम बंगाल में, हाल के ग्रामीण चुनावों के दौरान उनके (भाजपा) द्वारा 15-16 लोगों की हत्या कर दी गई।

## मणिपुर पीड़िताओं...

ने प्रदर्शन से इतर संवाददातओं से कहा, मोमबत्ती जुलूस या सजा से दुष्कर्म की घटनाएं नहीं रुकेंगी। बलात्कारियों के लिए कठोर कानून की आवश्यकता हैं, उनको मार देना चाहिए, फांसी पर लटकाना चाहिए या जिंदा जला देना चाहिए। उनके साथ ऐसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए जैसा वे महिलाओं के साथ करते हैं। पूरे देश में दुष्कर्म के अपराध को रोकने के लिए नए और कड़े कानून बनाना चाहिए।

## राहुल ने...

अवधारणा को कैसे खारिज कर सकते हैं? उन्होंने कहा, आप पिछले चार महीनों से क्या कर रहे हैं? आप वहां क्यों नहीं गए? आपने हिंसा रोकने की कोशिश क्यों नहीं की? क्योंकि आप राष्ट्रवादी नहीं हैं। जो कोई भी भारत की अवधारणा की हत्या करता है, वह राष्ट्रवादी नहीं हो सकता।

## सभी डॉक्टर...

से 80 प्रतिशत सस्ती है। इसलिए जेनेरिक दवाएं लिखने से स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च में कमी आएगी और स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। एनएमसी ने जेनेरिक दवा और प्रिस्क्रप्शन दिशानिर्देश नियमन में जेनेरिक दवाओं को परिभाषित किया, वे दवाएं जो ब्रांडेड संदर्भित सूचीबद्ध उत्पाद से खुराक, प्रभाव, खाने के तरीके, गुणवत्ता और प्रदर्शन में समतुल्य हैं। दूसरी ओर ब्रांडेड जेनेरिक दवाएं वे हैं जिनकी पेटेंट अवधि समाप्त हो गई है और दवा कंपनियां उनका उत्पादन और विपणन दूसरे ब्रांड से करती हैं। ये दवाएं ब्रांडेड पेटेंट दवाओं के मुकाबले सस्ती हो सकती हैं लेकिन जेनेरिक संस्करण के मुकाबले महंगी होती हैं। ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं की कीमतों पर कम नियमन नियंत्रण होता है। एनएमसी नियमन में कहा गया, प्रत्येक पंजीकृत डॉक्टर को दवाएं जेनेरिक नाम से और तार्किक तौर पर लिखनी चाहिए...। एनएमसी ने कहा कि इस नियम का उल्लंघन होने पर डॉक्टर को नियमन के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी दी जा सकती है या नैतिकता, व्यक्तिगत और सामाजिक संबंध या पेशेवर प्रशिक्षण को लेकर कार्यशाला या शैक्षणिक कार्यक्रम में शामिल होने का निर्देश दिया जा सकता है। नियमन के मुताबिक बार-बार उल्लंघन होने पर डॉक्टर का निश्चित अवधि के लिए लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। इसमें कहा गया कि डॉक्टर साफ अक्षरों में पर्ची लिखेंगे और गलती से बचने के लिए इसे बड़े अक्षरों में लिखने को प्राथमिकता दें। जहां तक संभव हो पर्ची मुद्रित होनी चाहिए ताकि गलतियों से बचा जा सके।

## डॉक्टर के...

सामयिक एंटीबायोटिक्स, खांसी रोधी दवाएं, मुंहासे रोधी दवाएं और गैर-स्टेरायड सूजन रोधी दवाएं शामिल हैं। इसमें एंटीसेप्टिक्स, एनल्जेसिक, डिकॉन्गेस्टेंट, एस्पिरिन, वैसोडिलेटर, एंटासिड, एक्सपेक्टोरेंट, एंटी-फंगल दवाएं, एंटीहिस्टामाइन, पेट की गैस दूर करने वाली दवाएं और धूम्रपान बंद कराने में मदद करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। एनएमसी ने ओटीसी दवाओं को सामान्य बीमारियों की दवाओं के रूप में परिभाषित किया है और जो स्वास्थ्य पेशेवर से इलाज के बिना जनता के उपयोग के लिए सुरक्षित एवं प्रभावी हैं। एनएमसी ने कहा कि वे सभी दवाएं जो डॉक्टर के परामर्श वाली दवाओं की सूची में शामिल नहीं हैं, उन्हें गैर-परामर्श या ओटीसी दवाएं माना जाता है। इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि औषध एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम और इसके तहत नियमों में ओटीसी दवाओं की कोई परिभाषा नहीं है और इसके अलावा, ओटीसी दवाओं को विनियमित करने के लिए कोई विशेष प्रावधान भी नहीं है। औषध और प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत औषधि सलाहकार समिति ने कुछ साल पहले ओटीसी दवाओं को परिभाषित करने और ऐसी दवाओं की एक सूची की पहचान करने के लिए एक उप-समिति का गठन किया था। समिति ने 2019 में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। सरकार को उपसमिति की सिफ़ारिशों को अभी स्वीकार करना है।

## निलंबन के...

का अपमान करना नहीं था। कांग्रेस नेता ने कहा कि मैंने सदन में जो बात कही उसमें मुझे गलती नहीं लगती। हो सकता है कि यह सरकार आगे भगवा शब्दकोश बना दे और तय करे कि विपक्ष के लोग कौन-कौन से शब्द का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि नीरव का मतलब क्या होता है। मैंने किसी को आहत करने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल नहीं किया था। क्या अपने मन की बात करना गलत है, नाजायज है? कांग्रेस नेता ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने जब दो घंटे तक मणिपुर का उल्लेख नहीं किया तो विपक्ष को सदन से बहिर्गमन करना पड़ा। चौधरी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ तीन मिनट तक मणिपुर को लेकर बात की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इस सत्र में नियमों और संसदीय परंपराओं की धज्जियां उड़ाईं और अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा किए जाने के बाद भी कई विधेयक पारित करवा लिए गए।

## सात नए...

(अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2023अ बहु राज्य सहकारी सोसायटी संशोधन अधिनियम 2023 और जैविक विविधता (संशोधन) अधिनियम, 2023 भी शामिल हैं। दिल्ली सेवा विधेयक में राष्ट्रीय राजधानी में ग्रुप-ए अधिकारियों की तैनाती एवं तबादले के लिए एक प्राधिकरण के गठन और ऐसी नियुक्तियों पर केंद्र सरकार को प्रधानता देने संबंधी प्रावधान हैं। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम 2023 को अपनी स्वीकृति दे दी है। एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ ही यह विधेयक कानून में तब्दील हो गया, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश, 2023 का स्थान लेगा।

## अनवार-उल-हक...

में आम चुनाव 90 दिनों के भीतर होने की उम्मीद है, लेकिन अगर निर्वाचन आयोग नई जनगणना के आधार पर परिसीमन करता है, तो इसमें अधिक समय लग सकता है। काकड़ जल्द ही पद की शपथ लेंगे और अंतरिम अवधि के दौरान देश में शासन की कमान संभालने के लिए अपना मंत्रिमंडल चुनेंगे।

## घरेलू हिंसा...

की गईं, जबकि 40 साल से अधिक उम्र की महिलाओं से 6,686 शिकायतें आईं। साठ साल से अधिक उम्र की महिलाओं से 3,735 और 90 साल से ज्यादा उम्र वाली 40 महिलाओं ने आयोग से मदद मांगी। दिल्ली से बाहर की 11,000 महिलाओं ने शिकायत कर मदद की गुहार लगाई। पत्रकारों से बातचीत में मालीवाल ने दिल्ली पुलिस की कार्यप्रणाली और जवाबदेही प्रक्रिया पर सवाल उठाया और केंद्र सरकार ने इस मुद्दों के समाधान के लिए मीटिंग बुलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चौबीसों घंटे काम करने वाली हेल्पलाइन न केवल एक कॉल सेंटर की तरह काम करती है बल्कि महिलाओं को काउंसलर सेवा भी उपलब्ध कराती है। मालीवाल ने बताया कि हेल्पलाइन को जमीनी स्तर पर एक टीम सहयोग करती है। डीसीडब्ल्यू द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 181 मुश्किल में फंसी महिलाओं के लिए 24 घंटे सेवा प्रदान करती है। बीते सात वर्षों में इस हेल्पलाइन पर 40 लाख से अधिक शिकायतें आई हैं।

## भारत रिकॉर्ड...

राजी ने इस पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मलेशिया को पहली बार बढ़त दिलाई। भारत को 21वें मिनट में बराबरी करने का मौका मिला था लेकिन विवेक सागर के करारे शॉट को मलेशिया के गोलकीपर हफीजुद्दीन ओथमान ने अपने हाथों से रोक दिया। मलेशिया ने हमलावर तेवर अपनाए और चार मिनट के अंदर दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। मोहम्मद अमीनुदीन ने इनमें से दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके मलेशिया को मध्यांतर तक 3-। से आगे रखा। भारत ने तीसरे क्वार्टर के शुरू में दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन हरमनप्रीत और जुगराज उन पर गोल नहीं कर पाए। भारतीय टीम ने इसके बाद भी गोल करने के प्रयास किए। खेल के 40वें मिनट में आकाशदीप सिंह के पास मौका था लेकिन वह फाउल कर बैठे। इस बीच मलेशिया ने भी जवाबी हमलों से भारतीय रक्षकों को व्यस्त रखा। मलेशिया 43वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा पाया। भारत ने इसके तुरंत बाद जवाबी हमला किया लेकिन जरमनप्रीत सिंह का शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चला गया। भारत ने हालांकि तीसरे क्वार्टर के अंतिम पलों में कुछ सेकंड के अंदर दो गोल करके स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। भारत को पहले पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला। भारतीय कप्तान ने इसके तुरंत बाद गेंद पर नियंत्रण बनाया और उसे गोलमुख के पास खड़े गुरजंत तक पहुंचाया जिन्होंने उस पर आसानी से गोल कर दिया। भारत ने बुलंद हौसलों के साथ चौथे क्वार्टर में कदम रखा। उसके पास 52वें मिनट में बढ़त हासिल करने का सुनहरा मौका था लेकिन सुखजीत सिंह मलेशिया के गोलकीपर को नहीं छका पाए। आकाशदीप ने हालांकि इसके चार मिनट बाद भारत को निर्णायक बढ़त दिलाई। तब मनदीप सिंह का शॉट मलेशिया के रक्षक ने रोक दिया था लेकिन गेंद आकाशदीप के पास चली गई जिनके ताकतवर शॉट का मलेशिया के गोलकीपर के पास भी कोई जवाब नहीं था।

# रूस ने क्रीमिया में 20 ड्रोन मार गिराए

## ● मॉस्को पर हमले के बाद की कार्रवाई

भाषा। कीव



**रूस ने** यूक्रेन द्वारा भेजे गए करीब 20 ड्रोन को मार गिराया और क्रीमिया पर किए गए हमले को नाकाम कर दिया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। रूस ने यूक्रेन का हिस्सा रहे क्रीमिया को 2014 में मॉस्को के अधीन कर लिया था। मंत्रालय ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि रूसी हवाई रक्षा प्रणाली ने 14 ड्रोन को मार गिराया जबकि छह अन्य ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक तौर पर जाम कर दिया। मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ और न ही किसी नुकसान की खबर है।यूक्रेन के अधिकारियों ने हमले में संलिप्त होने की न तो पुष्टि की है और न ही इनकार किया है। रूस के सोशल मीडिया पर शनिवार को प्रसारित वीडियो में दिख रहा है कि रूस को क्रीमिया प्रायद्वीप से जोड़ने वाले सेतु पर धुंए का गुब्बार उठ रहा है। रूस द्वारा नियुक्त क्रीमिया के गवर्नर सर्गेई अक्सयोनोव ने बताया कि रूसी हवाई रक्षा प्रणाली ने यूक्रेन द्वारा दागी गई दो मिसाइलों को भी नाकाम किया है। उन्होंने कहा कि हमले से पुल को नुकसान नहीं पहुंचा है लेकिन कुछ समय के लिए यातायात को रोकना पड़ा था। रूस के विदेश मंत्रालय ने क्रीमिया के पुल पर हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के सशस्त्र बलों द्वारा की गई बर्बर कार्वाई का जवाब दिया जाएगा। यूक्रेन की दो मिसाइलों को मार गिराने की खबर के तुरंत बाद अक्सयोनोव ने कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने एक और मिसाइल को क्रेच जलडमरुमध्य में मार गिराया। क्रीमिया को रूस से क्रेच जलडमरुमध्य के रास्ते जोड़ने वाले इस पुल का मॉस्को के लिए सामरिक और मनोवैज्ञानिक महत्व है। यह हथियार और नागरिक आपूर्ति के लिए अहम है और यह मॉस्को के क्रीमिया पर कब्जे को भी मजबूत करता है। यूक्रेन द्वारा रूस की राजधानी मॉस्को पर ड्रोन से किए गए हमले के बाद लगातार यह तीसरा हमला है। यूक्रेन-रूस युद्ध होने के करीब 17 महीनों के बाद कीव द्वारा मॉस्को पर ड्रोन से हमले किए जाने का सैन्य महत्व बहुत ही कम है लेकिन उसकी रणनीति रूसियों को असहज करने की है और संघर्ष को उनके देश की दहलीज तक ले जाना है।इस बीच, रूस ने शनिवार को दावा किया है कि उसने यूक्रेन के सुदूर पूर्वी लुहांस्क क्षेत्र के उरोझाइन गांव पर गत रात किए गए हमलों के बाद फिर से कब्जा कर लिया है। यूक्रेन के पूर्वोत्तर इलाके खार्कीव के गवर्नर ओलेह सिनिहुबोव के मुताबिक रूसी गोलाबारी में शनिवार सुबह 73 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि यूक्रेन के आंशिक रूप से कब्जे वाले दक्षिणी जापोरिजिया क्षेत्र के ओरिखिव शहर में एक निर्देशित रूसी बम हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और 12 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों में चार पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर मध्य यूक्रेन के शहर क्रिवी रिह में शनिवार सुबह विस्फोट हुए, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## इंग्लिश चैनल में नाव पलटने से छह लोगों की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन और फ्रांस के बीच मौजूद जल सीमा इंग्लिश चैनल में शनिवार को प्रवासियों को ले जा रही एक नाव के पलटने से छह लोगों की मौत हो गई और कई लोगों को बचा लिया गया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मेरीटाइम प्रीफेक्चर ऑफ द चैनल एंड द नार्थ सी ने बताया कि लगभग 50 लोगों को बचा लिया गया है। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि बचाए गए लोगों में से छह की हालत गंभीर है। एक व्यक्ति की बाद में हेलीकॉप्टर द्वारा कैलाइस अस्पताल ले जाए जाने के बाद मौत हो गई जबकि पांच अन्य की मौत की पुष्टि बाद में की गई। फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने सोशल मीडिया पर कहा, आज सुबह, कैलाइस के निकट एक प्रवासी नाव पलट गई। ब्रिटिश अधिकारियों ने कहा कि बृहस्पतिवार को 755 लोगों ने छोटी नौकाओं से चैनल पार किया। उन्होंने बताया कि तीन फ्रांसीसी जहाजों, एक हेलीकॉप्टर और एक विमान के जरिए बचाव अभियान चलाया गया।

## अमेरिका: विमान में किशोरी के बगल में अश्लील कृत्य करने के आरोप में भारतीय मूल का चिकित्सक गिरफ्तार

**न्यूयार्क।** अमेरिका में भारतीय मूल के एक चिकित्सक को पिछले साल एक उड़ान में एक किशोरी के बगल में बैठकर कथित तौर पर अश्लील कृत्य करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।मैसाचुसेट्स स्थित अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार, डॉ. सुदीप्त मोहंती (33) को बृहस्पतिवार को एक आपराधिक शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया, जिसमें मोहंती पर अमेरिका के विशेष विमान क्षेत्राधिकार में रहते हुए अशोभनीय और अश्लील कृत्य के आरोप लगाए गए है।बृहस्पतिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि चिकित्सक मोहंती को बोस्टन में एक संघीय अदालत में पेश किया गया और कुछ शर्तों पर रिहा कर दिया गया।पिछले साल मई में, मोहंती एक महिला साथी के साथ होनोलूलू से बोस्टन के बीच यात्रा कर रहे थे। मोहंती 14-वर्षीया एक किशोरी के के बगल में बैठे थे, जो अपने दादा-दादी के साथ यात्रा कर रही थी। आरोपों के अनुसार, उड़ान के दौरान किशोरी ने मोहंती को हस्तमैथुन करते हुए देखा।

## संरा ने यमन में अलकायदा की ओर से अगवा किए गए पांच कर्मचारियों की रिहाई की जानकारी दी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने यमन में 18 माह पहले आतंकवादी संगठन अलकायदा से जुड़े एक समूह द्वारा अगवा किए गए अपने पांच कर्मचारियों के रिहा किए जाने की जानकारी दी है। यमन में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय अभियानों के समन्वयक डेविड ग्रेसली ने बताया कि यमन के चार तथा बांग्लादेश के एक नागरिक को अगवा किया गया था, इन्हें अब रिहा कर दिया गया है और सभी की सेहत अच्छी है....लेकिन उन्होंने काफी मुश्किल वक्त गुजारा है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि इन लोगों की रिहाई के लिए काफी बातचीत की गई और इस प्रक्रिया में ओमान के अधिकारी भी शामिल थे। ग्रेसली ने देश के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन में यमन के चार नागरिकों के साथ लौटने के बाद संयुक्त राष्ट्र के संवाददाताओं से कहा , मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि अगवा करने वालों का संबंध अलकायदा इन द अरेबियन पेनेंसुला से था। इस समूह को एक्यूएपी के नाम से भी जाना जाता है और यह दक्षिणी यमन में वर्षों से सक्रिय है। इसे अलकायदा नेटवर्क की सबसे खतरनाक शाखाओं में से एक माना जाता है।

## मलेशिया में मतों की गिनती शुरू, अनवर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिशों में जुटे

**कुआलालंपुर।** मलेशिया में शनिवार को अहम प्रांतीय चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद मतो की गिनती शुरू हो गई है। इस चुनाव में प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम का बहुदलीय गठबंधन प्रतिद्वंद्वी इस्लामिक पार्टी के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।अनवर और उनकी पत्नी अपने गृह राज्य उत्तरी पेनांग के उन मतदाताओं में शामिल थे, जिन्होंने शुरुआत में ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मलेशिया के करीब 98 लाख मतदाता छह राज्यों की 245 विधानसभा सीट के लिए हो रहे चुनाव में मतदान की अर्हता रखते है। ए राज्य मलेशिया के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 50 प्रतिशत का योगदान देते हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदान संपन्न होने से दो घंटे पहले स्थानीय समयानुसार अपराह्न चार बजे कहा, प्रत्एक राज्य में 60 से 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ है। अंतिम मतदान प्रतिशत सामने नही आया है, लेकिन इसके आयोग द्वारा लक्षित 85 प्रतिशत मतदान से कम रहने के आसार है।

## फर्जी पहचान रखने के आरोपी भारतीय मूल के व्यक्ति को 46 महीने की सजा

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के 41 वर्षीय व्यक्ति को फर्जी पहचान दस्तावेज रखने का दोषी करार देते हुए करीब चार साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। दोषी बिना लाइसेंस के धन हस्तांतरण व्यवसाय का संचालन कर रहा था जिसके कारण पीड़ितों को 15 लाख अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ था। शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में कहा गया कि इंडियाना के प्लेनफील्ड के निवासी विमलकुमार त्रिवेदी को संघीय जेल में 46 महीने कैद की सजा सुनाई गई है। अमेरिकी जिला अदालत की मुख्य न्यायाधीश तान्या वाल्टन प्रैट ने सजा सुनाई और संघीय जेल से रिहाई के बाद तीन साल तक अमेरिकी परिवीक्षा कार्यालय द्वारा त्रिवेदी की निगरानी किए जाने का आदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि त्रिवेदी एक धोखाधड़ी का हिस्सा था, जिसमें निर्दोष पीड़ितों की मेहनत की कमाई को ठगने के लिए डराने वाली रणनीति अपनाई गई और फर्जी पहचान का इस्तेमाल किया गया।

## पाकिस्तान पुलिस ने पंजाब से 21 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया

**लाहौर।** पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने शनिवार को पंजाब प्रांत से 21 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जिनमें दाएश (इस्लामिक स्टेट) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 13 कमांडर शामिल है। पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने एक बयान में कहा, पुलिस और खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय कर सीटीडी ने पंजाब के अलग-अलग शहरों से 21 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है और उन्हें पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। बयान के मुताबिक गिरफ्तार आतंकवादियों ने महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और कानून प्रवर्तन कर्मियों को निशाना बनाने की योजना बनाई थी। उसने बताया कि गिरफ्तार 21 आतंकवादियों में 13 टीटीपी और इस्लामिक स्टेट से जुड़े हैं। बयान के मुताबिक, शुरुआती जांच के मुताबिक गिरफ्तार 13 कमांडर में से नौ का संबंध टीटीपी से है जबकि चार इस्लामिक स्टेट से जुड़े हैं। सीटीडी ने बताया कि इन आंतकवादियों को पंजाब के अटक, झेलम, नरोवाल, साहीवाल, रावलपिंडी, डीजी खान, मुजफ्फरनगर और लय्याह जिले से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि सीटीडी ने इन आतंकवादियों से बड़ी मात्रा में विस्फोटक, हथगोले, डेटोनेटर और प्रतिबंधित संगठन के साहित्य मिले है।

## नाइजीरिया में नमाज के दौरान मस्जिद का एक हिस्सा ढहने से सात लोगों की मौत

**अबुजा (नाइजीरिया)।** नाइजीरिया में कदूना राज्य के जारिया शहर में जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद का एक हिस्सा ढह जाने से सात लोगों की मौत हो गई। पश्चिमोत्तर नाइजीरिया के कदूना राज्य के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिस समय जारिया सेंट्रल मस्जिद ढही, उस समय वहां सैकड़ों लोग जुमे की नमाज के लिए एकत्र थे। राज्य आपात प्रबंधन एजेंसी ने कहा, इस घटना में 23 लोग घायल हुए है और उन्हें दमकल कर्मियों ने अस्पताल में पहुंचाया। राज्य के अधिकारियों ने बताया कि इस मस्जिद का निर्माण 1830 के दशक में किया गया था। नमाज के दौरान मस्जिद का एक हिस्सा ढहने से लोग मलबे में दब गए। कदूना के गवर्नर उबा सानी ने इस घटना की तत्काल जांच कराए जाने के निर्देश दिए है और इस हादसे में प्रभावित हुए लोगों को मदद मुहैया कराने का वादा किया है।

# अटक जेल प्रशासन इमरान को मेडिकल सुविधाएं प्रदान करे : हाईकोर्ट

## ● परिवार-दोस्तों से मिलने की इजाजत देने को कहा गया

भाषा। इस्लामाबाद



इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने शनिवार को अटक जेल प्रशासन को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उपयुक्त मेडिकल सुविधाएं मुहैया करने का निर्देश दिया तथा उन्हें अपने दोस्तों और परिवार से कानून के मुताबिक मिलने की इजाजत देने को कहा। डॉन न्यूज ने अदालत के हवाले से कहा, उन्हें (पूर्व प्रधानमंत्री को) नमाज अदा करने वाली चटाई और कुरान का अंग्रेजी प्रारूप भी मुहैया कराया जा सकता है। अदालत ने कहा, उन्हें उपयुक्त मेडिकल सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान को एक निचली अदालत ने राजकीय तोहफों का विवरण छिपाने को लेकर तोशाखाना मामले में पांच अगस्त को दोषी करार दिया था। निचली अदालत ने इस्लामाबाद पुलिस प्रमुख को इमरान को गिरफ्तार करने का आदेश दिया था, लेकिन इसके बजाय उन्हें लाहौर पुलिस ने गिरफ्तार किया। अदालत ने आदेश दिया था कि अदियाला जेल अधीक्षक इमरान की अगवानी करेंगे, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री को अटक जेल ले जाया गया। पंजाब जेल विभाग ने पूर्व प्रधानमंत्री को बी श्रेणी की सुविधाएं दीं। हालांकि, उनके वकीलों ने दावा किया है कि उन्हें परेशान करने वाली दशा में रखा गया और सी श्रेणी की जेल सुविधाएं दी गईं। इसके बाद, इमरान ने अटक जेल से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बेहतर सुविधाओं के तहत रखे जाने का अनुरोध करने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया। इमरान ने अपनी कानूनी टीम, परिवार के सदस्यों, चिकित्सक फैसल सुल्तान और राजनीतिक सहयोगियों को नियमित रूप से उनसे मिलने के लिए जेल आने देने की अनुमति मांगी। पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी के वकीलों ने अटक जेल में उनकी सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को गंभीर आशंकाएं जताईं। पिछली सुनवाई में, अदालत ने याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## राजनयिक दस्तावेज पर अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के स्रोत को लेकर पाकिस्तान में विवाद बढ़ा

**इस्लामाबाद।** पिछले साल अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो के बीच हुई एक बैठक के विवरण से जुड़े एक गोपनीय राजनयिक दस्तावेज की कथित सामग्री की प्रमाणिकता को लेकर संभवतः एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मीडिया में शनिवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस (राजनयिक दस्तावेज) लीक पर कोई टिप्पणी करने से परहेज किया है, लेकिन एक हालिया प्रेस वार्ता के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर द्वारा की गई राजनयिक टिप्पणी ने इस कथित लीक के मूल स्रोत को लेकर दिलचस्पी पैदा कर दी है। अमेरिकी मीडिया संस्थान द इंटरसेप्ट ने अपनी खबर में कहा है कि यह दस्तावेज उसे पाकिस्तानी सेना के एक अज्ञात स्रोत ने मुहैया किया, जिसने कहा कि उसका इमरान खान या उनकी पार्टी से कोई संबंध नही है। हालांकि कई लोगों, जिनमें ज्यादातर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान के आलोचक शामिल है, ने जोर देते हुए कहा कि यह लीक खान की पार्टी द्वारा किया गया होगा। खान (70) फिलहाल तीन साल की कैद की सजा काट रहे है। उन्हें पिछले हफ्ते भ्रष्टाचार के एक मामले में एक अदालत ने यह सजा सुनाई थी।इस कथित गोपनीय राजनयिक दस्तावेज में पिछले साल दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलो से जुड़े अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू समेत अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारियो तथा पाकिस्तानी राजदूत असद मजीद खान की एक बैठक में हुई बातचीत का विवरण है। यहां तक निवर्तमान विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी भी मानते है कि द इंटरसेप्ट द्वारा प्रकाशित दस्तावेज अप्रमाणिक है।

## सिंगापुर की जानी मानी भरतनाट्यम नृत्यांगना राठी कार्तिगेसु का निधन

**सिंगापुर।** सिंगापुर की जानी मानी भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना राठी कार्तिगेसु का निधन हो गया। वह 87 वर्ष की थीं। सिंगापुर में एक प्रभावशाली परिवार से ताल्लुक रखने वाली भरतनाट्यम नृत्यांगना राठी ने सोमवार को अंतिम सांस ली। उनके परिवार में उनके पुत्र आनंद कार्तिगेसु हैं, जो पेशे से वकील हैं। राठी का विवाह सिंगापुर के शीर्ष अपीली न्यायाधीशों में शामिल मुतातम्बी कार्तिगेसु से हुआ था। मुतातम्बी का 1999 में 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। मुतातम्बी के निधन के कुछ ही सप्ताह बाद उनकी बेटी शरमिणी (39) का भी देहांत हो गया। उनके 48 वर्षीय बेटे सुरेश ने 2006 में इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। राठी पूर्व वरिष्ठ मंत्री थरमन षणमुगरत्नम की रिश्तेदार थीं।

**PUBLIC NOTICE**

I, Shailendra Muthu S/o Late Sh. Kanwal Krishen Muthu R/o Flat no. C-103, Trinity Towers, DLF City Phase-V, Gurugram, Haryana declare that my father namely Late Sh. Kanwal Krishen Muthu S/o Late Sh. Dwarika Nath Muthu expired on 23rd October 2022 and he had left behind only the following legal heirs:-

**1. Kamlesh Muthu (Wife)**
**2.Sharika Muthu (Daughter)**
**3.Shailendra Muthu (Son)**

There are no other legal heirs of my father except the above-mentioned legal heirs.

The above-mentioned Legal Heirs of the Late Sh. Kanwal Krishen Muthu are desirous of obtaining a Legal Heir Certificate from the Tehsildar, Wazirabad, Gurugram, Haryana.

If anyone is having any objections regarding the above in that event he/she can raise objections within 30 days from the date of the publication of this notice in the office of Tehsildar, Wazirabad, Gurugram, Haryana.

**Shailendra Muthu**
**S/o Late Sh. Kanwal Krishen Muthu**
**R/o Flat no. C-103, Trinity Towers,**
**DLF City Phase-V, Gurugram,**
**Haryana-122002**

# धोखाधड़ी योजना के मुख्य आरोपी भारतीय को 15 साल के कैद की सजा

भाषा। न्यूयॉर्क

**अमेरिका** की एक संघीय अदालत ने 26 वर्षीय एक भारतीय नागरिक को एक बड़ी धोखाधड़ी योजना में सरगना की भूमिका निभाने के लिए 15 साल से अधिक के कारावास की सजा सुनाई है। मामले में अमेरिका के बुजुर्गों को इस साजिश का निशाना बनाया या था और उन्हें धमकी दी गई थी। अमेरिकी अटॉर्नी अलमदार हमदानी ने कहा कि भारत में एक कॉल सेंटर में काम करने वाले अमेरिका स्थित सरगना एम डी आज़ाद को पिछले साल अगस्त में 2019-2020 तक फर्जी योजना की साजिश में शामिल होने के लिए दोषी करार दिया था। इस धोखाधड़ी योजना का संचालन अमेरिका के विभिन्न शहरों से होता था। अमेरिकी जिला न्यायाधीश केनेथ होयट ने आजाद को संघीय जेल में 188 महीने की सजा काटने का आदेश दिया। ह्यूस्टन में कथित तौर पर अवैध रूप से रहने वाले भारतीय नागरिक आजाद को जेल की सजा के बाद निष्कासन की कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। उसकी इस फर्जी योजना के निशाने पर मुख्य रूप से बुजुर्ग थे। इस योजना के तहत गिरोह ने पूरे अमेरिका और अन्य स्थानों पर लोगों को बरगलाया और धोखा दिया तथा उन्हें धन स्थानांतरित करने के व्यवसाय के माध्यम से, तार के माध्यम से पैसे भेजने, उपहार कार्ड खरीदने और डाक मेल के माध्यम से धोखाधड़ी करने वालों के नाम नकद भेजने का निर्देश दिया। पीड़ितों ने जब धोखेबाजों से संपर्क किया, तो उन्हें अलग-अलग बातें बताई गई, जैसे कि वे एक विशेषज्ञ के साथ बातचीत कर रहे हैं इसलिए तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए उनके कंप्यूटर तक दूरस्थ पहुंच की जरूरत है। जालसाजों ने पीड़ितों के व्यक्तिगत डेटा और बैंक तथा क्रेडिट कार्ड की जानकारी तक पहुंच प्राप्त कर धोखाधड़ी को अंजाम देता था। अधिकारियों ने बताया कि इस साजिश में शामिल अन्य भारतीय नागरिकों का नाम अनिरुद्ध कालकोटे (26) है, जिसे साजिश के संबंध में दोषी ठहराया गया है।

# ट्रंप समर्थकों को अपने पक्ष में करने में जुटे संभावित राष्ट्रपति उम्मीदवार रामास्वामी

भाषा। वेल (आयोवा)



**अमेरिका** में राष्ट्रपति पद के संभावित रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी का आयोवा ग्रामीण क्षेत्र में संवाद कार्यक्रम टाउन हाल के दौरान एक तीखे सवाल से सामना हुआ। वहां उपस्थित लोगों में शामिल एक महिला द्वारा पूछा गया यह सवाल संभवत: उनके लिए सुझाव भी था। महिला ने कहा, मैं जानती हूं कि आप राष्ट्रपति बनना चाहते हैं, लेकिन क्या आप ट्रंप का उपराष्ट्रपति बनने पर विचार करेंगे? इस सवाल पर माहौल विनोदपूर्ण हो गया और रामास्वामी ने इसका लंबा-चौड़ा जवाब दिया। (संक्षेप में कहे तो उनका जवाब था- नहीं)। इस सवाल ने उस मुख्य चुनौती को भी उजागर कर दिया जिसका सामना दौलतमंद उद्यमी रामास्वामी कर रहे हैं। उनके समक्ष ट्रंप समर्थकों को अपने पक्ष में करने की चुनौती है और इस काम में वे जुट गए हैं। वे जितना अधिक कहेंगे कि वह ट्रंप का सम्मान करते हैं, उतना ही उनके लिए बेहतर होगा। करीब छह महीने पहले दौड़ में शामिल होने के बाद रामास्वामी कम पहचाने जाने वाले नेता होने के बावजूद रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। मतदाताओं की दिलचस्पी रामास्वामी के प्रति बढ़ रही है, लेकिन पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब भी बहुत से रूढ़िवादियों के पसंदीदा नेता बने हुए हैं। वह अधिक से अधिक मतदाताओं को बड़ी संजीदगी से यह समझाने के लिए काम कर रहे हैं कि वह उनके उम्मीदवार हो सकते हैं। आयोवा के वेल में एक कैवर्नस वेल्डिंग कंपनी के वर्कशेड में आयोजित टाउन हॉल के बाद रामास्वामी ने कहा, बहस महत्वपूर्ण होगी, लेकिन मुझे लगता है कि हम जिस पथ पर चल रहे हैं, उसी पर चलते रहेंगे। वह आयोवा राज्य मेले के लिए शनिवार को आयोवा लौट आए।

**क्यूबिकल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : 456, अग्रवाल मेट्रो हाइट, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
सीआईएन-एल65993डीएल1990पीएलसी040101
वेबसाइट : www.cubical90.com ई-मेल : cubfinsser@yahoo.com

**30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30-06-2023 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30-06-2022 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 21.67 | 34.37 | 114.8 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व | 50.85 | -9.61 | -19.67 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात | 48.47 | -11.68 | -28.57 |
| 4. | इक्विटी शेयर पूंजी | 1303.4 | 1303.4 | 1303.40 |
| 5. | संचेय, पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर | - | - | 53.85 |
| 6. | प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) (रू. 2/- प्रत्येक का) | | | |
| | मूल | 0.07 | -0.02 | -0.04 |
| | तनुकृत | 0.07 | -0.02 | -0.04 |

नोट :
उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.cubicalrealtors.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते क्यूबिकल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
अश्वनी कुमार गुप्ता
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00348616

दिनांकित : 12-08-2023
स्थान : दिल्ली

# गर्मियों में उमस से मुड़ने लगते हैं बाल

## ● रसायनविद से जाने बालों की संरचना की प्रक्रिया के बारे में

भाषा। मैरीलैंड



अगर आपके बाल घुंघराले हैं, तो आप यह जानते हैं कि वह हर दिन अलग अलग तरीके से दिखेंगे। ये कुछ दिन बेहतर तरीके से क्यों मुड़ते हैं? और जिन लोगों के प्राकृतिक रूप से घुंघराले बाल नहीं होते हैं, वे भी कभी कभी देखते हैं कि उनके बाल मुड़ रहे हैं या उलझे हुए हैं और ऐसा गर्मियों में उमस भरे दिनों में होता है। मेरे बाल भी घुंघराले हैं और मैं हमेशा इस तलाश में रहता हूं कि अपने बालों की कैसे अच्छी तरह से देखभाल कर सकूं और अपने बालों को समझ सकूं। रसायनविद के तौर पर, मेरी दिलचस्पी यह जानने की है कि आणविक स्तर पर मेरे बाल कैसे व्यवहार करते हैं, उसकी प्रक्रिया क्या है। बाल अलग अलग तरह के होते हैं जैसे सीधे, घुंघराले और वे अपनी संरचना के हिसाब से व्यवहार करते हैं। लेकिन आणविक स्तर पर बाल जिस चीज से बने होते हैं, वह एक ही है। त्वचा की सतह के नीचे बाल उगना शुरू हो जाते हैं, लेकिन बालों के त्वचा में घुसने के बाद जो होता है वह यह निर्धारित करता है कि आपके बालों का दिन अच्छा रहेगा या खराब। सबसे अंदरूनी या कोर परत, मज्जा है। यह परत पेड़ के तने के बीच में मौजूद गुठली की तरह नमी बरकरार रखती है। यह परत भी बहुत नाजुक होती है, लेकिन केवल मोटे बालों में ही यह हिस्सा होता है - इसलिए पतले या सुनहरे बालों वाले लोगों के बालों में आमतौर पर मज्जा परत नहीं होती है। अगला है कॉर्टेक्स (झिल्ली), जो अधिकांश बाल बनाती है और एक पेड़ की लकड़ी के समान होती है। कॉर्टेक्स स्प्रिंग के आकार के प्रोटीन अणुओं से बनी होती है जो बेलनाकार बंडल में समानांतर पंक्तियों में स्थित होते हैं। उस बंडल का सटीक आकार बाल फॉलिकल द्वारा निर्धारित होता है। फॉलिकल से ही बाल उगते हैं। सीधा फॉलिकल सीधे बाल पैदा करता है और एक घुमावदार फॉलिकल घुंघराले बाल पैदा करता है। टेढ़ा-मेढ़ा प्रोटीन जितना कम वितरित होगा, बाल उतने ही घुंघराले होंगे। कॉर्टेक्स के आकार और बालों की मोटाई में आपका आनुवंशिक कोड भी भूमिका निभाता है। अंत में, बालों की सबसे बाहरी परत को क्यूटिकल कहा जाता है। क्यूटिकल पेड़ की छाल की तरह होता है। कॉर्टेक्स का बचाव करने का काम क्यूटिकल करता है, लेकिन क्यूटिकल बहुत आसानी से क्षतिग्रस्त हो जाता है। एक पेड़ से छाल उठाने या हटाने की कल्पना करें। ऐसा करने से पेड़ के अंदर की लकड़ी की नमी चली जाती और वह पर्यावरण के संपर्क में आकर क्षति के प्रति संवेदनशील हो जाएगी। यही बालों के साथ भी होता है। जब क्यूटिकल कंघी करने, रसायनों, हवा या गर्मी से क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो कॉर्टेक्स का प्रोटीन भी प्रभावित हो जाता है। इसका मतलब है कि वे नमी खो सकते हैं, नमी प्राप्त कर सकते हैं, रस्सी की तरह टूट सकते हैं - इससे बाल दोमुंहे हो जाते हैं - और झड़ भी सकते हैं। ए सभी कारक इस बात को प्रभावित कर सकते हैं कि किसी समय में आपके बाल कैसे दिखेंगे। तो इन सबका उमस से क्या लेना-देना है? बालों के प्रोटीन में कई स्थाई रासायनिक जुड़ाव होते हैं। केवल पर्म या स्ट्रेटनिंग जैसे रासायनिक उपचार ही इन जुड़ाव को बदल सकते हैं। लेकिन एक और प्राकृतिक चीज़ है जो कॉर्टेक्स में प्रोटीन अणुओं को एक पंक्ति में रखती है और इसे हाइड्रोजन जुड़ाव कहा जाता है। गर्मी और पानी आपके बालों की संरचना को एक साथ रखने वाले हाइड्रोजन जुड़ाव को तोड़कर आपके बालों में प्रोटीन को पुनर्व्यवस्थित कर सकते हैं। पानी आपके बालों के कॉर्टेक्स में प्रोटीन की पंक्तियों के बीच हाइड्रोजन का जुड़ाव बना सकता है। यह किस हद तक होता है यह आपके बालों का भाग्य निर्धारित करता है। जब बालों में थोड़ा सा पानी जाता, जैसे कि उमस की स्थिति में या जब क्यूटिकल स्वस्थ होता है तो कॉर्टेक्स से अधिक पानी को बाहर रखने में सक्षम होती है, तब आपके बाल मुड़ सकते हैं।

**GOLDEDGE ESTATE AND INVESTMENT LIMITED**
**Regd Office:-C-115,Ground Floor, Mansoravar Garden, New Delhi-110015**
**CIN: L70101DL1992PLC047541**

**EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2023**

Rs. in lakhs except per share data

| S. No. | Particulars | CONSOLIDATED Quarter Ended 30-Jun-23 (Unaudited) | Quarter Ended 31-Mar-23 (Audited) | Quarter Ended 30-Jun-22 (Unaudited) | Year Ended 31-Mar-23 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations (gross) | 6.85 | 6.80 | 6.04 | 25.87 |
| 2 | Total income from operations (net) | 6.85 | 6.80 | 6.04 | 25.87 |
| 3 | Net Profit for the period (before tax and exceptional items) | 3.38 | 1.86 | 2.49 | 9.83 |
| 4 | Net Profit for the period before tax (after exceptional items) | 3.38 | 1.86 | 2.49 | 9.83 |
| 5 | Net Profit for the period after tax (after exceptional items) | 2.81 | 5.62 | 1.77 | 4.84 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 2.81 | 5.62 | 1.77 | 4.84 |
| 7 | Equity Share Capital | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 |
| 8 | Other Equity | - | - | - | 78.76 |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) | | | | |
| | Basic : | 0.05 | 0.11 | 0.03 | 0.09 |
| | Diluted: | 0.05 | 0.11 | 0.03 | 0.09 |

**EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2023**

Rs. in lakhs except per share data

| S. No. | Particulars | STANDALONE Quarter Ended 30-Jun-23 (Unaudited) | Quarter Ended 31-Mar-23 (Audited) | Quarter Ended 30-Jun-22 (Unaudited) | Year Ended 31-Mar-23 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations (gross) | 6.85 | 6.80 | 6.04 | 25.87 |
| 2 | Total income from operations (net) | 6.85 | 6.80 | 6.04 | 25.87 |
| 3 | Net Profit for the period (before tax and exceptional items) | 3.38 | 1.86 | 2.49 | 9.83 |
| 4 | Net Profit for the period before tax (after exceptional items) | 3.38 | 1.86 | 2.49 | 9.83 |
| 5 | Net Profit for the period after tax (after exceptional items) | 2.53 | 1.40 | 1.86 | 3.69 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 2.53 | 1.40 | 1.86 | 3.69 |
| 7 | Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- each) | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 |
| 8 | Other Equity | - | - | - | 70.87 |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) | | | | |
| | Basic : | 0.05 | 0.03 | 0.04 | 0.07 |
| | Diluted: | 0.05 | 0.03 | 0.04 | 0.07 |

**Note :** The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and other disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Quarterly results are available on the stock exchange websites **i.e. www.msei.in** and on Company website **www.goldedgeestate.in**

**For and on behalf of the Board**
**For Goldedge Estate and Investment Limited**
**Sd/-**
**Jagdish Chand Agrawal**
**Chairman**
**DIN : 01898337**

**Place : New Delhi**
**Date: 12.08.2023**

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 13 अगस्त, 2023



# अपराध की आय से अर्जित संपत्तियों का समय पर पता लगाने पर जोर दें : मोदी

● विदेशों में अर्जित संपत्ति लौटाने में तेजी लाकर उदाहरण पेश कर सकते है जी20 देश



भाषा। कोलकाता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सुझाव दिया कि जी20 देश अपराध की आय से विदेशों में अर्जित संपत्ति आपराधिक दोषसिद्धि की कार्रवाई के बिना वापस करने में तेजी लाकर एक उदाहरण पेश कर सकते हैं।मोदी ने यहां आयोजित जी-20 भ्रष्टाचार निरोधक मंत्रिस्तरीय बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए अपराध की आय से अर्जित संपत्तियों का समय पर पता लगाने और पहचान करने पर जोर दिया और कहा कि ए कदम उचित न्यायिक प्रक्रिया के बाद अपराधियों की त्वरित वापसी और प्रत्यर्पण सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का असर गरीबों एवं वंचितों पर सबसे अधिक पड़ता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार संसाधनों के इस्तेमाल, बाजार एवं सेवाएं मुहैया कराने की क्षमता को प्रभावित करता है और लोगों के जीवन की गुणवत्ता को कम करता है।इस दौरान उन्होंने लालच को लेकर आगाह करते हुए कहा, यह हमें सच का अहसास करने से रोकता है। मोदी ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शहर में जी20 देशों की गणमान्य हस्तियों का स्वागत किया। उन्होंने टैगोर की रचनाओं का जिक्र करते हुए लालच के प्रति आगाह किया और कहा कि यह हमें सच का अहसास नहीं होने देता। उन्होंने मा गृधा: की बात करने वाले उपनिषदों का भी जिक्र किया। मा गृधा: का अर्थ है कि लालच मत करो। मोदी ने अर्थशास्त्र में कौटिल्य का उल्लेख करते हुए कहा कि अपने लोगों के अधिकतम कल्याण के लिए देश के संसाधनों को बढ़ाना सरकार का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की सख्त नीति है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि भारत एक पारदर्शी एवं जवाबदेह पारिस्थिकी तंत्र बनाने के लिए प्रौद्योगिकी एवं ई-शासन का लाभ उठा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं में खामियों को दूर किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप भारत में लाखों लोगों को उनके बैंक खातों में 360 अरब डॉलर से अधिक की राशि का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण मिला और 33 अरब डॉलर से अधिक की बचत करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि सरकार ने कारोबार संबंधी विभिन्न प्रक्रियाओं को सरल बनाया है। उन्होंने सरकारी सेवाओं के स्वचालन और डिजिटलीकरण का उदाहरण देते हुए कहा कि इसने नीतियों के क्रियान्वयन में खामियों को दूर किया है। मोदी ने कहा, हमारे गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस या जीईएम पोर्टल से सरकारी खरीद प्रक्रिया में अधिक पादर्शिता आई है। उन्होंने 2018 में आर्थिक अपराधी कानून के क्रियान्वयन का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार आर्थिक अपराधियों का आक्रामक तरीके से पीछा कर रही है। मोदी ने आर्थिक अपराधियों एवं भगोड़ों से 1.8 अरब डॉलर से अधिक की पूंजी जब्त किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने धनशोधन रोकथाम अधिनियम का भी उल्लेख किया, जिसकी मदद से अपराधियों की 2014 से 12 अरब डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। प्रधानमंत्री ने जिक्र किया कि उन्होंने 2014 में अपने पहले जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान जी20 के सभी देशों और ग्लोबल साउथ के सामने मौजूद भगोड़े आर्थिक अपराधियों की चुनौतियों पर बात की थी। उन्होंने 2018 में जी-20 शिखर सम्मेलन में भगोड़े आर्थिक अपराधियों के खिलाफ कार्वाई एवं संपत्ति वापस लाने के लिए नौ सूत्री एजेंडा पेश किए जाने का भी उल्लेख किया और इस संबंध में कार्य समूह द्वारा निर्णायक कदम उठाए जाने पर खुशी जताई। प्रधानमंत्री ने संपत्ति का समय पर पता लगाने और अपराध से होने वाली आय की पहचान करने की महत्ता को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी20 देशों के सामूहिक प्रयास भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाकर एवं भ्रष्टाचार के मूल कारणों से निपटने वाले मजबूत कदमों के कार्यान्वयन के जरिए एक बड़ा अंतर लाया जा सकता है। मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में लेखा परीक्षा संस्थाओं की भूमिका को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के अंत में कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य हस्तियों से प्रशासनिक और कानूनी प्रणालियों को मजबूत करने के साथ-साथ मूल्य प्रणालियों में नैतिकता और ईमानदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया।

# टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को शीघ्र पीछे हटाने पर जोर देगा भारत

● चीन के साथ अगले चरण की सैन्य वार्ता

भाषा। नई दिल्ली

**चीन के साथ** 14 अगस्त को उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता के अगले चरण में पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले शेष स्थानों से सैनिकों को शीघ्र पीछे हटाने पर भारत जोर देने वाला है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोर कमांडर स्तर की 19वें दौर की वार्ता, क्षेत्र में तनाव घटाने के लिए हुई सैन्य स्तर की पिछली वार्ता के करीब चार महीने बाद हो रही है। सूत्रों ने बताया कि वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल टकराव वाले शेष स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने की मांग करने जा रहा है। पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले कुछ खास स्थानों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तीन साल से अधिक समय से गतिरोध कायम है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक एवं सैन्य वार्ताओं के बाद कई इलाकों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। सैन्य वार्ता के 18वें चरण में भारतीय पक्ष ने देपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव बनाया था। यह वार्ता 23 अप्रैल को हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, अगले दौर की वार्ता सीमा पर भारत की ओर स्थित चुशुल-मोल्दो सीमा बैठक स्थल पर होने वाली है। वार्ता में लेह मुख्यालय वाली 14वीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली के भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने की संभावना है। वहीं,चीनी टीम का नेतृत्व दक्षिण शिंजियांग सैन्य जिले के कमांडर द्वारा किए जाने की उम्मीद है। पिछले महीने, विदेश मंत्रालय ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पिछले साल जी-20 के बाली शिखर सम्मेलन में एक रात्रिभोज के दौरान द्विपक्षीय संबंध स्थिर करने की जरूरत को रेखांकित किया था। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने पांच देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के समूह ब्रिक्स की जोहानिसबर्ग में 24 जुलाई को हुई एक बैठक से इतर शीर्ष चीनी राजनयिक वांग ई से मुलाकात की थी। बैठक पर अपने बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि डोभाल ने यह अवगत कराया कि 2020 से भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति से सामरिक विश्वास का क्षरण हुआ है तथा संबंध कमजोर हुए हैं।

# कर्नाटक में गुंडा एक्ट के तहत गोरक्षक गिरफ्तार

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** में गौवंश को मारने वाले लोगों और मवेशी ट्रांसपोर्टरों से पैसे वसूलने के आरोप में 32 वर्षीय एक गोरक्षक पर कठोर कर्नाटक गुंडा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया तथा बाद में केंद्रीय अपराध शाखा ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हासन जिले के मूल निवासी पुनीथ केरेहल्ली पर शुक्रवार देर रात मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वह बेंगलुरु में रहता था। पुलिस के मुताबिक, केरेहल्ली खिलाफ राज्य के विभिन्न पुलिस थानों में 10 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने अपने आदेश में कहा, "यह व्यक्ति राष्ट्र रक्षा बल के नाम पर जबरन वसूली के उद्देश्य से बार-बार आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है" उसने कहा, वह व्यवसायियों को धमकी देता तथा गोवंश को मरने वाले लोगों और ट्रांसपोर्टरों को निशाना बनाता था, जिससे शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ता था और सार्वजनिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था।

## क्विक न्यूज

### तिरंगे के अपमान वाला ऑडियो क्लिप वायरल होने के बाद मौलवी को हिरासत में लिया गया

पोरबंदर (गुजरात)। गुजरात के पोरबंदर शहर मे एक मौलवी को ऑडियो क्लिप के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हिरासत मे ले लिया गया, जिसमे उसने राष्ट्रीय ध्वज का कथित तौर पर अपमान किया था। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) भागीरथ सिंह जडेजा ने कहा कि आरोपी की पहचान वासिद रजा के रूप मे हुई है। रजा के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद कीर्तिमंदिर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। जडेजा ने बताया कि मौलवी पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने और विभिन्न समूहो के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के आरोप मे मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने कहा, पोरबंदर मे नगीना मस्जिद के मौलवी से इस साल जनवरी मे उसके व्हाट्सएप्प ग्रुप मे पूछा गया था कि क्या मुसलमानो को राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहिए और उसे सलाम करना चाहिए तथा राष्ट्रगान गाना चाहिए। जडेजा ने कहा, एक ऑडियो प्रारूप में अपने जवाब मे मौलवी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकते है, लेकिन उसे सलामी नही दे सकते। क्या मुसलमानो को राष्ट्रगान गाना चाहिए इस प्रश्न पर उसने कहा कि उन्हें राष्ट्रगान में इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों के कारण ऐसा नही करना चाहिए। मामले में आरोपी मौलवी बहार-ए-शरीयत नामक व्हाट्सएप्प ग्रुप का एडमिन है, जिसमे उससे राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान पर उसकी राय पूछी गई थी। जडेजा ने कहा, ग्रुप के एक ऑडियो क्लिप के आधार पर कीर्तिमंदिर थाने मे प्राथमिकी दर्ज की गई। मौलवी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153, 153 ए, 153 बी (दंगा भड़काने के इरादे से जानबूझकर किया गया कृत्य) और 505 तथा 505 ए (शत्रुता को बढ़ावा देने के लिए बयान, अफवाह फैलाना) के साथ-साथ राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तकें तैयार करने वाली समिति में सुधा मूर्ति, शंकर महादेवन, संजीव सान्याल

**नई दिल्ली।** नए पाठ्यक्रम के अनुसार पाठ्यपुस्तको को संशोधित करने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा गठित एक नई समिति में इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति, संगीतकार शंकर महादेवन, अर्थशास्त्री संजीव सान्याल और 16 अन्य लोगों को शामिल किया गया है। अधिकारियो ने इसकी जानकारी दी। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (एनआईईपीए) के कुलाधिपति महेश चंद्र पंत 19 सदस्ईय नेशनल सिलेबस एंड टीचिंग लर्निंग मेटेरियल कमेटी (एनसीटीसी) की अध्यक्षता करेंगे और तीसरी से 12वी कक्षा तक की पाठ्यपुस्तकें तैयार करेंगे। कमेटी को पाठ्यपुस्तकें एवं अन्य पठन-पाठन सामग्री तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है, जिन्हें एनसीईआरटी प्रकाशित व उपयोग करेगा। कमेटी के उपाध्यक्ष प्रिंसटन विश्वविद्यालय मे गणित के प्राध्यापक मंजुल भार्गव होंगे। इसके अन्य सदस्यो मे, गणितज्ञ सुजाता रामदोरई, बैडमिंटन खिलाड़ी वी विमल कुमार, सेंटर फॉर पॉलिटी स्टडीज के अध्यक्ष एमडी श्रीनिवास, और भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष चामू कृष्ण शास्त्री शमिल है। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तको से कई अध्यायो और अंशो को हटाए जाने पर मई मे एक विवाद पैदा हो गया था। विपक्षी दलो ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया था। वही, एनसीईआरटी ने कहा था कि विशेषज्ञो की सिफारिशो के आधार पर ऐसा किया गया है।

### जमीयत ने सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए खाप पंचायतों, सिखों की सराहना की

**नई दिल्ली।** हरियाणा मे सांप्रदायिक झड़पो के कुछ दिनो बाद प्रमुख मुस्लिम निकाय जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने शनिवार को उन खाप पंचायतो, सामाजिक संगठनो, सिखो और अन्य लोगो की भूमिका की सराहना की, जिन्होने सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने मे योगदान दिया। जमीयत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने एक बयान मे कहा कि खाप पंचायतो ने देश को एक बार फिर शांति एवं एकता कायम रखने का रास्ता दिखाया है। उन्होंने खाप पंचायतो, सामाजिक संगठनो, सिखो और हरियाणा के अन्य लोगो के कदम का स्वागत किया, जिन्होने 31 जुलाई को नूंह और उसके पड़ोसी इलाको मे हुई झड़पो के बाद संकट की स्थिति मे सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा दिया। मदनी ने कहा कि इन्होने न केवल मेवात के मुसलमानो के साथ पूरी एकजुटता और सहानुभूति जताई, बल्कि सांप्रदायिक ताकतो की साजिशो को भी उजागर किया। उन्होंने कहा, इससे न केवल मेवात के उत्पीड़ित मुसलमानो को प्रोत्साहन मिला है, बल्कि समुदाय पर धार्मिक चरमपंथ का माहौल बनाने का आरोप लगाने की खतरनाक साजिश भी नाकाम हो गई है। मदनी ने आरोप लगाया कि पुलिस मुस्लिम युवको की गिरफ्तारी कर रही है। उन्होने दावा किया, पुलिस की मौजूदगी मे सांप्रदायिक समूहो के समर्थन मे रैलियां आयोजित की जा रही है, जिसमे वे खुलेआम मुसलमानो के आर्थिक बहिष्कार का आह्वान कर रहे है, लेकिन सत्तारूढ़ दल इस बुरी प्रवृत्ति को रोकने के लिए न तो राज्य में और न ही केंद्र मे कुछ कर रहा है। भीड़ द्वारा 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद की जलाभिषेक यात्रा को रोकने की कोशिश के बाद नूंह मे भड़की सांप्रदायिक हिसा मे दो होमगार्ड सहित छह लोगो की मौत हो गई थी।

### सोयाबीन ऑयल और लोकप्रिय होगा

**आगरा।** खाद्य तेल ब्रैंड की लोकप्रिय श्रृंखलाए हिमानी बेस्ट चॉइस ने अपने रिफाइंड सोयाबीन ऑयल वैरिएंट को एक बिलकुल नए पैक डिजाइन में पेश किया है। हिमानी बेस्ट चॉइस का उत्पादन और बिक्री इमामी एग्रोटेक लिमिटेड द्वारा की जाती है। इस बारे में देबासीस भट्टाचार्य प्रेसिडेंट मार्केटिंग इमामी एग्रोटेक लिमिटेड का कहना है हर सफल ब्रैंड को उपयोगी और प्रासंगिक बने रहने के लिए बदलाव करते रहने की जरूरत होती है। ग्राहकों की बदलती पसंद को पूरा करने के लिएए किसी भी ब्रैंड के लिए उनसे सही कनेक्ट बनाना और उनके अनुसार खुद को बदलना महत्वपूर्ण है। इसलिएए हम अपने ब्रैंड हिमानी बेस?ट चॉइस रिफाइंड सोयाबीन ऑयल के लिए एक स्मार्ट कंटेम्परारी लुक लेकर आए हैं। इससे ग्राहकों को एक बढ़ते और प्रगतिशील ब्रांड के रूप में देखने का एक नया नजरिया मिलेगा। हमारा यह भी मानना है कि यह नया बदलावए बाजार में हमारी लीडरशिप की स्थिति को मजबूत करेगा और बड़ी संख्या में ग्राहकों को आकर्षित करेगा।ाहिमानी बेस्ट चॉइस रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, सोयाबीन के एक प्राकृतिक तत्व को अपने नए डिजाइन में लेकर आया है। ब्रांड के एम्बेसडर सलमान खान की तस्वीर के साथ ब्रांड की टैगलाइन स्वाद में हिट बजट में फिट नई डिजाइन में भी मौजूद रहेगी। 2014 में लॉन्च किया गयाए हिमानी बेस्ट चॉइस खाद्य तेल का उत्पादन विनिर्माण उत्कृष्टता के उच्चतम मानक और कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपायों के तहत किया जाता है। यह भारत में सबसे तेजी से बढ़ रहे खाद्य तेल ब्रैंड्स में से एक है जो अपने कई प्रासंगिक मार्केट्स में अपनी श्रेणी में लीडरशिप पोजीशन का आनंद उठाता है।

## सर्वोटेक पावर, उत्तर प्रदेश सरकार में ईवी चार्जर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए करार

भाषा। नई दिल्ली

सर्वोटेक पावर सिस्टम्स उत्तर प्रदेश में 300 करोड़ रुपए के निवेश से एक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी। इसके लिए उसने प्रदेश सरकार के साथ करार किया है। कंपनी ने शनिवार को बयान में कहा कि विनिर्माण संयंत्र को उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं परिवहन नीति 2022 के अंतर्गत स्थापित किया जा रहा है। सर्वोटेक पावर ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू पर सर्वोटेक के प्रबंध निदेशक रमन भाटिया और उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल दास नंदी ने हस्ताक्षर किए। इनवेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक प्रकाश और प्रदेश सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे। भाटिया ने कहा कि प्रदेश में ईवी, चार्जर और बैटरी का विनिर्माण केंद्र बनने की असीम संभावनाएं हैं।

# भारत को नई हरित क्रांति की जरूरत: शाह

भाषा। गांधीधाम



**केंद्रीय गृह** एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि दुनिया को प्राकृतिक **खेती का** रास्ता दिखाने और किसानों को समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए भारत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नई हरित क्रांति की जरूरत है।शाह ने कहा कि यह हरित क्रांति जैविक उत्पादों के लिए बाजार खोजकर दुनिया भर से पैसा भारत में लाएगी।शाह गुजरात के कच्छ जिले के कांडला में अग्रणी उर्वरक सहकारी प्रमुख इफको के नैनो डीएपी (तरल) संयंत्र की आधारशिला रखने के लिए आयोजित समारोह में बोल रहे थे।मंत्री ने कहा कि संयंत्र में प्रति दिन 500 मिलीलीटर तरल वाली 2 लाख बोतलों का उत्पादन होगा, जिससे आयातित उर्वरकों पर देश की निर्भरता कम होगी और उर्वरकों पर 10,000 करोड़ रुपए की सब्सिडी बचेगी।इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, मेरा मानना है कि मोदीजी के नेतृत्व में देश को एक और हरित क्रांति की जरूरत है, भले ही यह एक अलग तरह की क्रांति हो, जहां उत्पादन ही एकमात्र लक्ष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि अतीत में भारत को गेहूं और चावल आयात करने की जरूरत पड़ती थी। उन्होंने कहा कि बाद की सरकारों के प्रयासों और पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देश खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन गया है।शाह ने कहा, लेकिन जब मैं कहता हूं कि हमें एक नई हरित क्रांति की जरूरत है, तो इसका आयाम यह होना चाहिए कि भारत दुनिया को प्राकृतिक खेती का रास्ता दिखाए और प्राकृतिक खेती के लिए हरित क्रांति लाए... यह हरित क्रांति हमारे किसानों के जैविक उत्पादों के लिए बाजार ढूंढकर दुनिया भर से पैसा भारत लाएगी। नई हरित क्रांति का लक्ष्य तीन चीजों का है: पहला, भारत को न केवल गेहूं और धान, बल्कि हर प्रकार के खाद्य पदार्थों में आत्मनिर्भर बनाना, चाहे वह दालें हों या तिलहनअ दूसरा, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करके प्रति एकड़ उत्पादन बढ़ाना और मिट्टी को संरक्षित करना और तीसरा, प्राकृतिक खेती की उपज के लिए बाजार ढूंढकर किसानों के लिए समृद्धि लाना। मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार इन तीन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है और उनके मंत्रालय ने इन्हें हासिल करने के लिए तीन बहु-राज्य सहकारी समितियों की स्थापना की है।उन्होंने कहा कि इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) संयंत्र में उत्पादित तरल नैनो यूरिया" पृथ्वी को रासायनिक जहर से बचाकर संरक्षित करने, उसकी उर्वरता बनाए रखने और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने की चुनौती का सामना करने में किसानों की मदद करेगा। उन्होंने कहा, सबसे बड़ी बात यह है कि इससे आयात कम होगा और भारत यूरिया और डीएपी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। शाह ने कहा कि इन उपायों से भारत जो उर्वरक सब्सिडी बचाएगा वह किसानों को वापस मिल जाएगी और इससे किसानों और देश दोनों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) को व्यवहारिक बनाने के लिए काम किया है और उनसे अपने उपनियमों को बदलने और अधिक लाभ के लिए मॉडल उपनियमों को स्वीकार करने का आग्रह किया है।मंत्री ने कहा कि कम से कम 15,000 पीएसीएस सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) बन गए हैं जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में काम करते हैं।सत्तर एकड़ में फैला कांडला संयंत्र 350 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह देश और विदेश में आपूर्ति के लिए 500 मिलीलीटर वाली 2 लाख नैनो बोतलों का उत्पादन करेगा।इफको के अनुसार, नैनो यूरिया तरल एक पर्यावरण-अनुकूल, उच्च पोषक तत्व उपयोग दक्षता वाला स्मार्ट उर्वरक है और प्रदूषण को कम करने और ग्लोबल वार्मिंग में कमी के लिए एक स्थाई समाधान है, जो इसे पारंपरिक यूरिया का एक मजबूत विकल्प बनाता है।

### बीएसएफ को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराएंगे

**कच्छ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार उस प्रतिकूल स्थिति को समझती है जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए काम करते है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार बीएसएफ को बेहतर सुविधाएं देने के लिए बजटीय आवंटन सुनिश्चित करेगी। शाह बीएसएफ लंगर (जहाज या नौका को बांधने वाला स्थान) स्थल की आधारशिला रखने और अन्य परियोजनाओं के ई-उद्घाटन के लिए गुजरात के कच्छ के कोटेश्वर पहुंचे थे। उन्होने कहा कि बीएसएफ एकमात्र ऐसा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) है, जो जल, जमीन और हवाई क्षेत्र की सुरक्षा करने मे माहिर है तथा बाहरी ताकतो से देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विविध भौगोलिक परिस्थितियों में काम करता है। गृह मंत्री ने कहा, यह मत सोचिए कि सरकार को उस प्रतिकूल स्थिति का अंदाजा नही है जिसमे आप काम करते है। जब मै (हरामी नाला) जाऊंगा, तो मुझे निश्चित रूप से एक बार फिर इसके (प्रतिकूल स्थिति के) बारे में सूचित किया जाएगा। शाह रविवार को कच्छ जिले मे भारत और पाकिस्तान को अलग करने वाले क्रीक क्षेत्र हरामी नाला का दौरा करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने बीएसएफ जवानो को आश्वासन दिया कि आपकी सुविधा के लिए जो भी बजट आवंटित करने की आवश्यकता होगी वह आने वाले दिनो मे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह रात मे चैन की नीद सो पाते है क्योंकि बीएसएफ के जवान देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए 365 दिन चौबीसो घंटे सतर्क रहते है। शाह ने कहा कि बीएसएफ को उन क्षेत्रो मे सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है, जहां तापमान शून्य से 43 डिग्री नीचे से 43 डिग्री सेल्सियस तक रहता है और वे सुंदरबन (पूर्व मे) और हरामी नाला से सटे क्षेत्रो को सुरक्षित रखने के लिए सतर्क रहते है। मंत्री ने कहा कि भारत के विभाजन के बाद, बीएसएफ को पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगी देश की सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने कहा, तटीय सुरक्षा देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। गुजरात के तट पर कई महत्वपूर्ण संस्थान, परमाणु स्टेशन, मिसाइल प्रक्षेपण क्षेत्र, अनुसंधान केंद्र, उद्योग और बंदरगाह स्थित है। उनकी 365 दिन चौबीसो घंटे सुरक्षा करना महत्वपूर्ण है। शाह ने कहा कि देश उन ।,900 से अधिक जवानों को सलाम करता है जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया है और नरेन्द्र मोदी सरकार ने उनके परिवार के सदस्यो की सुरक्षा के लिए भी कदम उठाए है। उन्होने कहा, आप देश की सीमा की सुरक्षा कर रहे है, इसलिए मोदी जी ने आपके परिवार के सदस्यो की सुरक्षा सुनिश्चित करने मे कोई कसर नही छोड़ी है।

# जावडेकर ने विजयन की बेटी के खिलाफ आरोपों की एजेंसियों से जांच की मांग की



भाषा। त्रिशूर (केरल)

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावडेकर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी वीणा विजयन की कंपनी और कोच्चि की खनिज कंपनी के बीच कथित वित्तीय लेनदेन को लेकर भ्रष्टाचार के आरोपों की सक्षम केंद्रीय एजेंसियों से जांच कराने की शनिवार को मांग की।जावडेकर ने आरोप लगाया कि यह भ्रष्टाचार का भी एक अजीब मामला है जिसमें कंपनी के मालिक ने सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और विपक्षी यूडीएफ सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को 96 करोड़ रुपए दिए हैं।जावडेकर ने त्रिशूर में पीटीआई-भाषा से कहा, यह एक धोखाधड़ी है। इसलिए, धोखाधड़ी की जांच करने वाली सभी एजेंसियों को (इस मामले की) जांच करनी चाहिए। यह मेरी मांग है। भाजपा के केरल मामलों के प्रभारी जावडेकर ने दावा किया कि लोगों ने राज्य सरकार की एजेंसियों की जांच पर विश्वास खो दिया है और आरोप लगाया कि यह सब लीपापोती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जावडेकर का यह बयान पार्टी के इस दावे के कुछ दिनों बाद आया है कि विजयन को अपनी बेटी वीणा की कंपनी पर बिना कोई सेवा प्रदान किए कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) से 1.7 करोड़ रुपए प्राप्त करने के कथित अभ्यारोपण को लेकर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का सामना करना पड़ सकता है।जावडेकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में शनिवार को कहा कि न केवल सत्तारूढ़ एलडीएफ बल्कि विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ भी दक्षिणी राज्य में भ्रष्टाचार में शामिल था।कोच्चि स्थित कंपनी के साथ यूडीएफ नेताओं के कथित वित्तीय लेन-देन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "केरल के मुख्यमंत्री, यूडीएफ और एलडीएफ की अलमारी से एक और कंकाल निकला है"जावडेकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, यह भ्रष्टाचार का एक अजीब मामला है जहां कंपनी के मालिक ने विभिन्न राजनेताओं और नौकरशाहों को 96 करोड़ रुपए दिए हैं, उन्होंने स्वीकार किया है कि उन्होंने पैसे का भुगतान किया है। एक प्राप्तकर्ता मुख्यमंत्री की बेटी वीणा हैं जिन्हें कुछ भी नहीं करने के लिए 1.7 करोड़ रुपए मिले हैं। इससे भी अधिक बेतुका है घोटाले को कांग्रेस का समर्थन। जावडेकर ने कांग्रेस नेता एवं राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन पर उनकी कथित टिप्पणी के लिए निशाना किया कि राजनीतिक गतिविधियों के लिए व्यावसायिक घरानों से पैसा लेना सामान्य है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट में कहा, श्रीमान सतीशन, मैं आपको याद दिला दूं कि नेता पार्टी के लिए धन एकत्रित करते हैं और पार्टी खातों में जमा करते हैं, निजी खातों में नहीं। यह पैसा कंपनी द्वारा प्रदूषण और अन्य मामलों में किए गए उल्लंघनों को नजरअंदाज करने के लिए दिया गया था। यह सीधे सीधे भ्रष्टाचार का मामला। इसकी एजेंसियों से जांच होनी चाहिए। भाजपा ने कहा है कि आयकर अंतरिम निपटान बोर्ड की नई दिल्ली पीठ ने हाल ही में फैसला सुनाया था कि धन एक प्रमुख व्यक्ति के साथ संबंध को देखते हुए दिया गया था।

# लक्षद्वीप के विद्यालयों में नई तरह की पोशाक

भाषा। तिरुवनंतपुरम

● कांग्रेस ने हिजाब या स्कार्फ को शामिल न करने पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी

**कांग्रेस ने** लक्षद्वीप के स्कूलों में नई तरह की पोशाक निर्धारित करने के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के कदम की शनिवार को कड़ी निंदा की और इसके खिलाफ छात्रों द्वारा कक्षाओं का बहिष्कार किए जाने तथा विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी दी। कांग्रेस की लक्षद्वीप इकाई के नेता एवं पूर्व सांसद हमदुल्ला सईद ने आरोप लगाया कि नए ड्रेस कोड के लिए निर्देश में छात्राओं के लिए हिजाब या स्कार्फ का कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जो मुस्लिम बहुल द्वीपसमूह में द्वीपवासियों की संस्कृति और जीवन शैली को नष्ट करने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार और लक्षद्वीप प्रशासन लगातार जनविरोधी नीतियों को लागू करने का प्रयास कर रहे हैं जो द्वीपों की संस्कृति और लोकाचार के पूरी तरह से खिलाफ है। सईद ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा एक नया ड्रेस कोड निर्धारित करने का हालिया आदेश इस कड़ी में नवीनतम है, जिसे किसी भी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता। पूर्व सांसद सईद ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम ऐसे किसी भी निर्देश को स्वीकार नहीं करेंगे, जो लक्षद्वीप की संस्कृति और मौजूदा जीवनशैली को नष्ट कर दे। चीजों को इस तरह से थोपा जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था में अवांछित तनाव और समस्याएं पैदा करने के प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस कदम के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेगी। सईद ने कहा कि स्कूली छात्र इसके खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए अपनी कक्षाओं का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस लक्षद्वीप प्रशासन द्वारा द्वीपसमूह में शराब की दुकानें खोलने की अनुमति देने के कदम के खिलाफ अपने विरोध प्रदर्शन को तेज करेगी।



श्रीनगर में तिरंगा यात्रा में भाग लेते स्कूली छात्र

# यश-शुभ के खेल से भारत ने सीरीज बराबर की

● चौथा टी-20

## मुकाबला वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराया



भाषा। लॉडरहिल

**भारतीय** टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शनिवार को यहां वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। भारत ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट पर 178 रन पर रोकने के बाद 17 ओवर में एक विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने नाबाद 84 और शुभमन गिल ने 77 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी की। शिमरोन हेटमायर की 39 गेंद में 61 रन की पारी के दम पर वेस्टइंडीज ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रहने के बाद भी भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 178 रन बनाए। भारतीय टीम श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ रही है। बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर अर्शदीप सिंह (38 रन पर तीन विकेट) और कुलदीप यादव (26 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन को अच्छा कहा जा सकता है। अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल और मुकेश कुमार को भी एक-एक सफलता मिली। हेटमायर ने 39 गेंद की पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाने के अलावा पांचवें विकेट के लिए शाई होप के साथ 49 रन की साझेदारी की। होप ने 29 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 45 रन बनाए।कप्तान हार्दिक पंड्या ने पहले क्षेत्ररक्षण का न्योता मिलने के बाद गेंद अक्षर को थमाई और काइल मायर्स ने उनके खिलाफ छक्का और चौका जड़ दिया। अर्शदीप ने दूसरे ओवर में हालांकि चौका खाने के बाद विकेटकीपर सैमसन के हाथों मायर्स की सात गेंद में 17 रन की पारी को खत्म किया। ब्रेंडन किंग (18) ने चौथे ओवर में पहला तो वहीं होप ने पांचवें ओवर में अक्षर के खिलाफ छक्का जड़ पावर प्ले में स्पिनरों के इस्तेमाल को नाकाम किया।पावरप्ले के आखिरी ओवर में किंग ने अर्शदीप की गेंद को दर्शकों के पास भेजकर टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगली गेंद पर इस गेंदबाज ने उन्हें पवेलियन की राह दिखा दी। क्रीज पर निकोलस पूरन (एक रन) थे और पंड्या ने सातवें ओवर में गेंद कुलदीप को थमाई। इस गेंदबाज ने टीम को दो बड़ी सफलता दिलाई। उनकी पहली ही गेंद पर निकोलस पूरन लांगऑन पर खड़े सूर्यकुमार यादव के हाथों लपके गए। कुलदीप ने लगातार दूसरी बार पूरन को आउट किया। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर कप्तान रोवमैन पोवेल (एक रन) इस वामहस्त स्पिनर की गुगली पढ़ने में नाकाम रहे और स्लिप में खड़े शुभमन गिल को कैच दे बैठे। इन विकेटों का हालांकि होप पर कोई असर नहीं पड़ा। उन्होंने 10वें ओवर में चहल का स्वागत चौके और छक्के से किया तो वहीं 11वें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए हार्दिक की शुरुआती दो गेंदों पर हेटमायर ने छक्का और चौका जड़ दिया। वेस्टइंडीज से इस ओवर में 14 रन बटोर कर रनों का सैकड़ा पूरा किया।चहल ने मैच के अपने चौथा और आखिरी ओवर किफायती डालते हुए होप को आउट कर हेटमायर के साथ उनकी साझेदारी का अर्धशतक पूरा करने से रोक दिया।अक्षर ने मैच के 15वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड (नौ रन) से छक्का खाने के बाद इस बल्लेबाज को पवेलियन की राह दिखाई तो वही अगले ओवर में मुकेश कुमार ने जेसन होल्डर (तीन रन) की पारी पर विराम लगाया।

**स्कोरबोर्ड**

**वेस्टइंडीज पारीः**मायर्स का सैमसन बो अर्शदीप 17,किंग का कुलदीप बो अर्शदीप 18,होप का अक्षर बो चहल 45, पूरनका सूर्यकुमा बो कुलदीप 01, पोवेलका गिल बो कुलदीप 01, हेटमायर का तिलक बो अर्शदीप 61,शेफर्डका सैमसन बो अक्षर 09,होल्डर बो मुकेश 03, स्मिथनाबाद 15,हुसैननाबाद 05,**अतिरिक्तः** (नोबॉलः 01, वाइडः 02) 03,**कुल योगः** 20 ओवर में आठ विकेट पर 178 रन,**विकेट पतनः**1-19, 2-54, 3-55, 4-57, 5-106, 6-118, 7-123, 8-167,**गेंदबाजीः**अक्षर4-0-39-1,अर्शदीप 4-0-38-3,चहल 4-0-36-1,कुलदीप 4-0-26-2,पंड्या1-0-14-0,मुकेश 3-0-25-1

**भारत पारीः**यशस्वी नाबाद 84, गिल का होप बो शेपर्ड 77,तिलक नाबाद 01,**अतिरिक्त** : (लेग बाई 05, नोबॉल :01, वाइडः 05)11,**कुल योग** : 17 ओवर में एक विकेट पर 179 रन,**विकेट पतनः**1-165 ,**गेंदबाजीः**मैकॉय 3-0-22-0,हुसैन 4-0-31-0,होल्डर 4-0-33-0,शेफर्ड 3-0-35-1, स्मिथ2-0-30-0,पोवेल1-0-13-0

# मुकेश जिस तरह से प्रगति कर रहा है, उससे बहुत खुश हूं: भारतीय गेंदबाजी कोच

●तीनों प्रारूपों में भारत के लिए खेलने की काबिलियत दिखाई



भाषा। लॉडरहिल (फ्लोरिडा)

**भारतीय** गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने सभी तीनों प्रारूपों में भारत के लिए खेलने की काबिलियत दिखाई है जिससे उनके कार्यभार का प्रबंधन इसके अनुसार ही किया जाएगा। वेस्टइंडीज के दौरे पर इस तेज गेंदबाज को सभी तीनों प्रारूपों में पदार्पण का मौका मिला। फ्लोरिडा में चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले म्हाम्ब्रे ने मुकेश की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। म्हाम्ब्रे ने शुक्रवार को कहा, वह जिस तरह से प्रगति कर रहा है, उससे बहुत खुश हूं। उसकी सोच, हमने उससे जो चर्चा की थी और खेल के प्रति उसका रवैया बहुत ही शानदार है। उन्होंने कहा, आपको ऐसे ही खिलाड़ी की जरूरत है जो यहां एक दौरे पर आए, कड़ी प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ अलग से विकेट पर खेले जो कभी भी आसान नहीं होता। लेकिन उसने जिस तरह की गेंदबाजी की है और जो जज्बा दिखाया है, उससे हम काफी खुश हैं। म्हाम्ब्रे ने कहा, हम जानते हैं कि वह सभी तीनों प्रारूपों में खेलने की काबिलियत रखता है, लेकिन हमें उसके कार्यभार प्रबंधन में काफी स्मार्ट होना होगा। उसने काफी घरेलू क्रिकेट खेला है और अपनी गेंदबाजी में निखार किया। कैरेबियाई सरजमीं की धीमी विकेट की तुलना करते हुए गेंदबाजी कोच को अमेरिका की पिच के बल्लेबाजों के मददगार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, यह थोड़ी अलग है, यहां की मिट्टी काली है जैसी भारत के उत्तरी हिस्से की होती है। यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होने वाला है। गेंद सीधे बल्ले पर आएगी। हमने नेट में यही देखा था। लगता है कि यह बड़े स्कोर वाला मैच होगा। भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला में अब भी वेस्टइंडीज से 1-2 से पिछड़ रही है लेकिन म्हाम्ब्रे को टीम की वापसी का पूरा भरोसा है।

## लाहिड़ी संयुक्त 32वें स्थान पर

**बेडमिंस्टर (न्यूजर्सी)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी यहां लिव गोल्फ बेडमिंस्टर टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेलकर संयुक्त 32वें स्थान पर चल रहे है। लिव गोल्फ सर्किट मे खेल रहे एकमात्र भारतीय गोल्फर ने दो बर्डी लगाई जबकि तीन बोगी और एक डबल बोगी कर दी। आस्ट्रेलिया के कैमरन स्मिथ पांच अंडर 66 के कार्ड से एक स्ट्रोक की बढ़त बनाए है।

## अदिति नौवे और दीक्षा 47वें स्थान पर

**लंदन।** भारतीय महिला गोल्फ में पहली बार देश की दो खिलाड़ियों ने किसी मेजर टूर्नामेंट में कट हासिल किया जिसमें अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने बैक नाइन में शानदार खेल के बूते वाल्टन हीथ में महिला ओपन के तीसरे दौर में जगह बनाई। अदिति ने बैक नाइन में तीन अंडर और दीक्षा ने दो अंडर का स्कोर बनाकर कट हासिल किया। अदिति (72-69) संयुक्त नौवें स्थान पर चल रही है जिससे वह महिला ओपन में अपने सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 22वें स्थान में सुधार करना चाहेंगी। दीक्षा ने मेजर टूर्नामेंट में पहला कट हासिल किया, वह संयुक्त 47वें स्थान पर चल रही है। भारतीय गोल्फ में यह दूसरा मौका है जब दो खिलाड़ियों ने किसी मेजर प्रतियोगिता में कट हासिल किया हो। वर्ष 2012 मे जीव मिल्खा सिंह और अनिर्बान लाहिड़ी ने ब्रिटिश ओपन में कट मे जगह बनाई थी।

## टॉमी और एलेक्स टोरंटो सेमीफाइनल में

**टोरंटो।** अमेरिका के टॉमी पॉल ने शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी और विम्बलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज को और आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डि मिनॉर ने दूसरे वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।पॉल ने 20 वर्षीय स्पेनिश स्टार अल्काराज को 6-3, 4-6, 6-3 से शिकस्त दी जबकि डि मिनॉर ने मेदवेदेव को 7-6 (7), 7-5 से पराजित किया। पॉल का सामना सातवें वरीय यानिक सिनर और फ्रांस के गेल मोंफिल्स के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। वही डि मिनॉर की भिड़ंत स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगी जिन्होंने अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनल्ड को शुरुआती क्वार्टरफाइनल में 6-4, 6-2 से शिकस्त दी।

# जापान ने दक्षिण कोरिया को 5-3 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया

● एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हाकी



भाषा। चेन्नई

**जापान** ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए शनिवार को यहां गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 5-3 से पराजित करके एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। जापान की तरफ सेरयोमा ओका (तीसरे), रयोसी काटो (नौवें), केंटारो फुकुदा (28वें), शोता यामादा (53वें) और केन नागायोशी (58वें) ने गोल दागे जबकि कोरिया के लिए जोंगह्युन जांग (15वें और 33वें) और चेओलियन पार्क (26वें) ने गोल किए। तीसरे स्थान के प्लेऑफ मैच में जापान ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया और पहले नौ मिनट में दो गोल करके अपना दबदबा बना दिया। उसने पहले चार गोल मैदानी गोल किए जबकि नागायोशी ने आखिरी क्षणों में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। दक्षिण कोरिया ने हालांकि जोंगह्युन जांग के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए दो गोल की मदद से अच्छी वापसी की। जापान मध्यांतर तक 3-2 से आगे था लेकिन जोंगह्युन जांग मैं 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया था। अगले 20 मिनट तक स्कोर बराबर रहा लेकिन जापान ने इसके बाद पांच मिनट के अंदर दो गोल करके अपना तीसरा स्थान सुनिश्चित किया।

# मेस्सी ने गोल किया, इंटर मियामी सेमीफाइनल में

भाषा। फोर्ट लॉडरडेल

**इंटर मियामी** ने लीग्स कप क्वार्टरफाइनल में चार्लोट को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिसमें लियोनल मेस्सी ने अपने नए क्लब के लिए 86वें मिनट में गोल दागा। पिछले साल अर्जेंटीना को विश्व कप खिताब दिलाने वाले सात बार के बैलन डिओर मेस्सी का यह अपने नए क्लब के लिए पांच मैचों में आठवां गोल था। मेस्सी ने मियामी के अपने सभी पांच मैचों में गोल किए हैं। जोसेफ मार्टिनेज ने 12वें और रोबर्ट टेलर ने 32वें मिनट में गोल किए। क्लब के लिए एडिल्सन मलांडा ने 78वें मिनट में आत्मघाती गोल किया। अब सेमीफाइनल में इंटर मियामी का सामना मेक्सिको के क्लब क्वूरेटारो से होगा जिन्होंने फिलेडेल्फिया यूनियन को 2-1 से हराया।



## पुजारा ने एक और शतक जड़ा, ससेक्स ने समरसेट को हराया



**टांटन।** चेतेश्वर पुजारा का इंग्लैड काउंटी में शानदार प्रदर्शन जारी है जिन्होने लिस्ट ए के तीन मैचो में दूसरा शतक जड़कर ससेक्स को एकदिवसीय कप मैच में समरसेट पर चार विकेट की आसान जीत दिलाने मे मदद की। पुजारा ने 113 गेंद में 11 चौके जड़ति नाबाद 117 रन की पारी खेली जिससे शुक्रवार को ससेक्स ने 11 गेंद रहते 319 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि पुजारा के शतक से ससेक्स के ग्रुप तालिका मे स्थान पर कोई बदलाव नही हुआ जिसमे वह ग्रुप बी में नौ टीमो मे निचले स्थान पर बरकरार है। यह ससेक्स की इस साल की प्रतियोगिता मे पहली जीत थी। पुजारा भारत के लिए अंतिम बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मे खेले थे लेकिन इसके बाद वेस्टइंडीज दौरे के लिए उन्हे टीम मे जगह नही दी गई। वह ससेक्स के लिए पिछले दो काउंटी सत्र के ज्यादातर हिस्से में सर्वश्रेष्ठ फॉर्म मे थे जिसमें उन्होंने प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए मैच दोनों मे रन जुटाए थे। बल्कि वह दलीप ट्राफी मे पश्चिम क्षेत्र के लिए खेलने के बाद ससेक्स के बचे हुए सत्र में क्लब से जुड़े। पुजारा का लिस्ट ए के 121 मैचों में 58.48 का शानदार औसत है और शुक्रवार को 50 ओवर के प्रारूप में यह उनका 16वां शतक था। समरसेट ने एंड्रयू उम्मीद (119 रन) और कर्टिस कैम्फर (101 रन) ने 163 रन की साझेदारी से 50 ओवर मे छह विकेट पर 318 रन का स्कोर खड़ा किया। फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी ससेक्स के लिए पुजारा ने टॉम अलसोप (60 रन) के साथ 88 रन की भागीदारी निभाई। फिर कुछ और संक्षिप्त साझेदारियों से ससेक्स ने आराम से लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच से पहले पुजारा ने ससेक्स के लिए 23, नाबाद 106 और 56 रन की पारियां खेली।

## एशिया कप के लिए सलामी बल्लेबाज तंजिद हसन बांग्लादेश टीम में

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शनिवार को एशिया कप के लिए 17 सदस्ईय टीम की घोषणा की जिसमें सलामी बल्लेबाज तंजिद हसन को पहली बार राष्ट्रीय टीम मे शामिल किया गया। तमीम इक्बाल पीठ की चोट के कारण एशिया कप से बाहर हो गए है जिससे टीम का पारी की शुरुआत करने वाला एक स्थान खाली हो गया। ीसीबी मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल अबेदीन ने कहा, तंजिद पिछले कुछ वर्षो से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और हाल मे एमर्जिंग एशिया कप मे उसने शानदार खेल दिखाया। मार्च मे इंग्लैड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के बाद टीम से बाहर किए गए अनुभवी महमूदुल्लाह की फिटनेस शिविर मे बुलाए जाने के बावजूद अनदेखी की गई। एशिया कप 30 अगस्त से शुरु होगा जिसमे बांग्लादेश को ग्रुप बी मे रखा गया है जो 31 अगस्त को पहला मैच सह मेजबान श्रीलंका के खिलाफ कैंडी में खेलेगा। दूसरे मैच में तीन सितंबर को बांग्लादेश की भिड़ंत पाकिस्तान से होगी।

बांग्लादेश टीम : शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, तंजिद हसन, नजमुल हुसैन शांटो, तौहिद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज, तास्किन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, शेख मेहदी, नासुम अहमद, शमीम हुसैन, नईम शेख। स्टैंडबाय : ताइजुल इस्लाम, सैफ हसन, तंजिम हसन साकिब।

# पेगुला ने मांट्रियल क्वार्टरफाइनल में युगल जोड़ीदार गॉफ को हराया



भाषा। मांट्रियल

**अमेरिकी खिलाड़ी** जेसिका पेगुला ने शुक्रवार को हमवतन और अपनी युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को 6-2, 5-7, 7-5 से हराकर लगातार तीसरे साल नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कजाखस्तान की एलिना रिबाकिना ने शनिवार सुबह तक चले क्वार्टरफाइनल में रूस की दारिया कसातकिना को 5-7, 7-5, 7-6 (8) से शिकस्त दी। रिबाकिना का सामना रूस की 15वीं वरीय लियूडमिला सामसोनोवा से होगा जिन्होंने स्विट्जरलैंड की 12वीं वरीय बेलिंडा बेनसिच को 6-4, 6-4 से हराया। पेगुला और गॉफ की जोड़ी ने शुक्रवार को अपने युगल मैच से हटने का फैसला किया था जिससे जापान की शुको ओयामा और इना शिबाहारा की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई थी। पेगुला का सामना अब सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक से होगा। पोलैंड की स्वियातेक ने अमेरिकी क्वालीफायर डेनियल कोलिंस को 6-3, 4-6. 6-2 से शिकस्त दी।

# कोलंबिया को हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में



● महिला विश्व कप फुटबाल

भाषा। सिडनी

**एलिसिया** रूसो के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से इंग्लैंड ने शुरू में पिछड़ने के बाद वापसी करके शनिवार को यहां कोलंबिया को 2-1 से हराकर महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। लीसी सांतोस ने पहले हाफ में कोलंबिया को बढ़त दिला दी थी। ऐसे में लॉरेन हेंप ने मध्यांतर से ठीक पहले गोल करके इंग्लैंड को बराबरी दिलाई। आर्सेनल की तरफ से खेलने वाली स्ट्राइकर एलिसिया ने 63वें मिनट में गोल दागा जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इंग्लैंड इस तरह से लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा जहां उसका सामना बुधवार को सिडनी में सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराया। इंग्लैंड 2015 में सेमीफाइनल में जापान और 2019 में अमेरिका से हार गया था। इस बार हालांकि खिताब के प्रबल दावेदार अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस और जापान पहले ही बाहर हो चुके हैं जिससे इंग्लैंड के पास पहली बार महिला विश्व कप जीतने का मौका है।

## ऑस्ट्रेलिया फ्रांस को हराकर पहली बार सेमीफाइनल में

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहा पेनल्टी शूटआउट मे फ्रांस को हराकर पहली बार महिला विश्वकप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। दोनो टीमे निर्धारित समय और अतिरिक्त समय तक गोल रहित बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। कॉर्टनी वाइन ने दसवी पेनल्टी को गोल मे बदलकर ऑस्ट्रेलिया को क्वार्टर फाइनल के इस रोमांचक मैच मे शूटआउट मे 7-6 से जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया शूटआउट मे दो बार जीत दर्ज करने से चूक गया था लेकिन आखिर मे वह मेजबान देश के साथ जुड़े मिथक को तोड़ने में सफल रहा। अमेरिका के बाद आस्ट्रेलिया केवल दूसरी मेजबान टीम है जो महिला विश्वकप मे क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने मे सफल रही।

## विराट कोहली ने सोशल मीडिया पर अपनी कमाई की खबरों का खंडन किया



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को सोशल मीडिया पर छा रही उन खबरो का खंडन किया जिसमे दावा किया कि उन्हे इंस्टाग्राम के जरिए प्रतएक प्रायोजित पोस्ट के लिए 11.4 करोड़ रुपए की अकल्पनीय कमाई हुई। इंस्टाग्राम के शेड्यूलिंग टूल होपर एचक्यू मे टैग इंस्टग्राम रिच लिस्ट 2023 की खबर के अनुसार कोहली की मेटा मंच पर प्रतएक पोस्ट की कमाई 11 करोड़ रुपए से ऊपर की है जिसे पूर्व भारतीय कप्तान ने गलत ठहराया। कोहली ने अपने ट्विटर हैडल पर लिखा, मैने जीवन मे जो कुछ हासिल किया है, उसके प्रति आभारी और शुक्रगुजार हूं लेकिन सोशल मीडिया से मेरी कमाई की जो खबर इतनी छाई हुई है, वह सच नही है। कोहली के साथ बालीवुड स्टार प्रियंका चोपड़ा का नाम भी होपर सूची मे है, जिसमे फुटबॉल सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो (प्रतएक पोस्ट करीब 26 करोड़ रुपए) और लियोनल मेस्सी (प्रतएक पोस्ट करीब 21 करोड़ रुपए) शीर्ष पर है। कोहली के इंस्टाग्राम पर 256 मिलियन (25.6 करोड़) फॉलोअर्स है और वह सूची मे 14वे और चोपड़ा 29वें स्थान पर है। कोहली को इससे पहले 2019 और 2021 मे इस इंस्टा रिच सूची मे शामिल किया गया था। वह 2021 मे 23वे स्थान पर थे जबकि इससे दो साल पहले कोहली के हैडल को वर्ष का सर्वाधिक व्यस्त खाता यानी मोस्ट एंगेज्ड अकाउंट ऑफ द ईयर माना गया था।

● डूरंड कप फुटबाल

# ईस्ट बंगाल ने 1658 दिनों के बाद मोहन बागान को हराया



भाषा। कोलकाता

**अनुभवी** नंदकुमार शेकर ने अपने फुटबॉल करियर का सबसे अहम गोल किया जिससे ईस्ट बंगाल ने चिर-प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान के खिलाफ को शनिवार को यहां 1658 दिनों के बाद 1-0 से जीत दर्ज की। डूरंड कप में कोलकाता डर्बी के इस मैच का इकलौता गोल 60वें मिनट में हुआ। ईस्ट बंगाल की इस जीत ने ग्रुप ए से नॉकआउट चरण के क्वालीफिकेशन को रोमांचक बना दिया है। मोहन बागान के नाम तीन मैचों में छह अंक है जबकि ईस्ट बंगाल के दो मैचों में चार अंक है। ईस्ट बंगाल को बुधवार को पंजाब एफसी के खिलाफ खेलना है। टीम के पास इस मैच को जीतकर क्वार्टर फाइनल में सीधे पहुंचने का मौका होगा। बेंगलुरु एफसी के इंडियन सुपर लीग विजेता कोच कार्ल्स कुआड्राट की देखरेख में ईस्ट बंगाल के खेल में मैच की शुरुआत से ही पैनापन दिखा। लगभग 50,000 दर्शकों की मौजूदगी में ओडिशा एफसी के पूर्व मिडफील्डर सेकर ने दाहिने फ्लैंक से शाउल क्रेस्पो की मदद का फायदा उठाते हुए मोहन बागान के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अनिरुद्ध थापा को चतुराई से छकाने के बाद गोलकीपर विशाल कैथ को चकमा देकर गोल किया। इस 27 साल के खिलाड़ी की गोल से ईस्ट बंगाल ने आईएसएल चैंपियन मोहन बागान का चार साल और छह महीने से अधिक समय तक चला दबदबा खत्म किया। ईस्ट बंगाल ने इससे पहले 27 जनवरी, 2019 को मोहन बागान को हराया था। टीम ने आई-लीग के उस मैच को 2-0 से जीता था। इसके बाद मोहन बागान ने सभी प्रतियोगिताओं में लगातार आठ मुकाबलों में जीत हासिल की जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। मोहन बागान के लिए यह हार एक बड़ा झटका है क्योंकि टीम को चार दिन बाद साल्ट लेक के इसी मैदान पर नेपाल की टीम के खिलाफ अपने एएफसी कप अभियान की शुरुआत करनी है।

## नार्थईस्ट यूनाइटेड ने गोवा को बराबरी पर रोका

**गुवाहाटी।** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने डिफेंडर संदेश झिंगन के आत्मघाती गोल की मदद से शनिवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल में एफसी गोवा को 2-2 से बराबरी पर रोका। मानवीर सिंह ने गोवा के गोलकीपर धीरज सिंह की गलती का फायदा उठाते हुए मैच के 24वे मिनट में नॉर्थईस्ट का खाता खोला। पहले हाफ के इंजुरी टाइम में रोवलिन बोर्गेस ने गोवा के लिए पहला गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। मैच के दूसरे हाफ में खेल शुरू होने के सातवें (मैच का 52वां मिनट) में झिंगन के आत्मघाती गोल ने नॉर्थईस्ट को बढ़त दिला दी लेकिन मोहम्मद इरशाद के फाउल पर गोवा को पेनल्टी मिली। नोआ सदाउई ने इसे गोल मे बदलने में कोई गलती नही की जिससे स्कोर 2-2 से बराबर हो गया। दोनों टीमों ने ग्रुप चरण में दो-दो मैच खेले है और उनके नाम एक समान चार अंक है। गोल अंतर के आधार पर एफसी गोवा शीर्ष स्थान पर है।

# एशियाड के लिए सीनियर महिला हॉकी संभावित खिलाड़ियों में रानी की अनदेखी

भाषा। बेंगलुरु

**हॉकी** इंडिया द्वारा दो दिन पहले भारतीय अंडर-17 महिला टीम की कोच नियुक्त की गई पूर्व कप्तान रानी रामपाल को 23 सितंबर से शुरू होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए 34 सदस्ईय संभावित खिलाड़ियों में शामिल नहीं किया गया। रानी ने गुरुवार को राष्ट्रीय मुख्य कोच यानेक शॉपमैन की आलोचना करते हुए अपने अच्छे प्रदर्शन के बावजूद अनदेखी किए जाने के लिए जवाब मांगा था। रानी ने हॉकी इंडिया द्वारा पेश किए गए जूनियर टीम के इस पद को स्वीकार कर लिया और साथ ही उन्होंने प्रतिस्पर्धी खेलों से अभी संन्यास नहीं लेने की बात कही। उन्होंने हॉकी इंडिया के इस कार्यक्रम में कहा था, मैं संन्यास नहीं ले रही क्योंकि मैं जानती हूं कि मेरे अंदर बतौर खिलाड़ी अभी खेल को देने के लिए काफी कुछ है। मेरे अंदर हार नहीं मानने का जज्बा भरा हुआ है। अगर मुझे करना होता तो मैं ओलंपिक के बाद ही ऐसा कर लेती। शॉपमैन ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, हमने हाल की प्रतियोगिताओं में दिखाया कि बतौर टीम आगे बढ़ रहे हैं और लगातार सीख रहे हैं। हमारे लिए आगामी शिविर बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए तैयारी कर रहे हैं जो पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करने का रास्ता बन सकते हैं। हम शिविर में उन चीजों पर ध्यान लगाएंगे जिसमें हमें अब भी सुधार की जरूरत है और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान लगाएंगे कि सभी खिलाड़ी उसी तरह की हॉकी खेलने में सहज हैं जो हम खेलना चाहते हैं।



**संभावित खिलाड़ी** : गोलकीपरः सविता, रजनी एतिमारपू, बीचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी। डिफेंडरः दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी। मिडफील्डरः निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरांबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, अजमीना कुजूर। फॉरवर्डः लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो, ब्यूटी डुंगडुंग।